

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0:

दैनिक

समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 5 अंक: 49 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 29 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

'हनुमान अंश' IFFI 2026 के इंडियन पैनोरमा में प्रदर्शित

समाज जागरण गोवा:57वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 के इंडियन पैनोरमा खंड में निर्देशक डॉ. विशाल चतुर्वेदी की फिल्म 'हनुमान अंश' का प्रदर्शन किया गया। फिल्म उत्तर प्रदेश के एक गांव में जन्मे लक्ष्मीनारायण की आध्यात्मिक यात्रा, जीवन-मृत्यु और मानवीय पीड़ा को समझने की जिज्ञासा पर आधारित है। शनिवार को पीआईबी की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में निर्देशक ने बताया कि फिल्म को सीमित बजट में सादगीपूर्ण अंदाज में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि फिल्म का उद्देश्य दर्शकों को आत्मचिंतन और जीवन के सरल समाधानों की ओर प्रेरित करना है।




परिसीमन से यूपी में बढ़ेगा प्रतिनिधित्व, महिलाओं को मिलेगा अब तक का सबसे बड़ा अवसर: अमित शाह

विधानसभा सीटों की अधिकतम सीमा 500 से बढ़ा कर 650 करने का प्रस्ताव, महिला आरक्षण से मजबूत होगी नारी शक्ति की भागीदारी

समाज जागरण

नई दिल्ली:परिसीमन और महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट से 132वें संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जनप्रतिनिधित्व बढ़ाने और शासन को जनता के करीब लाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन से उत्तर प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ सकेगी और महिलाओं को अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलने का रास्ता खुलेगा।

अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि संविधान के अनुच्छेद 170(1) में संशोधन कर राज्य विधानसभाओं की सीटों की अधिकतम सीमा 500 से बढ़ाकर लगभग 650 करने का प्रस्ताव है। इससे उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ने के साथ स्थानीय समस्याओं और क्षेत्रीय जरूरतों को सदन में अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा।



गृह मंत्री ने कहा कि अधिक जनप्रतिनिधि होने से क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाने और विकास को गति देने में मदद मिलेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों से विधेयक का स्वागत और समर्थन करने की अपील की।

महिला आरक्षण पर प्रधानमंत्री का दृढ़ संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिला आरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार नारी शक्ति से किए गए वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा।

प्रस्तावित बदलावों के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ाने तथा 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का प्रस्ताव है। सरकार का कहना है कि इससे लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में अधिक अवसर मिलेगा।

काशी-तमिल की सांस्कृतिक एकता को मिला नया आयाम, 50 भाषाओं में तिरुक्कुरल का विमोचन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने काशी तमिल संगमम के पांचवें संस्करण का किया उद्घाटन, बोले- भारत की एकता का मजबूत आधार है साझा सभ्यतागत विरासत

समाज जागरण वाराणसी

काशी और तमिलनाडु के हजारों वर्ष पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को नई ऊंचाई देते हुए उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को वाराणसी में काशी तमिल संगमम के पांचवें संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने महान तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर की अमर कृति तिरुक्कुरल के 50 भाषाओं में अनूदित संस्करणों का विमोचन किया। इनमें 10 विदेशी भाषाएं भी शामिल हैं। तिरुक्कुरल को इतनी व्यापक भाषाई पहुंच मिलना तमिल साहित्य की वैश्विक प्रतिष्ठा और उसकी सार्वभौमिक शिक्षाओं का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि काशी और तमिलनाडु के बीच संबंध केवल भौगोलिक या सांस्कृतिक नहीं, बल्कि गहरे सभ्यतागत और आध्यात्मिक जुड़ाव पर आधारित हैं। हजारों वर्षों से काशी तमिल समाज के हृदय में विशेष स्थान रखती है। तमिल लोगों के लिए काशी की यात्रा करना और बाबा विश्वनाथ के दर्शन करना एक अत्यंत प्रिय आध्यात्मिक आकांक्षा रही है।



उन्होंने कहा कि भारत भाषाई, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विविधताओं से समृद्ध देश है, लेकिन इन विविधताओं के बीच एक साझा सभ्यतागत चेतना और आध्यात्मिक भावना सदैव देश को एक सूत्र में बांधे रखती है। इसी भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी तमिल संगमम की शुरूआत हुई। आज यह आयोजन केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण आंदोलन बन चुका है।

तिरुक्कुरल की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

काशी तमिल संगमम के इस संस्करण का विषय "तिरुक्कुरल पयिलवोम – तिरुक्कुरल का अभ्यास करें" रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य तिरुक्कुरल में निहित जीवन मूल्यों, नैतिकता, समानता और मानवतावाद की शिक्षाओं को विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं तक पहुंचाना है।

उपराष्ट्रपति ने तिरुक्कुरल को जीवन का सार्वभौमिक मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि इसकी शिक्षाएं किसी एक भाषा, क्षेत्र या राष्ट्र तक सीमित नहीं हैं। यह मानव जीवन को बेहतर बनाने, नैतिक आचरण अपनाने और समाज में समानता की भावना विकसित करने का संदेश देती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे तिरुक्कुरल का अध्ययन करें और इसके आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं।

काशी तमिल संगमम के माध्यम से एक बार फिर यह संदेश दिया गया कि भारत की विविध भाषाएं और संस्कृतियां अलग-अलग पहचान रखते हुए भी एक साझा राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा हैं। काशी और तमिलनाडु के बीच सांस्कृतिक संवाद की यह परंपरा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत करने का माध्यम बन रही है।

13 भाषाओं से 50 भाषाओं तक पहुंचा तिरुक्कुरल

उपराष्ट्रपति ने कहा कि तिरुक्कुरल का 50 भाषाओं में अनुवाद होना तमिल भाषा और साहित्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह महान संत कवि तिरुवल्लुवर की शिक्षाओं की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को भी दशार्ता है। उन्होंने बताया कि काशी तमिल संगमम के पहले संस्करण में तिरुक्कुरल को 13 भाषाओं में प्रकाशित किया गया था, जबकि दूसरे संस्करण में 16 और भाषाओं में इसका अनुवाद किया गया। अब पांचवें संस्करण में यह कृति 50 भाषाओं में उपलब्ध हो गई है। यह तमिल साहित्यिक विरासत को देश-दुनिया के अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

अमेरिका में तूफान का कहर, पूर्वी तट पर भारी तबाही

तेज हवाओं और बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त, डेढ़ लाख से अधिक घरों-दुकानों की बिजली गुल

समाज जागरण संवाददाता

वाशिंगटन। अमेरिका में धन्यवाद पर्व के दौरान पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली तूफान ने कई राज्यों में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं, मूसलाधार वर्षा और बाढ़ के कारण अनेक क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क और वर्जीनिया सहित कई स्थानों पर आपातकाल घोषित करना पड़ा। तूफान के कारण घरों और दुकानों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई, सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और अनेक भवनों को नुकसान पहुंचा।

तूफान के दौरान तेज हवाओं और बढ़ते जलस्तर ने कई नगरों तथा तटीय क्षेत्रों में गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी। अनेक स्थानों पर बाढ़ का पानी सड़कों और आवासीय क्षेत्रों में भर गया।

रूस के कामचटका में 6.7 तीव्रता का भूकंप, धरती कांपने से मची हलचल

येलिजोवो के उत्तर-पश्चिम में था भूकंप का केंद्र, तत्काल जनहानि की सूचना नहीं

समाज जागरण

मॉस्को: रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र कामचटका प्रायद्वीप में शनिवार शाम 6.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप भारतीय समयानुसार शाम करीब 6 बजकर 45 मिनट पर दर्ज किया गया। इसका केंद्र कामचटका के येलिजोवो नगर से लगभग 62 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पश्चिम में बताया गया है।

भूकंप का केंद्र जमीन के भीतर काफी गहराई में होने के कारण इसके प्रभाव का आकलन किया जा रहा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भी भूकंप की तीव्रता 6.7 बताई है। हालांकि, भूकंप की गहराई को लेकर दोनों संस्थाओं के आंकड़ों में थोड़ा अंतर है। कामचटका प्रशांत महासागर के उस भूकंप-सक्रिय क्षेत्र में स्थित है, जिसे ह्यअग्नि वलयह्ण कहा जाता है। इस क्षेत्र में पृथ्वी की सतह के नीचे स्थित भूखंडों की हलचल के कारण अक्सर भूकंप आते रहते हैं। राहत की बात यह है कि भूकंप के बाद तत्काल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार, इस भूकंप से सुनामी का खतरा भी नहीं है।



दीपथून स्तंभ पर प्रज्वलित हुआ कार्तिगई दीपम, महादीपम के रहस्य और भगवान मुरुगन के विवाह की मान्यता चर्चा में

समाज जागरण

तमिलनाडु: प्रसिद्ध दीपथून स्तंभ पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पवित्र महादीपम प्रज्वलित किया गया, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने दीप जलाकर विशेष पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्तिगई दीपम दक्षिण भारत का प्रमुख प्रकाश पर्व है, जो भगवान शिव के अनंत ज्योति स्वरूप की स्मृति में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, महादीपम उस दिव्य अग्नि का प्रतीक है, जिसके माध्यम से भगवान शिव ने अपने अनंत स्वरूप का दर्शन कराया था।



इस पर्व के साथ भगवान मुरुगन की जन्मकथा और उनके विवाह से जुड़ी पौराणिक मान्यताएं भी विशेष महत्व रखती हैं। भगवान मुरुगन को देवसेना और वल्ली का पति माना जाता है। उनके विवाह की कथाएं भक्ति, प्रेम और आध्यात्मिक समर्पण का संदेश देती हैं।

दीपथून स्तंभ पर प्रज्वलित महादीपम ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर कर दिया।

पर्व के दौरान मंदिर परिसर में दीपों की रोशनी और भक्तों की श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

केली गांव में फूटी नर्मदा-माही परियोजना की पाइपलाइन

सैकड़ों फीट ऊंचा उठा पानी का फव्वारा, हजारों गैलन पानी बहा; कुछ दिन पहले ही हुआ था परियोजना का लोकार्पण

समाज जागरण संवाददाता

धार। मध्य प्रदेश के धार जिले के केली गांव में नर्मदा-माही लिंक परियोजना की पाइपलाइन अचानक फटने से इलाके में हड़कंप मच गया।

पाइपलाइन से पानी का दबाव इतना तेज था कि पानी का फव्वारा सैकड़ों फीट ऊंचाई तक उठ गया। दूर-दूर से दिखाई देने वाला पानी का यह फव्वारा कुछ समय के लिए झरने जैसा नजारा प्रस्तुत करता रहा। पाइपलाइन फटने से हजारों गैलन पानी बहकर बर्बाद हो गया।

बताया जा रहा है कि पाइपलाइन का वेल्डिंग जोड़ निकल जाने के कारण पानी तेज दबाव के साथ बाहर निकलने लगा। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खेतों तक पहुंचने से पहले ही बड़ी मात्रा में पानी बह जाने से परियोजना को लेकर किसानों की उम्मीदों और चिंता के बीच सवाल खड़े हो गए हैं।

चिकन नेक के पास रेलवे का बड़ा कमाल, 5.3 किलोमीटर लंबी सुरंग आर-पार

शिवोक-रंगपो रेल परियोजना की सभी 14 सुरंगों की खुदाई पूरी, पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ेगा सिक्किम; सामरिक दृष्टि से भी अहम है परियोजना

समाज जागरण नई दिल्ली:भारत ने हिमालय की दुर्गम पहाड़ियों में रेल कनेक्टिविटी के मोर्चे पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी गलियारे यानी 'चिकन नेक' के नजदीक निमार्णाधीन शिवोक-रंगपो रेल परियोजना की सबसे लंबी 5.3 किलोमीटर की सुरंग संख्या-10 की खुदाई पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही परियोजना की सभी 14 सुरंगों की खुदाई का काम पूरा हो गया है। यह रेल परियोजना सिक्किम को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

रेल मंत्रालय के अनुसार, 27 नवंबर को सुरंग संख्या-10 में आर-पार खुदाई की सफलता हासिल की गई। इस सुरंग का निर्माण दोनों छोरों से किया जा रहा था। इसके अलावा दो संपर्क सुरंगों के माध्यम से भी खुदाई का काम चल रहा था। अब दोनों ओर से काम कर रही निर्माण टीमें आपस में जुड़ गई हैं।

पूर्वोत्तर की सुरक्षा और संपर्क व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

शिवोक-रंगपो रेल परियोजना



सिलीगुड़ी गलियारे के निकट स्थित है। यह गलियारा देश के मुख्य भूभाग को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ऐसे में इस रेल मार्ग का निर्माण यातायात, सामरिक तैयारियों और क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

सिक्किम तक रेल पहुंचने से राज्य की यात्रा और माल परिवहन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। सड़क मार्ग पर निर्भरता कम करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

पहाड़ों के भीतर सुरंगों का चुनौतीपूर्ण निर्माण

हिमालय की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में रेल लाइन का निर्माण इंजीनियरिंग की बड़ी चुनौती माना जाता है। पहाड़ी ढलानों, कठिन भूगर्भीय संरचनाओं और दुर्गम क्षेत्रों के बीच सुरंगों का निर्माण करना आसान नहीं है।

परियोजना की सभी 14 सुरंगों की खुदाई पूरी होना निर्माण कार्य में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हालांकि, सुरंगों की खुदाई पूरी होने के बाद भी रेल लाइन पर परिचालन शुरू करने से पहले पटरी बिछाने, पुलों और अन्य निर्माण कार्यों को पूरा करने तथा आवश्यक परीक्षण और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

शिवोक-रंगपो रेल परियोजना के पूरा होने से सिक्किम देश के रेल मानचित्र पर शामिल हो जाएगा।

यूपी चुनाव से पहले चंद्रशेखर आजाद की बढ़ीं मुश्किलें, एफआईआर पर अदालत का फैसला 23 दिसंबर को


रोहिणी घावरी की शिकायत पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा, सांसद पर गंभीर आरोपों से जुड़ा मामला

समाज जागरण

नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की कानूनी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने डॉ. रोहिणी घावरी की शिकायत पर सुनवाई पूरी करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग संबंधी आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत इस मामले में 23 दिसंबर को फैसला सुनाएगी।

डॉ. रोहिणी घावरी ने सांसद चंद्रशेखर आजाद पर दुष्कर्म सहित गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत से मांग की है कि पुलिस को मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। हालांकि, ये आरोप हैं और इनकी न्यायिक पुष्टि होना अभी बाकी है।



पुलिस की जांच पर भी उठे सवाल

शनिवार, 28 नवंबर को हुई सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गईं। इससे पहले दिल्ली पुलिस की ओर से अदालत को बताया गया था कि शिकायत की जांच जारी है और आवश्यक बैंक संबंधी जानकारी अभी प्राप्त नहीं हो सकी है।

शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जुलाई 2025 में शिकायत दिए जाने के बावजूद जांच में काफी देरी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

अब अदालत के आदेश पर सभी की निगाहें 23 दिसंबर को टिकी हैं। इस फैसले से यह स्पष्ट होगा कि शिकायत के आधार पर सांसद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाएगा या नहीं।

राजस्थान उप प्रधान चुनाव में कांग्रेस का दबदबा, 257 सीटों पर जीत; भाजपा 91 पर सिमटी

दोनों दलों के बीच 166 सीटों का बड़ा अंतर, आरएलपी 34 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर

समाज जागरण

जयपुर: राजस्थान में पंचायत समिति उप प्रधान चुनाव के नतीजों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा को काफी पीछे छोड़ दिया है। प्रदेश की 419 पंचायत समितियों में से 418 के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस ने 257 पंचायत समितियों में उप प्रधान पद पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा के खाते में 91 सीटें आईं। दोनों प्रमुख दलों के बीच जीत का अंतर 166 सीटों का रहा। एक पंचायत समिति का परिणाम अभी बाकी है।

उप प्रधान चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। पार्टी के 34 प्रत्याशी उप प्रधान चुने गए और वह तीसरे स्थान पर रही। वहीं 23 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की।

भारतीय आदिवासी पार्टी के 10 और माकपा के तीन प्रत्याशी उप प्रधान बने। आम आदमी पार्टी को कोई सीट नहीं मिली।

चुनाव परिणामों में कांग्रेस की बढ़त स्पष्ट रूप से सामने आई है। 257 सीटों के साथ कांग्रेस ने भाजपा सहित अन्य दलों को काफी पीछे छोड़ दिया। भाजपा 91 सीटों पर सिमटकर दूसरे स्थान पर रही।

बदलेंगे संसद के आंकड़े, कब बदलेंगे गरीब के हालात?

जश्न सत्ता के विस्तार का, इंतजार रोटी के अधिकार का

संसद बड़ी होगी, क्या गरीब की किस्मत भी बदलेगी?

लोकतंत्र की इमारत में कुर्सियाँ बढ़ाने की तैयारी है, प्रतिनिधियों की संख्या में इजाफा होगा, सत्ता के गलियारों में नए समीकरण बनेंगे और इसे लोकतांत्रिक इतिहास का बड़ा विस्तार बताया जाएगा। लेकिन इस जश्न के बीच एक सवाल ऐसा है, जिसका जवाब किसी राजनीतिक भाषण में सुनाई नहीं देता–जब संसद में बैठने वालों की संख्या बढ़ेगी तो क्या देश के गरीबों की थाली में भी दो निवाले बढ़ेंगे? क्या महंगाई से जूझते परिवारों की रसोई में चूल्हा कुछ अधिक इत्मीनान से जलेगा? क्या भूख, बेरोजगारी और कुपोषण के आंकड़े भी उसी अनुपात में घटेंगे, जिस अनुपात में संसद की सीटें बढ़ाने की तैयारी है? लोकतंत्र की असली परीक्षा सदन में कुर्सियों की गिनती से नहीं, जनता की थाली में भोजन की उपलब्धता से होती है। विडंबना देखिए, सत्ता के लिए सीटों का गणित बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन गरीब के लिए दो वक्त की रोटी का गणित आज भी अनसुलझा है।

परिसीमन का प्रश्न महज निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएं बदलने या संसद का आकार बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह देश के संघीय संतुलन, राज्यों की राजनीतिक हिस्सेदारी और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व की भावी दिशा तय करने वाला विषय है। जनसंख्या के आधार पर सीटों के पुनर्वितरण की आशंका ने उत्तर और दक्षिण भारत के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी की थीं। हाल के प्रस्ताव में सभी राज्यों के लिए समान रूप से करीब 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने और राज्यों के बीच मौजूदा अनुपात को 2051 तक फ्रीज रखने का प्रावधान किया गया है, फिर भी दक्षिणी राज्यों में अपनी सापेक्ष हिस्सेदारी और संघीय संतुलन को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। यह बहस अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पूरे विमर्श में उस नागरिक की आवाज कहीं पीछे छूटती दिखाई देती है, जिसके नाम पर लोकतंत्र की सारी कवायद होती है। वह किसान, जिसे उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता; वह मजदूर, जिसकी मेहनत महंगाई के सामने बेबस है; वह बेरोजगार युवा, जिसके हाथ में डिग्री तो है, लेकिन रोजगार नहीं। आखिर इनकी जिंदगी में परिसीमन कौन-सा बदलाव लाएगा? क्या इनके हिस्से की आर्थिक बदहाली का भी कभी पुनर्निर्धारण होगा?

जनता की थाली का सवाल केवल गेहूं और चावल की उपलब्धता से हल नहीं होता। उसमें दाल की प्रोटीन, सब्जियों का पोषण, खाद्य तेल की जरूरत और बच्चों के लिए दूध भी शामिल है। मगर महंगाई ने रसोई का पूरा अर्थशास्त्र बिगाड़ रखा है। आम परिवार की आय का बड़ा हिस्सा भोजन जुटाने में ही खर्च हो जाता है। मुफ्त राशन की योजनाएं जरूरतमंदों के लिए सहारा अवश्य हैं, लेकिन केवल अनाज बांट देना खाद्य सुरक्षा की संपूर्ण गारंटी नहीं हो सकता। राशन की गुणवत्ता, नियमित आपूर्ति और पोषण की पर्याप्तता भी उतनी ही जरूरी है। जिस घर में दाल खरीदने से पहले जेब टटोलनी पड़े, सब्जी के दाम देखकर मात्रा घटानी पड़े और बच्चों की पौष्टिक खुराक जरूरत के बजाय बजट से तय हो, वहां सरकारी आंकड़ों की चमक कोई राहत नहीं देती। सवाल यह है कि संसद में प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ने के साथ क्या उन नीतियों की संख्या और प्रभावशीलता भी बढ़ेगी, जो आम आदमी की रसोई को महंगाई की मार से बचा सकें?

राजनीति में संख्या का अपना आकर्षण है। अधिक सांसद यानी अधिक प्रतिनिधित्व, अधिक राजनीतिक प्रभाव और नीतिगत निर्णयों में अधिक भागीदारी की संभावना। लेकिन संख्या अपने आप संवेदना में परिवर्तित नहीं होती। सदन में आवाजें बढ़ जाने भर से जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित नहीं हो जाता। देश ने विकास के नाम पर बड़ी-बड़ी परियोजनाएं, चमचमाती सड़कें, ऊंचे पुल और भव्य इमारतें बनते देखी हैं, लेकिन आज भी अनेक गांवों के विद्यालयों की छतें बरसात में टपकती हैं, अस्पतालों में जरूरी दवाओं का अभाव रहता है और युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा है। चुनावों के समय विकास के वादे हर दरवाजे तक पहुंचते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही अनेक बुनियादी समस्याएं फिर फाइलों और घोषणाओं के बीच गुम हो जाती हैं। ऐसे में आम नागरिक का सवाल अस्वाभाविक नहीं है कि जब जनप्रतिनिधियों की कुर्सियां बढ़ेंगी तो क्या उनकी जवाबदेही भी बढ़ेगी? क्या उनकी प्राथमिकताओं में सत्ता का विस्तार पीछे और जनता का सरोकार आगे आएगा?

महिला आरक्षण को इस व्यापक राजनीतिक कवायद से जोड़ना निस्संदेह प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संभावना है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में आवश्यक कदम है। लेकिन इस उपलब्धि का वास्तविक मूल्यांकन केवल महिला सांसदों की संख्या से नहीं होगा। असली कसौटी यह होगी कि सदन तक पहुंचने वाली महिलाएं उन करोड़ों महिलाओं के जीवन में कितना बदलाव ला पाती हैं, जो आज भी आर्थिक निर्भरता, असमान अवसरों, घरेलू जिम्मेदारियों और सामाजिक उपेक्षा से जूझ रही हैं। खेतों में पसीना बहाने वाली महिला किसान, असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली श्रमिक और परिवार का पूरा बोझ उठाने वाली गृहिणी की समस्याएं भी नीति-निर्माण के केंद्र में आनी चाहिए। प्रतिनिधित्व का अर्थ केवल सदन में उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि उन आवाजों को निर्णयों में स्थान देना है, जिन्हें सदियों से हाशिये पर रखा गया है। यदि महिला आरक्षण का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति तक नहीं पहुंचता तो उसका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। संख्या तभी सार्थक होगी, जब वह सामाजिक बदलाव की ताकत बनेगी।

सत्ता का राजनीतिक कैलेंडर भविष्य की बड़ी-बड़ी तारीखों से भरा रहता है। 2029 के चुनाव (जब महिला आरक्षण लागू करने का लक्ष्य है), 2051 तक राज्यों के बीच सीटों के अनुपात पर रोक और आने वाले दशकों की राजनीतिक रूपरेखा–इन सबके बीच गरीब के जीवन का कैलेंडर बिल्कुल अलग चलता है। उसके लिए भविष्य कोई दूर की तारीख नहीं, बल्कि अगली सुबह का राशन, महीने का किराया, बच्चों की फीस और रसोई का खर्च है। उसे यह जानने में दिलचस्पी नहीं कि आने वाले वर्षों में संसद का आकार कितना बड़ा होगा; उसकी चिंता यह है कि अगले महीने उसकी आमदनी से घर कैसे चलेगा। बेरोजगारी, महंगाई और कुपोषण किसी चुनावी कार्यक्रम या संवैधानिक समय-सारिणी की प्रतीक्षा नहीं करते। लोकतंत्र की नीतियां यदि वर्तमान की पीड़ा से आंखें मूंदकर भविष्य की राजनीतिक संरचना गढ़ती रहेंगी तो जनता और व्यवस्था के बीच दूरी बढ़ती जाएगी। संसद की दीवारें ऊंची करने से पहले उन दीवारों के बाहर खड़े लोगों की पुकार सुनना जरूरी है। क्योंकि भरोसा घोषणाओं से नहीं, जीवन में दिखाई देने वाले बदलावों से अर्जित होता है।

भारतीय प्रतिभा का वैश्विक विस्तार या देश के लिए नई चुनौती?

महेन्द्र तिवारी

किसी देश की नागरिकता केवल उसके पासपोर्ट का रंग नहीं होती। वह व्यक्ति के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा, राजनीतिक भागीदारी और भविष्य की संभावनाओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण निर्णय है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की अंतरराष्ट्रीय प्रवासन परिदृश्य 2026 की रिपोर्ट में सामने आए आँकड़े इसी कारण ध्यान आकर्षित करते हैं। इनके अनुसार, 2020 से 2024 के बीच लगभग 9.25 लाख भारतीयों ने संगठन के सदस्य देशों की नागरिकता प्राप्त की। यह संख्या 2015 से 2019 के बीच दर्ज लगभग 6.55 लाख के मुकाबले 41 प्रतिशत से अधिक है। पूर्व नागरिकता के आधार पर भारतीय इस अवधि में सबसे बड़ा समूह रहे। इन तथ्यों को समझते समय यह ध्यान रखना आवश्यक है कि रिपोर्ट सभी विदेशी देशों की नहीं, बल्कि संगठन के सदस्य देशों की नागरिकता प्राप्त करने वालों की गणना करती है।



वर्ष 2024 के आँकड़े इस परिवर्तन को और स्पष्ट करते हैं। उस वर्ष 2,30,337 भारतीयों ने इन देशों की नागरिकता हासिल की, जबकि 2023 में यह संख्या 2,24,630 थी। वर्ष 2024 में कनाडा ने 87,320, अमेरिका ने 48,820 और ऑस्ट्रेलिया ने 28,969 भारतीयों को नागरिकता दी। ब्रिटेन में 24,888 और न्यूजीलैंड में 5,778 भारतीय नागरिक बने। पाँच वर्षों में लगभग 2.61 लाख भारतीयों ने कनाडा की नागरिकता प्राप्त की। ये संख्याएँ बताती हैं कि भारतीय समुदाय के लिए कुछ देश दीर्घकालिक बसावट के महत्वपूर्ण केंद्र बने हुए हैं।

रिपोर्ट में भारत के बाद मेक्सिको और सीरिया के नागरिकों की संख्या उल्लेखनीय रही। पाँच वर्षों में मेक्सिको के लगभग 5.90 लाख और सीरिया के लगभग 5.88 लाख नागरिकों ने सदस्य देशों की नागरिकता प्राप्त की। किंतु इन देशों की परिस्थितियाँ एक जैसी नहीं हैं। सीरिया से लोगों के विस्थापन में युद्ध और असुरक्षा की बड़ी भूमिका रही है। भारत के संदर्भ में रोजगार, शिक्षा, परिवार और दीर्घकालिक निवास के अवसरों को समझना आवश्यक है। इसलिए केवल संख्या के आधार पर अलग-अलग देशों के नागरिकों के निर्णयों को एक ही कारण से जोड़ना उचित नहीं होगा। भारतीयों के विदेश जाने की प्रक्रिया नई नहीं है। अनेक परिवार कई पीढ़ियों से दूसरे देशों में रह रहे हैं। पहले विदेश जाने का एक प्रमुख उद्देश्य कुछ वर्षों तक रोजगार करके धन अर्जित करना और फिर अपने देश लौटना होता था। आज भी यह उद्देश्य बना हुआ है, लेकिन उच्च शिक्षा, पेशेवर विकास, परिवार के साथ स्थायी जीवन और बच्चों के भविष्य की आकांक्षाएँ भी महत्वपूर्ण हैं। किसी व्यक्ति का विदेश में नौकरी करना, स्थायी निवास प्राप्त करना और अंततः नागरिक बनना अलग-अलग अवस्थाएँ हैं। नागरिकता का निर्णय प्रायः लंबे निवास और सामाजिक जुड़ाव के बाद आता है।

विदेशी नागरिकता ग्रहण करने के पीछे आर्थिक कारणों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। बेहतर वेतन, पेशेवर उन्नति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा की अपेक्षा लोगों को आकर्षित करती है। किंतु प्रत्येक व्यक्ति की परिस्थितियाँ अलग होती हैं। किसी के लिए परिवार के साथ रहना प्राथमिकता है, तो किसी के लिए शोध, रोजगार या कारोबार के अवसर अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं। विदेश में नागरिकता प्राप्त करने वाला प्रत्येक भारतीय संपन्न या उच्च शिक्षित हो, ऐसा मान लेना भी सही नहीं है। इस प्रक्रिया में अनेक वर्गों और व्यवसायों के लोग शामिल होते हैं।

कनाडा के आँकड़े विशेष रूप से विचारणीय हैं। वर्ष 2020 से 2024 के बीच वहाँ नागरिकता प्राप्त करने वाले भारतीयों की संख्या पिछली समान अवधि की तुलना में लगभग 150 प्रतिशत बढ़ी। वर्ष 2024 में अकेले कनाडा का हिस्सा कुल भारतीय नागरिकता प्राप्तकताओं का लगभग 38 प्रतिशत था। यह वृद्धि भारतीय समुदाय की वहाँ बढ़ती उपस्थिति और स्थायी बसावट की प्रक्रिया को समझने का आधार देती है। हालांकि इन आँकड़ों से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि सभी लोग एक ही कारण से कनाडा गए या उन्होंने एक ही समय पर भारत छोड़ा।

यहाँ एक महत्वपूर्ण अंतर समझना आवश्यक है। किसी वर्ष में विदेश जाने वाले लोगों की संख्या और उसी वर्ष विदेशी नागरिकता प्राप्त करने वालों की संख्या समान नहीं होती। उदाहरण के लिए, रिपोर्ट के अनुसार 2024 में भारत से सदस्य देशों की ओर नए प्रवासियों की संख्या लगभग 4.94 लाख थी, जबकि नागरिकता प्राप्त करने वाले भारतीयों की संख्या 2.30 लाख से अधिक थी। नए प्रवासी उस वर्ष दूसरे देश गए लोग हैं, जबकि नागरिकता पाने वाले अक्सर पहले से वहाँ रह रहे व्यक्ति होते हैं। इन दोनों आँकड़ों को मिलाकर भारत से होने वाले पलायन का निष्कर्ष निकालना भ्रम पैदा कर सकता है।

भारत के लिए इस प्रवृत्ति का एक महत्वपूर्ण पक्ष प्रतिभा और कौशल का स्थानांतरण है। चिकित्सक, अभियंता, वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता और अन्य दक्ष पेशेवर जब विदेश में स्थायी रूप से बसते हैं, तब उनकी क्षमताओं का लाभ वहाँ की अर्थव्यवस्था को मिलता है। यदि देश में उनके लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हैं, तो यह नीति निमार्ताओं के लिए विचार का विषय होना चाहिए। फिर भी विदेश जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को देश की हानि मानना उचित नहीं होगा। प्रवासी भारतीय अपने अनुभव, निवेश, संपर्क और ज्ञान के माध्यम से भारत के विकास में योगदान दे सकते हैं।

विदेशों में बसे भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि अनेक परिवारों की आर्थिक स्थिरता का आधार है। प्रवासी समुदाय व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक सहयोग को भी बढ़ावा देता है। दूसरी ओर, नागरिकता बदलने से पारिवारिक संबंध, संपत्ति, उत्तराधिकार और भविष्य में भारत लौटने की योजनाएँ प्रभावित हो सकती हैं। इन लाभों और चुनौतियों का संतुलित आकलन आवश्यक है। केवल आर्थिक योगदान के आधार पर स्थायी नागरिकता परिवर्तन के सामाजिक प्रभावों को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

भारतीय नागरिकता संबंधी व्यवस्था को समझना भी जरूरी है। भारत पूर्ण दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं देता। विदेशी नागरिकता ग्रहण करने पर भारतीय नागरिकता छोड़ने की विधिक प्रक्रिया अपनानी होती है। भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कुछ सुविधाएँ भारतीय नागरिकता के समान नहीं हैं। उदाहरण के लिए, प्रवासी भारतीय नागरिकता संबंधी व्यवस्था कुछ अधिकार प्रदान करती है, लेकिन वह भारतीय पासपोर्ट या मतदान के अधिकार का विकल्प नहीं है। इसलिए विदेशी नागरिकता का निर्णय लेने से पहले व्यक्ति को उसके कानूनी और पारिवारिक परिणामों पर विचार करना चाहिए।

इस विषय पर सार्वजनिक चर्चा में एक और सावधानी जरूरी है। नागरिकता बदलने वाले लोगों की संख्या से यह सिद्ध नहीं होता कि वे भारत से असंतुष्ट हैं या उनका अपने जन्मस्थान से संबंध समाप्त हो गया है। व्यक्ति की नागरिकता और उसकी सांस्कृतिक पहचान अलग-अलग पहलू हैं। अनेक प्रवासी परिवार अपनी भाषा, परंपराओं और सामाजिक संबंधों को संजोए रखते हैं। साथ ही, देश के भीतर रोजगार, शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की आवश्यकता भी वास्तविक है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए नीतिगत कमियों पर चर्चा करना अधिक सार्थक होगा।

भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अपने नागरिकों को देश में रहकर आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध के लिए संसाधन, पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रियाएँ, उद्यमिता के अवसर और बेहतर सार्वजनिक सेवाएँ आवश्यक हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार का विस्तार होना चाहिए। यदि युवाओं को अपनी योग्यता के अनुरूप काम, उचित पारिश्रमिक और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखाई देगी, तो विदेश जाने की विवशता कम हो सकती है।

अंततः नागरिकता संबंधी ये आँकड़े किसी एक निष्कर्ष का आधार नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक और आर्थिक अध्ययन का विषय हैं। विदेश जाना व्यक्ति की स्वतंत्रता है और अपने भविष्य का निर्णय करना उसका अधिकार। किंतु देश की जिम्मेदारी है कि वह ऐसी परिस्थितियाँ बनाए, जिनमें नागरिक भारत में रहकर भी सम्मानजनक जीवन और विकास की संभावनाएँ प्राप्त कर सकें। भारतीय प्रतिभा का विश्व में विस्तार गर्व का विषय हो सकता है, पर उस प्रतिभा को अपने देश से सार्थक रूप से जोड़े रखना भी उतना ही आवश्यक है। यही संतुलन भारत के भविष्य को अधिक सशक्त बना सकता है।

प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

परिसीमन की आड़ में नारी शक्ति में रोड़े बिछाते अखिलेश

संजय सक्सेना,
लखनऊ, वरिष्ठ पत्र कार

महिला आरक्षण और परिसीमन का मुद्दा एक बार फिर संसद की दहलीज पर है और इस बार बिल पास कराने के लिए सरकार की तैयारी पहले से ज्यादा मजबूत दिख रही है। वह इसमें कितनी कामयाब रहेगी, इसकी तस्वीर तीन दिसंबर तक पूरी तरह साफ हो जाएगी। 27 नवंबर को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के बाद परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक 30 नवंबर को लोकसभा में पेश किए जाने की तैयारी है। अतीत के पन्ने पलटे जाएं तो अप्रैल में सरकार को बिल पास कराने में तगड़ा झटका लगा था। 131वां संविधान संशोधन विधेयक 17 अप्रैल को लोकसभा में 298 के मुकाबले 230 वोटों पर गिर गया था, क्योंकि संशोधन के लिए जरूरी दो-तिहाई बहुमत नहीं जुट सका। इस बार नया संशोधन विधेयक और परिसीमन (द्वितीय) विधेयक लाया गया है। इनमें हर राज्य और केंद्रशासित प्रदेश की लोकसभा सीटें 50 प्रतिशत बढ़ाने के साथ विधानसभाओं का आकार भी उसी अनुपात में बढ़ाने का प्रावधान है। सरकार का दावा है कि 2011 की जनगणना के आधार पर हर राज्य का मौजूदा अनुपात बना रहेगा, यानी किसी राज्य की हिस्सेदारी नहीं घटेगी। फिर भी कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित कुछ अन्य छोटे-छोटे दल अपनी सियासत बचाने के चक्कर में इस बिल के विरोध में एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। सपा के इस विरोध से यूपी की राजनीति गरमाई हुई है।

सपा प्रमुख के विरोध के चलते उत्तर प्रदेश के लिहाज से यह बदलाव बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मुताबिक यूपी में सांसदों की संख्या 80 से बढ़कर 120 और विधायकों की संख्या 403 से बढ़कर लगभग 605 हो



जाएगी। यानी 40 नए सांसद और करीब 200 नए विधायक। विधानसभा का आंकड़ा अनुमानित है और अंतिम संख्या परिसीमन आयोग तय करेगा। मोटे-मोटे अनुमान के अनुसार, एक तिहाई आरक्षण के हिसाब से यूपी में लोकसभा की 40 और विधानसभा की करीब 200 सीटें महिलाओं के लिए इजाद होंगी। इसी लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 80 सांसदों से विधेयक का समर्थन करने की अपील की है। मोदी सरकार बिल पास कराने को अड़ी हुई है तो इसके सियासी नतीजे अगले वर्ष होने वाले पांच राज्यों के चुनाव के बाद 2029 के लोकसभा चुनाव से पूरी तरह से दिखाई देंगे।

बात विपक्ष की की जाए तो उक्त बिल को लेकर विपक्षी खेमे में एकजुटता अब पहले जैसी नहीं दिख रही। अखिलेश यादव ने साफ तौर पर विरोध किया है, जबकि डीएमके खुलकर इस बिल का समर्थन कर रहा है, जबकि आम आदमी पार्टी बराबर प्रतिनिधित्व की बात कर रही है। बसपा प्रमुख मायावती ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करके केंद्र के फैसले का स्वागत किया। मगर यह समर्थन शर्तों के साथ है। उन्होंने मांग की कि 33 प्रतिशत आरक्षण के भीतर अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था हो। अप्रैल में उन्होंने यही मांग दलित और ओबीसी महिलाओं के लिए उठाई थी। साथ ही उन्होंने परिसीमन में सीटों की सीमा तय करने के दौरान गड़बड़ी की आशंका भी जताई। यानी मायावती का रुख पूरी तरह बिना शर्त समर्थन का नहीं, बल्कि स्वागत और संदेह का मिला-जुला है। बसपा की मौजूदा संसदीय ताकत भी इतनी नहीं कि गणित बदल सके।

सपा की स्थिति अलग है, क्योंकि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के बाद वह दूसरा सबसे बड़ा दल है और लोकसभा में उसके 37 सांसद हैं। अखिलेश यादव का कहना है कि 2023 में पास हुआ महिला आरक्षण कानून सरकार को तत्काल लागू करना चाहिए, जबकि परिसीमन विधेयक को वे नकार चुके हैं। उनके शब्दों में, पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, पर जिस जल्दबाजी और तरीके से परिसीमन लाया जा रहा है, उसका वह विरोध करती है। उन्होंने इसे भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी भूल बताया है। सपा सूत्रों के मुताबिक वे इसकी तुलना नोटबंदी से करते हैं। बहरहाल, सपा के विरोध की वजहें क्या हैं? इसका अध्ययन किया जाए तो इसकी पहली और सबसे बड़ी वजह जनगणना और जाति का सवाल है। अखिलेश का तर्क है कि परिसीमन 2011 के आंकड़ों पर होगा और नई जनगणना नहीं हो रही। उनका कहना है कि जनगणना होगी तो जातिगत गणना की मांग उठेगी। सपा की पूरी राजनीति पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समीकरण पर टिकी है। पार्टी का सवाल है कि अगर पिछड़ों की आबादी बहुत बड़ी है, तो उनके भीतर की महिलाओं के लिए अलग हिस्सेदारी तय किए बिना 33 प्रतिशत आरक्षण का फायदा किसे मिलेगा। मायावती की एससी-एसटी महिलाओं के लिए अलग कोटे की मांग भी इसी बहस का हिस्सा है।

दूसरी वजह सीमांकन पर अविश्वास है। अखिलेश ने लखनऊ में आरोप लगाया कि भाजपा हार की आशंका से परिसीमन और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में कथित गड़बड़ियों के जरिए चुनावी नतीजे प्रभावित करना चाहती है। सपा रणनीतिकार इसे सिर्फ सीटें बढ़ाने की कवायद नहीं मानते, बल्कि राजनीतिक प्रतिनिधित्व, सामाजिक न्याय और राज्यों के बीच शक्ति-संतुलन का सवाल बताते हैं। सपा का यह भी तर्क है कि यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह कदम सियासी लाभ के लिए उठाया जा रहा है। तीसरी वजह सियासी गणित है, जो आधिकारिक बयानों से ज्यादा हालात से उभरती है। नई सीटों की सीमाएं तय करने का काम आयोग करेगा। आरक्षित महिला सीटें हर परिसीमन के बाद बदलती रहेंगी, इसलिए मौजूदा सांसदों और विधायकों की परंपरागत सीटें भी हिल सकती हैं। जिस पार्टी का आधार कुछ खास इलाकों में केंद्रित हो, उसके लिए सीमाओं के नए नक्शे में अनिश्चितता ज्यादा है। यह विश्लेषकों का आकलन है, सपा ने इसे आधिकारिक वजह के तौर पर नहीं गिनाया है।

सपा के लिए जोखिम भी कम नहीं। भाजपा इस मुद्दे को महिला विरोधी रुख के तौर पर पेश करने की कोशिश करेगी। सपा इसका जवाब यह कहकर दे रही है कि वह कानून को 2023 के स्वरूप में तुरंत लागू करने के पक्ष में है। पार्टी इसे 2027 के चुनाव में यह सवाल बनाकर उठाना चाहती है कि पहले से पास कानून अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। संख्याबल की लड़ाई भी अहम है। कांग्रेस का दावा है कि एनडीए के पास 322 वोट हैं और वह 360 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए विपक्ष को तोड़ना चाहता है। ऐसे में सपा का रुख इस बात का भी इम्तिहान होगा कि विपक्ष कितना एकजुट रह पाता है। जबकि सरकार का पक्ष है कि अनुपात बरकरार रहेगा, सीटें बढ़ेंगी और महिलाओं को 2029 से प्रतिनिधित्व मिलेगा। सपा का पक्ष है कि बिना नई जनगणना और जातीय आंकड़ों के यह कवायद पारदर्शी नहीं। संसद में 30 नवंबर के बाद तय होगा कि दो-तिहाई का आंकड़ा जुटता है या नहीं और सपा का दांव सही बैठता है या भारी पड़ता है। कुल मिलाकर अखिलेश यादव महिला आरक्षण बिल और परिसीमन पर एक कदम आगे तो दो कदम पीछे जाने वाली सियासत कर रहे हैं।

जीवन का खूबसूरत सच

जीवन का यह सुंदर सत्य, तर्कों में ना मिलता,
कोमल मन एहसासों में, इसका अर्थ खिलता।
यूं ही हरेक बात को तौलने से, रिश्ते न सँवरते,
कुछ भाव बिना कहे, "दिल" के भीतर उतरते।

प्रेम कोई गणित नहीं, न लाभ-हानि का लेखा,
ये मन की वो भाषा है, जिसे दिल ने ही देखा।
माँ, ममता, पिता का साया, बच्चों की मुस्कान,
यहाँ छिपा है जीवन का, सबसे प्यारा सम्मान।

सुख केवल धन-दौलत से, कभी न मिल पाता,
अपनों का साथ ही मन को, सच्चा 'सुख' देता।
तर्क भलें 'राह' दिखाए, एहसास मंजिल बनते,
सूखे मन के आँगन, संवेदना के 'पुष्प' खिलते।

जीवन केवल जीत-हार का, कोई खेल न होता,
किसी के आँसू पोंछना भी, कम कर्म ना होता।
जो मन से मन को समझे, वही इंसान कहलाए,
जीवन का सुंदर सच हैं यहीं, स्नेह बाँटता जाए।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में विकास जैन को मिला वंशीधर जी का स्नेह और आशीर्वाद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसाइटी में इस्कॉन मंदिर की ओर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथयात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन को इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी आदरणीय श्री वंशीधर जी का स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और



उत्साह का वातावरण रहा।

मुख्य पुजारी वंशीधर जी ने विकास जैन के सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की कामना की। उन्होंने राजनीति में नई जिम्मेदारियां प्राप्त करने और नोएडा विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का टिकट प्राप्त करने की उनकी आकांक्षा के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

विकास जैन ने कहा कि संतों का मार्गदर्शन और उनका स्नेह जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वंशीधर जी का आशीर्वाद उनके लिए महत्वपूर्ण है और इस आत्मीय सम्मान से वह बेहद अभिभूत हैं। इस अवसर पर सोसाइटी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी ओम प्रकाश डैम्बला और श्री ज्ञानचंद सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग एवं सम्मान प्राप्त हुआ। विकास जैन ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संतों का आशीर्वाद और बड़ों का स्नेह जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

राहुल गांधी से दिनेश अवाना ने की शिष्टाचार भेंट, बेटी के विवाह का निमंत्रण दिया

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश अवाना एडवोकेट ने जननायक और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दिनेश अवाना ने अपनी सुपुत्री नेहा अवाना के शुभ विवाह का निमंत्रण पत्र राहुल गांधी को भेंट कर उन्हें समारोह में सादर आमंत्रित किया।

मुलाकात के दौरान दिनेश अवाना ने राहुल गांधी से आत्मीय बातचीत की



और अपनी बेटी के विवाह के अवसर पर उपस्थित रहने का अनुरोध किया। इस शिष्टाचार भेंट में कांग्रेस के स्थानीय एवं वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित प्रमोद शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने राहुल गांधी से मुलाकात कर प्रसन्नता व्यक्त की।

दिनेश अवाना की ओर से बेटी नेहा अवाना के विवाह को लेकर शुभकामनाएं और आशीर्वाद की कामना भी की गई। मुलाकात के बाद नेताओं ने नवदंपति के सुखी, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

नोएडा में अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार

10 मोटरसाइकिल, तीन स्कूटी और फर्जी नंबर प्लेट बरामद

नोएडा। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 10 मोटरसाइकिल, तीन स्कूटी तथा एक फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है। बरामद वाहनों में विभिन्न कंपनियों की मोटरसाइकिल और स्कूटी शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार 28 नवंबर 2026 को बिजलीघर सेक्टर-50 नोएडा के पास सीवेज टावर क्षेत्र से



तीन आरोपियों अमित पुत्र गोविन्द, मिथलेश पुत्र देशराज और तीर्थ पुत्र किशन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय आरोपियों के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई, जो थाना सेक्टर-49 में दर्ज मुकदमे से संबंधित बताई गई है। इसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर अन्य चोरी के वाहन बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे गौतमबुद्धनगर सहित अन्य जनपदों और राज्यों में मोटरसाइकिल तथा स्कूटी चोरी करते थे। वाहन चोरी करने से पहले उसकी रेकी की जाती थी। मौका मिलते ही वाहन चोरी कर एक स्थान पर छिपा दिया जाता था और बाद में राह चलते लोगों को कम कीमत पर बेच दिया जाता था।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना सेक्टर-49 और थाना सेक्टर-20 में वाहन चोरी तथा अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों की निशानदेही पर बरामद वाहनों में स्प्लेंडर प्लस, एचएफ डीलक्स, होंडा लीवो, यामाहा एफजेड, होंडा सीबीआर, टीवीएस एनटॉर्क, होंडा एक्टिवा और यामाहा फासिनो सहित कई वाहन शामिल हैं। एक मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट के भी बरामद हुई है।

पुलिस ने बताया कि बरामद वाहनों के संबंध में विभिन्न मुकदमों की जांच की जा रही है। वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल अन्य संभावित लोगों और चोरी के वाहनों की बिक्री के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

राम भजन पर कथक के विविध रंगों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

पंडित बिरजू महाराज की पौत्री शिंजिनी कुलकर्णी की प्रस्तुति से भारत उत्कर्ष महायज्ञ का मंच हुआ सुरमय

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-110 स्थित महर्षि आश्रम में आयोजित भारत उत्कर्ष महायज्ञ की दूसरी शाम भारतीय शास्त्रीय नृत्य की अनुपम छटा से सराबोर रही। लखनऊ घराने की प्रसिद्ध कथक कलाकार और महान नृत्य गुरु पंडित बिरजू महाराज की पौत्री शिंजिनी कुलकर्णी ने अपनी टीम के साथ शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में कथक की पारंपरिक शैली के साथ भक्ति, ताल, लय और भाव का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरूआत ह्यजय भगवतीह्ण की प्रस्तुति से हुई। इसमें देवी आराधना और भक्ति भाव की सुंदर अभिव्यक्ति देखने को मिली। इसके बाद ह्यसरगमह्ण, ह्यअर्धांगह्ण, ह्यतरानाह्ण और ह्यराम भजनह्ण जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा से



परिचित कराया।

प्रत्येक प्रस्तुति की अपनी अलग विशेषता और भावभूमि रही। कहीं घुंघरुओं की झंकार और पैरों की थाप ने ताल एवं लय का अद्भुत तालमेल प्रस्तुत किया, तो कहीं भाव-भंगिमाओं और मुद्राओं के माध्यम से भक्ति एवं आध्यात्मिकता को साकार किया गया। शिंजिनी कुलकर्णी और उनकी टीम के शानदार तालमेल ने पूरे पंडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति समाप्त होते ही दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

भारत उत्कर्ष महायज्ञ में आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या इस बात का उदाहरण रही कि भारतीय शास्त्रीय कलाएं आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत को एक साथ जोड़ती हैं। महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, कला और परंपराओं से जोड़ना भी है।

संस्थान के उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज ने बताया कि महायज्ञ में देश की शास्त्रीय कलाओं और लोक परंपराओं को विशेष स्थान दिया गया है। महायज्ञ परिसर में रेत से निर्मित शक्तिपीठ, कला गांव, पुस्तक मेला, भारत आरोग्य मेला, गौसेवा और अन्न क्षेत्र सहित अनेक गतिविधियां भी श्रद्धालुओं और आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

गुलावली में प्राधिकरण की कार्रवाई, रेलवे कॉरिडोर के पास से हटाया अवैध कब्जा

खसरा संख्या 805 की अधिसूचित-अर्जित भूमि पर संयुक्त अभियान, करीब एक हजार वर्गमीटर जमीन कराई गई अतिक्रमण मुक्त

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम गुलावली में खसरा संख्या 805 की अधिसूचित-अर्जित भूमि को कब्जा मुक्त कराया। 27 नवंबर को प्राधिकरण के कार्यवृत्त-10 और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रेलवे कॉरिडोर के पास बने अवैध निमार्णों को हटाया। कार्रवाई के दौरान करीब एक हजार वर्गमीटर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

सीईओ के निर्देश पर संयुक्त कार्रवाई

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। प्राधिकरण के कार्यवृत्त-10 की टीम ने पुलिस विभाग के साथ मिलकर मौके पर कार्रवाई की और रेलवे कॉरिडोर के समीप किए गए अवैध निमार्णों को हटाया।

नोएडा में पुराने समाजवादी कार्यकर्ताओं की अनदेखी पर उठी आवाज

अखिलेश यादव से भावुक अपील, वर्षों से पार्टी के लिए संघर्ष करने वालों को सम्मान और अवसर देने की मांग

नोएडा। समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर के पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से स्थानीय कार्यकर्ताओं के सम्मान तथा उनके राजनीतिक भविष्य का ध्यान रखने की भावुक अपील की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने वर्षों तक पार्टी को मजबूत बनाने के लिए तन, मन और धन से काम किया है, इसलिए उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने



समाजवादी पार्टी को केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि अपना परिवार मानकर काम किया है। पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, चुनावों में प्रचार करने, संगठन को मजबूत बनाने और विभिन्न राजनीतिक संघर्षों में भाग लेने के लिए उन्होंने अपना व्यक्तिगत समय, संसाधन और ऊर्जा समर्पित की है।

उनका कहना है कि कई ऐसे साथी हैं, जिन्होंने निजी और पारिवारिक जिम्मेदारियों से ऊपर पार्टी को प्राथमिकता दी। दिन-रात मेहनत करके प्रचार किया और विपरीत परिस्थितियों में भी समाजवादी विचारधारा का साथ नहीं छोड़ा। ऐसे कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा की अनदेखी होने से उनका मनोबल प्रभावित होता है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी में नए लोगों का स्वागत होना चाहिए, लेकिन वर्षों से संगठन के लिए संघर्ष कर रहे पुराने साथियों की राजनीतिक भागीदारी, निष्ठा और योगदान का भी पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं।

एडवोकेट गौरव सिंघल एवं समस्त समर्पित समाजवादी कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव से अनुरोध किया कि किसी आर्थिक रूप से प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में ऐसे निर्णय न लिए जाएं, जिससे पुराने कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटे।

उन्होंने नोएडा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2027 के चुनाव के लिए किसी सक्रिय और समर्पित स्थानीय कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि पार्टी नेतृत्व उनकी भावनाओं को समझेगा और नोएडा महानगर में पुराने साथियों के सम्मान तथा राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित रखने की दिशा में सकारात्मक निर्णय लेगा।

ग्रेटर नोएडा में 13 से 15 दिसंबर तक होगा ग्लोबल भक्ति फेस्ट 2026

13 अखाड़ों, 12 ज्योतिर्लिंगों और चार धामों के आध्यात्मिक प्रतिनिधियों का होगा समागम

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ह्यग्लोबल भक्ति फेस्ट 2026ह्ण का आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव भक्ति, अध्यात्म, संस्कृति, संगीत और जीवन के उद्देश्य पर विचार-विमर्श का व्यापक मंच बनेगा।

इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड की ओर से आयोजित इस महोत्सव को लेकर मीडिया संवाद में आध्यात्मिक जगत, कला, संस्कृति और आयोजन से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज, भारतीय सर्व धर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी



सुशील जी महाराज, आध्यात्मिक चिंतक योगी प्रियव्रत अनीमेश तथा कलाकार फाल्गुनी अग्रवाल उपस्थित रहीं।

इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य युवा भारत को अपनी सभ्यतागत ज्ञान परंपरा से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म को केवल धार्मिक अनुष्ठानों और ग्रंथों तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन का सार्थक हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महोत्सव में 13 अखाड़ों, 12 ज्योतिर्लिंगों और चार धामों के आध्यात्मिक प्रतिनिधियों सहित संतों एवं धर्मगुरुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार 10 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें 100 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। आयोजन में 20 हजार से अधिक व्यावसायिक एवं सामान्य खरीदारों, दो हजार से अधिक विशिष्ट प्रतिनिधियों और प्रतिदिन 10 हजार से अधिक संगीत प्रेमियों के आने की संभावना जताई गई है।

महोत्सव के अंतर्गत भक्ति बाजार, आध्यात्मिक विचार-विमर्श और भजन संगीत की प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी। भक्ति बाजार में पूजा सामग्री, धार्मिक ग्रंथ, प्रतिमाएं और मंदिरों से जुड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। आध्यात्मिक सम्मेलन में संत, विद्वान, नीति निमार्ता और स्वास्थ्य एवं कल्याण विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। आयोजकों के अनुसार महोत्सव का उद्घाटन 13 दिसंबर को केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। 14 दिसंबर को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का कार्यक्रम है। आयोजन का उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक परंपराओं के माध्यम से शांति, आत्मबोध और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देना है।

सहायक अध्यापक चयन परीक्षा को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

जिले के 14 केंद्रों पर 3 दिसंबर को दो पालियों में होगी परीक्षा, सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समय से आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के निदेर्शों के क्रम में जिले में सहायक अध्यापक शहरी, प्राथमिक, बेसिक शिक्षा विभाग तथा सहायक अध्यापक संबद्ध प्राथमिक अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक



विद्यालय की चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 3 दिसंबर 2026 को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर लिखित परीक्षा दो पालियों में होगी।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोनों पालियों की अवधि 120-120 मिनट निर्धारित की गई है। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को आपसी समन्वय के साथ परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण करें और कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी सुनिश्चित करें।

परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन तलाशी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के वैकल्पिक मार्गों की जानकारी पहले से प्राप्त करने को भी कहा है।

बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और आयोग द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। प्रशासन का उद्देश्य परीक्षा को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार व्यवस्थित एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना है।

महर्षि नगर में देवी भागवत कथा में शक्ति के स्वरूप और मन के विकारों पर चर्चा

देवी कृष्ण प्रिया ने कहा, सत्संग और अच्छे विचार मन की नकारात्मकता दूर करने का माध्यम

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। सेक्टर-110 स्थित महर्षि नगर के महर्षि आश्रम में आयोजित नौ दिवसीय भारत उत्कर्ष महायज्ञ में भक्ति, वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का वातावरण बना हुआ है। राष्ट्र की समृद्धि, विश्व शांति और मानव कल्याण की मंगलकामना के साथ आयोजित महायज्ञ के अंतर्गत 108 कुंडीय देवी भगवती सहस्त्र महायज्ञ किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवी कृष्ण प्रिया जी के श्रीमुख से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन हो रहा है।

कथा के दूसरे दिन देवी कृष्ण प्रिया जी ने परमात्मा की शक्ति के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हुए सरल उदाहरण के माध्यम से एक ही परम शक्ति की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक ही बिजली पंखे में प्रवाहित होकर ठंडक देती है, हीटर में गर्मी और प्रकाश उपकरण में रोशनी प्रदान करती है, उसी प्रकार परम शक्ति एक होते हुए भी अलग-अलग स्वरूपों में दिखाई देती है।



उन्होंने बताया कि वही शक्ति राधा रानी के स्वरूप में प्रेम और आनंद, मां दुर्गा के स्वरूप में पराक्रम एवं शक्ति और मां सरस्वती के स्वरूप में ज्ञान तथा बुद्धि प्रदान करती है। कथा का संदेश था कि परम सत्ता एक है, लेकिन भक्तों की आवश्यकता और भाव के अनुसार उसके स्वरूप अलग-अलग दिखाई देते हैं।

कथा के दौरान मधु-कैटभ असुरों के प्रसंग के माध्यम से मनुष्य के भीतर मौजूद नकारात्मक विचारों और विकारों को समझाया गया। देवी कृष्ण प्रिया जी ने कहा कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, राग और द्वेष जैसे विकार मनुष्य के मन को अशांत करते हैं और उसकी सोच तथा व्यवहार को प्रभावित करते हैं।

उन्होंने राग और द्वेष के अर्थ को स्पष्ट करते हुए बताया कि किसी वस्तु या परिस्थिति से अत्यधिक मोह करना राग है, जबकि किसी व्यक्ति या परिस्थिति के प्रति मन में नकारात्मक भाव बनाए रखना द्वेष है। ये भाव मनुष्य को उसके लक्ष्य और प्रगति से दूर कर सकते हैं।

देवी कृष्ण प्रिया जी ने कहा कि सत्संग, अच्छे विचारों का श्रवण और आध्यात्मिक चिंतन मन के भीतर जमा नकारात्मकता को दूर करने में सहायक होते हैं। केवल कथा सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके संदेश को अपने आचरण में उतारना अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने श्रद्धालुओं से सेवा, करुणा और सद्भाव को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

सेक्टर-48 आनंदा अपार्टमेंट में विधायक पंकज सिंह ने किया जनसंवाद

निवासियों ने उद्यान, जल और सिविल विभाग से जुड़ी समस्याएं रखीं, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए शनिवार, 28 नवंबर को सेक्टर-48 स्थित आनंदा अपार्टमेंट में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। जनसंवाद कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के उद्यान, जल एवं सिविल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान अपार्टमेंट के निवासियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए।

अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

निवासियों की बात सुनने के बाद विधायक पंकज सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों से समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

सेक्टर-56 की समस्याओं को लेकर विधायक पंकज सिंह ने किया दौरा

जल टंकी, दिल्ली सीमा की सुरक्षा और दूषित सीवरेज पानी की समस्या उठी, अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। गौतमबुद्धनगर के विधायक पंकज सिंह ने शनिवार को नोएडा के सेक्टर-56 का दौरा कर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और सेक्टरवासियों ने उनका स्वागत किया तथा लंबे समय से चली आ रही विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया।

बैठक के दौरान सेक्टर में पानी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ओवरहेड जल टंकी बनवाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। निवासियों ने बताया कि जलापूर्ति से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए स्थायी व्यवस्था आवश्यक है। विधायक पंकज सिंह ने मांग को स्वीकार करते



हुए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

सेक्टर-56 से लगती दिल्ली सीमा की बाउंड्री को ऊंचा कराने और उसके ऊपर सुरक्षा की दृष्टि से तार लगवाने की मांग भी रखी गई। इसके अलावा खोड़ा क्षेत्र से आने वाले दूषित सीवरेज पानी और मल-मूत्र की निकासी से उत्पन्न समस्या पर भी विस्तार से चर्चा हुई। निवासियों ने दूषित पानी को सेक्टर में आने से रोकने के लिए स्थायी समाधान की मांग की।

सेक्टर में बिजली विभाग की ओर से किए जा रहे अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने और लंबित समस्याओं के समाधान का मुद्दा भी उठाया गया। विधायक ने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्था करने और समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी, महासचिव जी.के. बंसल, कोषाध्यक्ष अमीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश जोगरान, हरीश सबरवाल, जगमोहन सेठ, ओम प्रकाश सहित आरडब्ल्यूए की टीम और बड़ी संख्या में सेक्टरवासी उपस्थित रहे। आरडब्ल्यूए की ओर से विधायक का आभार व्यक्त किया गया।

गीले-सूखे कूड़े को अलग रखने और हरे-नीले कूड़ेदान के उपयोग के लिए किया जागरूक

सेक्टर-84 और 135 में स्वच्छता जागरूकता अभियान

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को कूड़ा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार, 28 नवंबर को नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर-84 एवं सेक्टर-135 में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी संचालकों को कूड़े को सही तरीके से एकत्र करने तथा निर्धारित कूड़ा गाड़ी में देने के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने लोगों को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने की आवश्यकता समझाई।

घरों में हरे और नीले कूड़ेदान के उपयोग की अपील

जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नागरिकों से घरों में हरे और नीले रंग के कूड़ेदानों का उपयोग करने की अपील की। लोगों को बताया गया कि गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने से कूड़ा संग्रहण और उसके निस्तारण की प्रक्रिया व्यवस्थित बनाने में मदद मिलती है।

अभियान के दौरान दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी संचालकों को भी स्वच्छता नियमों का पालन करने तथा कूड़ा इधर-उधर न फेंकने के लिए प्रेरित किया गया।

समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह



शिकोहाबाद। कोतवाली शिकोहाबाद परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने मुख्य रूप से भूमि विवाद,अवैध कब्जे,पैमाइश और पारिवारिक मामलों से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष और त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम बोझिया भाग चितावली निवासी राजकुमारी, बलराम सिंह,दलवीर सिंह व शिव सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम चितावली स्थित गाटा संख्या 143 में उन्हें आवंटित कुरे की भूमि पर विपक्षी द्वारा जबरन नींव खोदकर निर्माण किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार शिकोहाबाद व प्रभारी निरीक्षक को मौके पर जाकर निर्माण रुकवाने व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने उपस्थित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि विवादों और अवैध कब्जों की शिकायतों पर टीमें तत्काल मौके पर पहुंचकर पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें यदि किसी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा कार्यों में टालमटोल या पक्षपात पाया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी जयबिंद गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण, पात्र युवाओं के नाम जोड़ने पर जोर

मक्खनपुर और फिरोजाबाद के मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखीं, बीएलओ को दिए निर्देश

समाज जागरण



फिरोजाबाद। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने शिकोहाबाद और फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बूथों पर व्यवस्थाएं परखने के साथ युवा मतदाताओं, महिलाओं और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। जिलाधिकारी और एसएसपी ने 98 विधानसभा क्षेत्र शिकोहाबाद के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय मक्खनपुर में बूथ संख्या 251, 253, 254, 255 और 256 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर मौजूद युवाओं, महिलाओं और नागरिकों से बातचीत कर लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं बेहतर रहें और मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बाद जिलाधिकारी 97 विधानसभा क्षेत्र फिरोजाबाद के तिलक इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां बूथ संख्या एक और दो पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत कार्यरत बीएलओ और संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र युवा या महिला मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने के लिए अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाकर अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया।

चनौरा प्लांट पर भीषण आग, धुएं के गुबार से घिरा इलाका

हाईटेंशन तारों में फाल्ट से भड़की आग, दमकल टीम ने पाया काबू

समाज जागरण



फिरोजाबाद। नगर निगम के चनौरा स्थित 250 टीडीपी क्षमता वाले प्लांट पर शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की लपटों के साथ कूड़े के ढेर से धुएं के घने गुबार उठने लगे। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया गया कि चनौरा प्लांट परिसर में लंबे समय से कूड़े का ढेर जमा था। शुक्रवार देर रात करीब एक बजे हाईटेंशन बिजली तारों में फाल्ट होने से निकली चिंगारी कूड़े तक पहुंच गई। इससे कचरा सुलगने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। प्लांट से उठते धुएं के गुबार आसपास के क्षेत्र में फैल गए। घटना की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। एफएसओ दुर्गेश त्यागी ने बताया कि चनौरा प्लांट पर देर रात हाईटेंशन बिजली तारों में फाल्ट के कारण आग लगी थी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी।

बाल विज्ञानी पावनी और आध्या स्वास्थ्य हेतु स्वच्छता और जैविक कृषि के लिए कर रहीं लोगों को जागरूक

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह



सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वाधान में 32वीं राष्ट्रीय बाल कांग्रेस कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के बाल वैज्ञानिक अपनी परियोजना पर सर्वेक्षण कार्य कर रहे है। इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी की छात्राएं कु पावनी जैन एवं आध्या गुप्ता अपने मार्गदर्शक शिक्षक अनुज मिश्रा के साथ अपने उपविषय सतत भविष्य के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और जैविक कृषि पर नगर एवं ग्रामीण अंचल में सर्वेक्षण कर रही हैं।

बाल विज्ञानी पावनी जैन ने बताया कि वर्तमान में अधिकतर लोग किसी न किसी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं, जिसका सीधा सम्बन्ध उनके भोजन एवं स्वच्छता से होता है। भोजन में उपलब्ध अनाज ,साक सब्जी , फलों आदि में उत्पादन बढ़ाने के लिए अत्यधिक कीटनाशक व खाद का प्रयोग किया जा रहा है, कीटनाशक एवं रासायनिक उत्पादों के कारण मृदा की उर्वरता निरंतर कम होती जाती है। इनके लगातार सेवन करने से स्वास्थ्य पर खराब प्रभाव पड़ता है। इसके लिए उन्होंने किसानों को बताया कि मृदा की उर्वरता बनाए रखने के लिए जैविक खेती का उपयोग करें। जैविक खेती में गोबर की खाद, सूखे पत्तों और अन्य प्राकृतिक चीजों से बनाई गई खाद का उपयोग किया जाता है।जैविक खेती के माध्यम से थोड़ा उत्पादन कम होता है, परंतु मृदा की उर्वरता बनी रहती है। जैविक पदार्थों के उपयोग से शरीर में कीटनाशक कम जायेंगे, जिससे लोगों के स्वास्थ्य में भी फर्क पड़ता है। उन्होंने स्वच्छता का संदेश भी प्रदान किया।

इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन के लिए उन्होंने डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी, सिरसागंज के प्रबंधक देव शरण आर्य, निदेशक आलोक यादव, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा आर्य, उपप्रधानाचार्या श्रीमती रिचा मिश्रा, मार्गदर्शक शिक्षक अनुज मिश्रा, शिवाजी सर, धीरज सिंह, मेघा सक्सेना का आभार किया।

स्वास्थ्य केंद्रों पर अनुपस्थित कर्मचारियों के अवकाश अभिलेख जांचने के निर्देश

सीएमओ ने निरीक्षण कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। स्वास्थ्य केंद्रों पर कर्मचारियों की उपस्थिति, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति जांचने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिकाओं का अवलोकन कर अवकाश पर दर्ज कर्मचारियों के स्वीकृति संबंधी अभिलेखों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। अनधिकृत रूप से अनुपस्थित मिलने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, संविदा कर्मचारियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति जांची गई। सीएमओ ने कहा कि उपस्थिति पंजिका में आकस्मिक अवकाश दर्ज होने पर संबंधित कर्मचारी के अवकाश स्वीकृति अभिलेख की जांच की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संभावित मरीजों की जांच और उपचार, नियमित टीकाकरण में बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सेवाएं देने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, कुष्ठ, मानसिक स्वास्थ्य, एड्स और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी समीक्षा की।

सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता, पैथोलॉजी जांच, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता और जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उन्होंने कर्मचारियों को समय से उपस्थित रहने और मरीजों के साथ शालीन व्यवहार करने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। कार्यों में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

ट्रॉमा सेंटर में जेब से रुपये निकालते युवक को पकड़ा, पीटा

दवा लेने पहुंचे युवक ने आरोपी को पकड़कर पुलिस चौकी पहुंचाया

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र स्थित एक निजी ट्रॉमा सेंटर में शनिवार को जेब से रुपये निकालने के आरोप में एक युवक को पकड़ लिया गया। गुस्साए लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस चौकी ले जाकर



पुलिस के हवाले कर दिया गया। बताया गया कि एक युवक प्राइवेट ट्रॉमा सेंटर में दवा लेने पहुंचा था। इसी दौरान एक युवक ने कथित तौर पर उसकी जेब से रुपये निकाल लिए। रुपये निकलने का अहसास होने पर पीड़ित ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साए युवक ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। उसे पकड़कर घसीटते हुए पुलिस चौकी तक ले गया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना के दौरान ट्रॉमा सेंटर में हंगामा होने से लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस उससे उसका नाम पता पूछ रही है

खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को स्वरोजगार एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए किया गया प्रेरित

पीएमएफएमई योजना एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के लाभों की दी गई जानकारी, प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

समाज जागरण



सम्भल (बहजोई) 28 नवंबर 2026 ।मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, सम्भल द्वारा जनपद के विकासखंड बनियाखेडा के ग्राम पतरौआ न्याय पंचायत कैथल में 27 एवं 28 नवंबर 2026 को दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न खाद्य पदार्थों के प्रसंस्करण की तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित इकाइयां स्थापित कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन 27 नवंबर को ग्राम प्रधान द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, सम्भल के प्रभारी नौ सिंह सहित संबंधित प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। 28 नवंबर को प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इकरा इण्टरनेशनल स्कूल मे कुरान कम साइंस एग्जीबिशन का आयोजन बच्चों ने पेश किये जानदार मॉडल

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर



नजीबाबाद मौ० आजादनगर, इकरा इण्टरनेशनल को स्कूल में 28 नवम्बर 2026 "कुरान, कम साइंस एग्जीबीशन का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रो में दीनी समझ के साथ- साथ वैज्ञानिक दृष्टि को और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी में स्कूल के छात्रों ने कुरान में बयान की गई कायनात, खगोल विज्ञान ,जलचक्र, प्रकृति ,पर्यावरण और आधुनिक विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर आकर्षक और कार्यात्मक मॉडल तैयार किये। बच्चों ने आए हुए मेहमानों, अभिभावकों और अन्य विद्यालयों से आए छात्रों के सामने अपने मॉडल की व्याख्या बड़े आत्मविश्वास के साथ पेश की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री इंजीनियर मौअज्ज चैयरमैन नजीबाबाद और स्कूल अध्यक्ष डॉक्टर दिलशाद अहमद उपस्थित रहे मुख्य अतिथि और अध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों द्वारा बनाये गए मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों की छुपी प्रतिभा को निखारते है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती फरहा हैदर ने सभी अतिथि, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षको का विशेष योगदान रहा!

क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार को दी गई भावभीनी विदाई, एसपी ने स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

समाज जागरण



सम्भल ।पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में क्षेत्राधिकारी सम्भल जनपद सम्भल कुलदीप कुमार के गैर जनपद स्थानांतरण के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा कुलदीप कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा पुलिस विभागीय दायित्वों के निर्वहन में दिए गए योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कुलदीप कुमार के आगामी कार्यकाल एवं नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी कुलदीप कुमार के साथ कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए उनके आगामी सेवाकाल के लिए शुभ कामनाएं प्रेषित की गईं। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं भावुक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

आखिर नवे दिन खुल ही गया कोतवाली रोड वाला रेलवे फाटक

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

नगीना । रेल ट्रैक की मरम्मत व स्लीपर बदलने के लिए 20 नवंबर की दोपहर से बंद हुआ कोतवाली देहात वाला रेलवे फाटक आखिर नवे दिन शनिवार की शाम 4 बजे खुल गया है। रेलवे धामपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर(रेल पथ)(पीडब्ल्यूआई)आलोक रंजन ने बताया कि नगीना बुन्दकी रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित फाटक संख्या 471 बी पर अप लाइन के रेलवे ट्रैक की मरम्मत व स्लीपर बदलने का कार्य 20 नवंबर को शुरू किया गया था। शनिवार की शाम 4 बजे काम पूरा हो जाने के बाद फाटक को यातायात के लिए खोल दिया गया है।पीडब्ल्यूआई आलोक रंजन ने बताया कि फिलहाल डाउन लाइन के रेलवे ट्रैक की मरम्मत व स्लीपर बदलने के काम को शुरू करने की कोई योजना नहीं है। करीब 9 दिन बाद फाटक खुलने से लाइनपार स्थित आजाद कालोनी, कालाखेड़ी रोड स्थित कॉलोनी, नई बस्ती ,इंडस्ट्रियल एरिया,मंडी समिति तथा कालाखेड़ी, गांवड़ी समेत करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों को राहत मिलेगी।

डीएवी बबराला में संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश

(दैनिक समाज जागरण राज यादव)

(गुन्नौर)बबराला डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में संविधान दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा सहित विविध शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्त्व एवं संविधान निर्माण की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संविधान के मूल आदर्शों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ ली। संविधान की प्रमुख विशेषताओं, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री आनन्द स्वरूप सारस्वत ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा तथा राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता का आधार है। यह हमें अधिकारों के



प्रति सजग रहने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की भी प्रेरणा देता है। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के आदर्श केवल शब्द नहीं, बल्कि एक आदर्श समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इन मूल्यों को अपने आचरण में आत्मसात कर जागरूक, संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक बनने का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर्स फैक्ट्री के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री एम. एस. प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि संविधान दिवस हमें राष्ट्र के उन महान निमार्ताओं के दूरदर्शी चिंतन और अतुलनीय योगदान का स्मरण कराता है, जिन्होंने भारत को एक सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रदान की। संविधान हमारे राष्ट्रीय जीवन का मार्गदर्शक है, जो अधिकारों के साथ कर्तव्यों के संतुलन और विविधता में एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने तथा राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

फसल अवशेष ना जलाएं किसान, जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया प्रचार वाहन को रवाना

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर



बिजनौर । जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह द्वारा प्रामोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेज मेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत जनपद बिजनौर के प्रत्येक विकास खण्ड की प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर कृषको को फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से किसानो को जागरूक कराने तथा फसल अवशेष न जलाने से भूमि में होने वाले लाभों से जागरूक करने हेतु वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर घनश्याम वर्मा उप कृषि निदेशक बिजनौर एवं कृषि विभाग के तकनीकी अधिकारी /विकासखंड मोहम्मदपुर देवमल के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा पराली व गन्ने की पत्ते जलाने से होने वाले नुकसान को रोकने हेतु कृषकों को जागरूक किया जायेगा। किसानों को अवगत कराया जायेगा कि गन्नें की पत्ती व पराली जलाने से जहां एक ओर मृदा को नुकसान पहुँचता है वही दूसरी ओर वातावरण में प्रदूषण भी फैलता है। एन0 जी0 टी0 द्वारा फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण की क्षतिपूर्ति हेतु दण्ड के प्राविधान निर्धारित किया गया है यथा- (1)- 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 5000/- रुपए प्रति घटना। (2)- 2 एकड़ से 5 एकड़ क्षेत्र के लिए 10000/- रुपए प्रति घटना। (3)- 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 30000/-रुपए प्रति घटना आर्थिक दण्ड का प्राविधान है।

बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवर और नकदी पर किया हाथ साफ

बमनोली में कुछ दिनों पहले घर में ताले लगाकर इंदिरापुरम चला गया था परिवार पीछे से चोरों ने मकान की एंट्री, सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चुराई

दैनिक समाज जागरण
मुस्कान खान जनपद बिजनौर

धामपुर। थाना क्षेत्र के गांव बमनोली में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और कीमती घरेलू सामान चोरी कर लिया। परिवार के वापस लौटने पर मकान के कमरों के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने थाना धामपुर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है गांव बमनोली निवासी जयपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 28 अक्टूबर 2026 को अपने पुत्रों के पास इंदिरापुरम गए। 26 नवंबर की रात्रि को जब वह अपने छोटे बेटे के साथ घर वापस लौटे तो मकान के सभी कमरों के ताले टूटे हुए मिले। घर के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर मकान से उनकी धर्मपत्नी और पुत्रवधू के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए सामान में सोने की चार चूड़ियां, एक मंगलसूत्र, दो सोने की चेन, चार अंगूठियां, एक मांग टीका और दो जोड़ी कान के कुंडल शामिल हैं। इसके अलावा चांदी की चार जोड़ी पायल, दो कटोरियां, दो चम्मच, पीतल के आठ बर्तन, करीब 20 जोड़ी नए कपड़े, दो गैस सिलेंडर तथा 40 हजार रुपये की नकदी भी चोरी हुई है। पीड़ित ने बताया कि चोर अन्य कीमती घरेलू सामान भी समेटकर ले गए। घटना की सूचना उसी रात यूपी-112 पर दी गई थी। पीड़ित जयपाल सिंह ने थाना धामपुर में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने, घटना की जांच कराने तथा चोरी हुए सामान की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

डीएवी पब्लिक स्कूल बागपत में कला एवं शिल्प प्रदर्शनी तथा अभिभावक - शिक्षक बैठक का भव्य आयोजन

समाज जागरण

बागपत। डीएवी पब्लिक स्कूल बागपत में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक तथा कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का संयुक्त आयोजन किया गया। इस दोहरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम प्रगति से अवगत कराना था।प्रदर्शनी का उद्घाटन संस्था के प्रधानाचार्य श्री प्रवेश कुमार ने रिबन काटकर किया। उन्होंने सभी कला शिक्षकों और अभिभावकों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां बच्चों के आत्मविश्वास और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती हैं।प्रदर्शनी में कक्षा 2 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा तैयार की गई



प्रमुख कलाकृतियों में वेस्ट मटेरियल से बनी वस्तुएं जैसे फूल, वॉल हैंगिंग और भारतीय संस्कृति को दर्शाते हुए आकर्षक मॉडल थे।प्रदर्शनी के साथ-साथ अभिभावक - शिक्षक बैठक भी आयोजित की गई। अभिभावकों ने अपने बच्चों की कलाकृतियों की जमकर सराहना की और शिक्षकों से मिलकर बच्चों की पढ़ाई व सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। कई अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर सभी शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे।

फौज देश का स्वाभिमान, फौजी देश की शान : कर्नल शैलेंद्र तालियान

समाज जागरण

बड़ौत। बड़ौत नगर के चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल सभागार में वीरांगना एवं भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सैनिक पुनर्वास कल्याण अधिकारी कर्नल शैलेंद्र तालियान ने कहा कि फौज देश का स्वाभिमान है, फौजी देश की शान है। वीरांगना एवं भूतपूर्व सैनिक हमारे सर्वोपरि हैं। हम लगातार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत हैं।विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल तोमर बावली ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय फौज के सैनिकों के अदम्य साहस



के कारण संभव हो पाया था। भूतपूर्व सैनिक हमारा गौरव हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मनीष तोमर ने कहा कि पूर्व सैनिक वह व्यक्तित्व है, जिन्होंने अपने आज को, अपनी जवानी को, अपने जज्बे को देश के उज्ज्वल कल के लिए समर्पित कर दिया है। एक सैनिक जब तपती धूप या कड़ाके की ठंड या दुर्गम पहाड़ों में रहकर देश की सीमाओं की रक्षा करने में अपना दिन-रात एक करता है, तब वह अपने परिवार की नहीं बल्कि पूरे देश को ही अपना परिवार मानकर उसकी सुरक्षा के लिए जागता है और शहीद हो जाता है। हमारे सैनिक देश के सच्चे गौरव और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. तरुण तोमर ने कहा कि एक सैनिक की वर्दी भले ही उतर जाए, लेकिन उसके भीतर का सैनिक कभी रिटायर्ड नहीं होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रवि शास्त्री ने कहा कि हम आराम के साथ जीवन सुरक्षा के भाव से जी रहे हैं, परंतु हमारे जवान दिन-रात देश की सीमा पर पहरा दे रहे हैं। राष्ट्र की रक्षा में लगे हुए हैं। हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र संकल्प के साथ देशभक्ति की भावना को आत्मसात करे, तभी हमारा राष्ट्र सुदृढ़ होगा। सम्मान समारोह में डॉ. मनीष तोमर एवं डॉ. तरुण तोमर ने 221 भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाओं का शॉल द्वारा सम्मान किया।

इस अवसर पर महिलाएं एवं गणमान्य व्यक्ति सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह, डॉ. शस्या तोमर, डॉ. आशीष चौधरी, डॉ. कपिल तोमर, डॉ. शोभित तोमर, प्रदीप शर्मा, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. अखिलेश सिंह, प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य, धर्मपाल सिंह त्यागी, राष्ट्र वर्धन मुनि, उदय मुनि आदि उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर-1 में उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ बाल मेला

समाज जागरण

बागपत। प्राथमिक विद्यालय कोताना नंबर-1 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाल मेले में आंगनवाड़ी सहायिका, बच्चों के अभिभावक एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बाल मेले का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें बच्चों की नियमित पढ़ाई, विद्यालय में सहभागिता और शैक्षिक विकास के लिए प्रेरित करना रहा। मेले के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार



प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं मेधावी बच्चों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक अंतिल, अंजू, अनीता, मोनिका जैन, पूनम रानी, उषा जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि अभिभावकों और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शिक्षा के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश भी दिया।

पाइपलाइन लीकेज से प्लॉट की नींव में भरा दो फीट पानी, दीवार गिरने का खतरा

-दो महीने से लगातार हो रहा पानी का रिसाव, मकान मालिक ने जल निगम से की शिकायत

-जलभराव के चलते दीवार कमजोर होने और जान-माल के नुकसान की आशंका

समाज जागरण

बागपत। खेकड़ा कस्बे के अहीरान मोहल्ले में पानी की टंकी की पाइपलाइन में लीकेज ने एक प्लॉट की नींव को खतरे में डाल दिया है। पिछले करीब दो महीने से लगातार हो रहे पानी के रिसाव के कारण प्लॉट की नींव में लगभग दो फीट तक पानी भर गया है। लगातार जलभराव से दीवार के गिरने का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने जल निगम के अधिकारियों से शिकायत कर जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है। पट्टी अहीरान निवासी अरविंद कौशिक ने जल निगम



बागपत को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उनका 167 गज का प्लॉट काले सिंह मंदिर के पास प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित है। प्लॉट के सामने से गुजर रहे सरकारी रास्ते में पानी की टंकी की पाइपलाइन बिछी हुई है। आरोप है कि पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण पिछले करीब दो महीने से लगातार पानी बह रहा है। इसका पानी प्लॉट की नींव में जमा हो रहा है। अब स्थिति यह है कि नींव में करीब दो फीट तक पानी भर चुका है। लगातार पानी जमा रहने से प्लॉट की दीवार कमजोर होकर गिरने की आशंका बनी हुई है। इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। पीड़ित का कहना है कि पाइपलाइन का रिसाव समय रहते बंद नहीं कराया गया तो दीवार गिरने से जान-माल का नुकसान हो सकता है। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से पाइपलाइन की लीकेज तत्काल ठीक कराने और प्लॉट में भरे पानी की निकासी कराने की मांग की है।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के एजुकेशन फेयर 2026 में उमड़े विद्यार्थी, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने दी उच्च शिक्षा की जानकारी

समाज जागरण

बागपत। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जिवाना द्वारा विद्याजोन के सहयोग से शनिवार को बड़ौत-मेरठ रोड स्थित द ग्रैंड प्लेस रिसॉर्ट में भव्य एजुकेशन फेयर 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव डॉ. अनिल आर्य एवं नीरज अरोरा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। एजुकेशन फेयर में सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ, केएल यूनिवर्सिटी आगरा, आईआईएम यूनिवर्सिटी नोएडा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, आई टीएस गाजियाबाद, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी देहरादून, एनआईटी यूनिवर्सिटी सहित देश के अनेक प्रतिष्ठित विश्व विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जनपद के दर्जनों विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उच्च शिक्षा एवं करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग , मेडिकल, मैनेजमेंट, लॉ, कंप्यूटर साइंस, डिजाइनिंग एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, विभिन्न कोर्सेज में उपलब्ध अवसरों तथा विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के विकल्पों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुसार सही करियर का चुनाव करने के लिए विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। एक ही स्थान पर विभिन्न विश्व विद्यालयों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलने से विद्यार्थियों को अपने भविष्य की शैक्षिक योजनाओं को समझने में विशेष सहायता मिली। विद्याजोन के नीरज अरोरा ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के सामने करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन सही जानकारी एवं मार्गदर्शन के अभाव में वे कई बार उचित निर्णय नहीं ले पाते। इसी उद्देश्य से एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया, ताकि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों से रूबरू कराया जा सके।विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने सभी विश्व विद्यालयों के प्रतिनिधियों, अतिथियों, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

निर्यात से बढ़ेगी किसान की आय : डॉ मनीष तोमर

समाज जागरण

बागपत। महर्षि दयानंद सरस्वती वैदिक महाविद्यालय बड़ौत के सभागार में एपीडा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा क्षमता संवर्धन कार्यक्रम कृषि निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा गोष्ठी आयोजित की गई। निर्यात गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर मनीष तोमर ने कहा निर्यात से किसान की आय बढ़ेगी। जिससे किसान खुशहाल होगा और देश में समृद्धि आएगी। वाराणसी से आए मुख्य अतिथि मुकेश कुमार ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम में किसानों एवं एफपीओ को कृषि निर्यात की जानकारी दी गई । कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा, क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी द्वारा बागपत ब्लूम फेडरेशन, एफपीओ के सहयोग से बड़ौत में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एपीडा की



भूमिका एवं कार्यों की जानकारी देते हुए किसानों एवं एफपीओ प्रति निधियों को कृषि उत्पादों के निर्यात की प्रक्रिया, आईईसी, आरसीएमसी पंजीकरण, आवश्यक लाइसेंस एवं दस्तावेजों के बारे में बताया। उन्होंने भारत कृषि निर्यात योजना, बाजार संपर्क तथा बायर सेलर मीट के माध्यम से किसानों एवं एफपीओ को निर्यातकों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रवि शास्त्री ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं एफपीओ की निर्यात संबंधी क्षमता विकसित करना तथा जनपद बागपत के कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़कर कृषि निर्यात को बढ़ावा देना रहा। बागपत ब्लूम फेडरेशन के अध्यक्ष कपिल आर्य ने सभी को साथ लेकर निर्यात की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर धर्मपाल त्यागी, राजीव तोमर, सत्येंद्र सिंह, सुषमा रानी, आरती मान, चौधरी महिपाल सिंह, मुकेश विद्यालंकर, पाहुल,अनुज, आदि उपस्थित रहे।

राजेंद्र अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

समाज जागरण

बागपत। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा समाजसेवा, संगठन के प्रति समर्पण, समाज में सक्रियता एवं अनुभव को देखते हुए राजेंद्र अग्रवाल को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल द्वारा गत दिनों जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से यह नियुक्ति की गई है एवं शुभकामनाएं दी। राजेंद्र अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। संगठन के प्रति समर्पण, अनुभव, कार्यक्षमता और समाज के प्रति अटूट निष्ठा पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। राजेंद्र अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में पिछले 30 वर्षों से सक्रिय सदस्य व 20 वर्ष पूर्व



सम्मेलन में हरियाणा प्रदेश के प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। श्री अग्रवाल अग्रोहा धाम के प्रचारक के नाते महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों का प्रचार और प्रसार करते रहे हैं फि लहाल अपने कुशल नेत्रत्व में कुंडली दिल्ली एनसीआर में अग्रोहा धाम जैसा माता महालक्ष्मी वरदान सिद्ध पीठ श्री अग्रसेन धाम कुंडली की स्थापना करके राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष के रूप में धाम का निर्माण कार्य देख रहे हैं हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में राजेंद्र अग्रवाल संगठन की गतिविधियों को नई दिशा देने, समाज को सशक्त व सक्रिय बनाने तथा राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मनोनयन से देश एवं विदेश में रहने वाले अग्रवाल समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं शुभचिंतकों ने राजेंद्र अग्रवाल को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त करते हुए उनके नेतृत्व, अनुभव और मार्गदर्शन से समाज एवं संगठन को निश्चित रूप से नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

जयंत चौधरी का आत्मीय मिलन कार्यक्रम अचानक रद्द , 5 दिसंबर को फिर होगा आयोजन

समाज जागरण

बागपत। बड़का गांव में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह का प्रस्तावित दौरा अचानक रद्द होने से कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं को झटका लगा है। शनिवार को होने वाले आत्मीय मिलन कार्यक्रम को पार्टी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए स्थगित कर दिया। अब यह कार्यक्रम 5 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। पार्टी की ओर से इसकी नई तारीख की जानकारी भी साझा कर दी गई है। दरअसल, बड़का गांव में शनिवार सुबह 11 बजे चौधरी जयंत सिंह का किसानों, कामगारों और कोल्हू संचालकों के साथ आत्मीय मिलन कार्यक्रम प्रस्तावित था। कार्यक्रम के दौरान जयंत चौधरी कोल्हू संचालकों, किसानों और कामगारों से सीधा संवाद करने वाले थे। साथ ही पारंपरिक कोल्हू, क्रेशर, गुड़ और खांडसारी उद्योग से जुड़ी समस्याओं, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा होनी थी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक गुड़ उद्योग और उससे जुड़े कारोबार को बढ़ावा देने के साथ ही इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की समस्याओं को सुनना था। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री का अभिनंदन करने की भी तैयारी की गई थी। इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पिछले कई दिनों से तैयारियां शुरू कर रखी थीं। कार्यक्रम स्थल पर बैठने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई थीं। प्रशासनिक अधिकारियों और पार्टी नेताओं की ओर से भी आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था। लेकिन शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे अचानक कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली।कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी सामने आते ही आयोजन को लेकर चल रही तैयारियां रोक दी गईं। राष्ट्रीय लोकदल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से भी कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी साझा की। वहीं, पार्टी की ओर से स्पष्ट किया गया है कि अब 5 दिसंबर को बड़का गांव में ही आत्मीय मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय लोकदल ने किसानों, कामगारों और कोल्हू संचालकों से अपील की है कि वे नई निर्धारित तारीख पर अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचें। फिलहाल, अचानक कार्यक्रम रद्द होने के बाद अब क्षेत्र के लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की निगाहें 5 दिसंबर पर टिकी हैं। देखना होगा कि नई तारीख पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कितनी बड़ी संख्या में किसान, कामगार और कोल्हू संचालक पहुंचते हैं और उनके मुद्दों पर क्या चर्चा होती है।

रोडवेज कर्मचारियों ने बड़ौत डिपो परिसर में दिया धरना, मांगों को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

समाज जागरण

बागपत। बड़ौत रोडवेज डिपो परिसर में शनिवार को कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय आह्वान पर आयोजित धरने में कर्मचारियों ने डग्गामार वाहनों के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने, वेतन विसंगतियों को दूर करने और बसों पर लगने वाले निर्धारित कर को कम करने समेत कई मांगें उठाईं। परिषद के शाखा अध्यक्ष संजीव मलिक ने कहा कि डग्गामार वाहनों के खुलेआम संचालन से रोडवेज की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे निगम को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि बसों पर निर्धारित कर अधिक होने के कारण यात्रियों के किराए पर भी असर पड़ता है। इसलिए इस कर को कम किया जाना चाहिए। इसके अलावा निगम कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगतियों को दूर कर उनकी अन्य समस्याओं का भी समाधान किया जाए।धरना-प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने एआरएम हाकिम सिंह को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कर्मचारी संगठन आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होगा। वहीं एआरएम हाकिम सिंह ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनका ज्ञापन विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान शाखा अध्यक्ष संजीव मलिक, मंत्री विनोद कुमार, विद्यारत्न, परमेंद्र मलिक, अरविंद नेहरा, गोपाल शरण पाठक, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

बागपत शुगर मिल के डाइवर्ट गन्ने की आज से शुरू होगी तौल

डीएम से वार्ता कर मिल गेट पर गन्ना डालने वाले किसानों की समस्या का हुआ समाधान

समाज जागरण

बागपत। बागपत शुगर मिल का टरबाइन खराब होने से गन्ना तौल प्रभावित होने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। दूसरी शुगर मिलों में गन्ना डाइवर्ट करने के लिए मैप तैयार होने के बावजूद सेंटरों पर तौल शुरू नहीं हो पाई थी। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को किसान बागपत गन्ना समिति के चेयरमैन ठाकुर प्रदीप सिंह के कार्यालय पहुंचे और अपनी शिकायत रखी।
किसानों ने बताया कि तौल शुरू नहीं होने से गन्ना खेतों में खड़ा है और उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर ठाकुर प्रदीप सिंह ने जिला गन्ना अधिकारी से मुलाकात की और डीएम से फोन पर वार्ता कर समस्या के समाधान की मांग की। वार्ता के बाद अधिकारियों ने रविवार सुबह 11 बजे से डाइवर्ट किए गए गन्ने के सेंटरों पर तौल शुरू कराने का आश्वासन दिया। साथ ही शनिवार को ही इंडेंट जारी करने की बात कही गई। मिल गेट पर भी तौल शुरू कराने के लिए जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया। किसानों का कहना है कि तौल शुरू होने से उन्हें राहत मिलेगी। अब किसानों की नजर शनिवार को निर्धारित समय पर तौल शुरू होने पर है। इस दौरान रामनिवास डायरेक्टर, बबलू काठा वाइस चेयरमैन, प्रवीण डायरेक्टर सरूरपुर, वीरेंद्र प्रधान गौरीपुर, आदेश गांधी, राजीव, हर्ष, सोनू चौहल्दा, नेपाल सिंह टटीरी आदि किसान मौजूद रहे।

नेत्र अनमोल हैं, इसकी देखभाल नियमित रूप से करें: देवराज मित्तल

समाज जागरण

बागपत। लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सिवान की ओर से लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध समाजसेवी देवराज मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर देवराज मित्तल ने कहा कि नेत्र अनमोल



हैं, इसकी देखभाल नियमित रूप से करें। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से नेत्र रोगों का बचाव संभव है, इसलिए सभी को नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। शिविर के मुख्य संयोजक दृष्टि दूत एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि डॉ. दीपक शर्मा ने 67 नेत्र रोगियों की जांच की। इनमें से 8 रोगियों को आयुष्मान कार्ड द्वारा नेत्र ऑपरेशन हेतु चयनित कर वाहन द्वारा लायंस नेत्र हॉस्पिटल फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली भेजा गया, एवं 19 रोगियों के चश्मे के नंबर प्रदान किए गए।शिविर में सचिव लायन दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष लायन आशुतोष मित्तल, लायन मनोज मित्तल, लायन विभोर जिंदल एवं सोनम चौहान ने सहयोग किया। यह विशेष शिविर कल 29 नवंबर को भी लगेगा।

दांतों की निरंतर देखभाल स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है: प्रोफेसर डॉ. राजीव गुप्ता

समाज जागरण

बागपत। अहिंसा सेवा ट्रस्ट के द्वारा खट्टा प्रहलादपुर गांव में डीजे हॉस्पिटल मोदीनगर के द्वारा सरस्वती शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल में निशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 165 विद्यार्थियों एवं 53 ग्रामीणों की निशुल्क जांच की गई। चिकित्सकों की टीम ने अधिकांश मरीजों के दांतों में गंदगी और पायरिया पाया।शिविर का शुभारंभ मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज



के प्राचार्य, भारतीय वैश्य पारिवारिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद प्रोफेसर डॉ. राजीव गुप्ता एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश जैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि हर व्यक्ति को दांतों की निरंतर देखभाल करनी चाहिए। दांत शरीर के महत्वपूर्ण पाचन को प्रभावित करते हैं, जिनके कारण अनेक बीमारियां जन्म लेती हैं। राकेश जैन ने सभी चिकित्सकों की टीम व अतिथियों का स्वागत फूल मालाओं से किया व सभी का धन्यवाद दिया। सरस्वती शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल भाटी, राधे श्याम, सुरभित सर, कैंप इंचार्ज जफर, तनुषी, दीप्ति, अर्चित, अर्जित, मयंक जैन आदि उपस्थित रहे।

अग्रवाल मंडी टटीरी में हुआ सहकारिता सम्मेलन का आयोजन

समाज जागरण

बागपत। अग्रवाल मंडी टटीरी में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में चौधरी यशवीर सिंह राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त), उत्तर प्रदेश सरकार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।अपने संबोधन में चौधरी यशवीर सिंह ने किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण, एम-पैक्स के विस्तार, सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण, सस्ती दरों पर ऋण, खाद-बीज की उपलब्धता एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों के विषय में विस्तार से विचार रखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा की हमारा संकल्प - सहकार से समृद्धि, किसान की खुशहाली और आत्मनिर्भर गांव बनाना है। मंत्री जी ने सभी से अपनी वोट बनवाने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्षता वैध भंवर सिंह ने किया। इस अवसर पर सतीश त्यागी



चेयरमैन सिंगोली तगा, जयद्रथ चेयरमैन खट्टा परहलादपुर, कंवर पाल आर्य चेयरमैन भूमि विकास बैंक, चीनू शर्मा चेयरमैन, गंगा चरण शर्मा अध्यक्ष बड़ा गाँव, सुनील दीक्षित, रवि शंकर शर्मा, राकेश कुमार, सुरेंद्र डायरेक्टर संदीप कुमार, नीरज कुमार, विजयपाल, राधे कृष्ण शर्मा सभासद, विजेंद्र सिंह, चंद्र सिंह जॉनी, प्रेम सिंह, दीपचंद व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे '

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

इकोटेक-12 में औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण और डीजी सेट नियमों पर कार्यशाला

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने उद्यमियों को नवीन दिशा-निदेर्शों की जानकारी दी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा वेस्ट। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर नोएडा और इकोटेक-12 इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण एवं डीजी सेट नियमों पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम पीपीएस इंटरनेशनल, प्लॉट संख्या 116-सी, इकोटेक-12 में हुआ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता रणजीत सिंह, कुमार साहिल वर्मा और शुभम श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



अधिकारियों ने उद्यमियों को पर्यावरण नियंत्रण से जुड़े नवीन दिशा-निदेर्शों और नियम-कानूनों की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता रणजीत सिंह ने प्रस्तुति के माध्यम से औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवश्यक उपायों को समझाया। उन्होंने डीजी सेटों में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों की स्थापना, दोहरे ईंधन किट के उपयोग, निर्धारित चिमनी की ऊंचाई और अनुमोदित ईंधन के इस्तेमाल से जुड़े नियमों पर चर्चा की।

कार्यशाला में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निदेर्शों और ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के दौरान डीजी सेट संचालन संबंधी नियमों की जानकारी भी दी गई। ऑनलाइन उत्सर्जन निगरानी प्रणाली, वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण और संबंधित प्रणालियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों ने खाद्य, धातु, वस्त्र और बॉयलर सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के लिए निर्धारित प्रदूषण नियंत्रण मानकों तथा आगामी शीतकालीन तैयारियों की समीक्षा की। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों ने अपनी व्यावहारिक समस्याएं और शंकाएं अधिकारियों के सामने रखीं, जिनका समाधान किया गया।

इकोटेक-12 इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष साहिल कुमार, महासचिव श्रेय गुप्ता, कोषाध्यक्ष पी.के. अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी औद्योगिक इकाइयों से पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने और निर्धारित मानकों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की।

नोएडा स्टेडियम में गुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागम का भव्य शुभारंभ

हजारों संगत ने की शिरकत, भाई रणजीत सिंह खालसा के कीर्तन और आध्यात्मिक विचारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

नोएडा। श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी को



समर्पित दो दिवसीय ऐतिहासिक ह्यगुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागमह्ल का शनिवार को नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-21ए में भव्य शुभारंभ हुआ। ह्यआओ प्यारिओ दशमेश जी वल्ल मुड़िएह्ल लहर के अंतर्गत आयोजित इस समागम में नोएडा और एनसीआर से हजारों की संख्या में संगत ने पहुंचकर गुरबाणी और कीर्तन का श्रवण किया। समागम में भाई साहिब भाई रणजीत सिंह जी खालसा ढडरियां वाले और उनके साथियों ने भव्य कीर्तन दरबार में हाजिरी भरी। श्री गुरु ग्रंथ साहिब महाराज के पावन प्रकाश और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे आयोजन स्थल को भक्तिमय बना दिया।

भाई साहिब जी ने अपने आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से नाम सिमरन, गुरबाणी से जुड़ने और मानव जीवन को सार्थक बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके कीर्तन और विचारों से संगत भाव-विभोर हुई। इस ऐतिहासिक आयोजन में पद्मश्री एवं राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने विशेष रूप से पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सुखविंदर सिंह बब्बर, ह्यऑक्सीजन मैनह्ल के नाम से विख्यात गुरप्रीत सिंह रमी और संजय बाली सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने समागम में भाग लिया।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने संगत का स्वागत किया। आयोजकों के अनुसार समागम 29 नवंबर को भी शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक नोएडा स्टेडियम में जारी रहेगा। अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे सेक्टर-12 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब में अमृत संचार का आयोजन भी होगा। समागम का मुख्य उद्देश्य श्री गुरु नानक देव जी के सार्वभौमिक संदेश 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में प्रेम, सेवा, सद्भावना और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण का मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

एएसडी सूची के मतदाताओं का दोबारा सत्यापन करने के निर्देश, पात्र मतदाताओं के नाम कटने पर तत्काल फॉर्म-6 भरवाने को कहा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत गौतमबुद्धनगर में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर-104 स्थित एटीएस-वन हैमलेट के क्लब हाउस और सेक्टर-37 स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल के मतदान केंद्रों का दौरा कर बीएलओ की उपस्थिति, मतदाता पंजीकरण और उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आरडब्ल्यूए और एओए पदाधिकारियों तथा आम नागरिकों से भी संवाद कर मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में उनके अनुभव जाने।

स्थलीय निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 नवंबर से अब तक किए गए कार्यों, प्राप्त फॉर्म-6 सहित अन्य प्रपत्रों की स्थिति और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एएसडी यानी अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची के दोबारा सत्यापन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को उचित स्थलीय सत्यापन और घर-घर जाकर वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त किए बिना अनुपस्थित अथवा स्थानांतरित श्रेणी में चिह्नित नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम गलती से सूची से कट गया है, तो तत्काल फॉर्म-6 भरवाकर नाम पुनः शामिल कराने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित होनी चाहिए तथा किसी भी पात्र नागरिक को मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने युवा, महिला, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक और तीसरे लिंग के मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने और बीएलओ के कार्यों की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। एक सप्ताह बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति का आकलन किया जाएगा।

छात्रा के सम्मान की लड़ाई सड़क पर पहुंची

एवीपी छात्र विंग का कोतवाली पर प्रदर्शन, शिक्षक पर अभद्र व्यवहार और धमकी देने का आरोप

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। शहर के एक कॉलेज में छात्रा के कथित उत्पीड़न का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एक शिक्षक पर छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करने, विरोध करने पर परीक्षा में फेल कराने और भविष्य बर्बाद करने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। मामले के विरोध में एवीपी छात्र विंग ने कोतवाली पर धरना-प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। छात्र संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कोतवाली परिसर में नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने छात्रा को न्याय दिलाने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन के चलते कोतवाली परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

प्रधानाचार्य और आरोपित को थाने बुलाया

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कोतवाली प्रभारी ने शिकायत पर संज्ञान लिया। पुलिस ने कॉलेज के प्रधानाचार्य को थाने बुलाकर पूरे प्रकरण के संबंध में पूछताछ शुरू की। छात्रा द्वारा जिस व्यक्ति पर आरोप लगाए गए हैं, उसे भी थाने तलब किया गया।

पुलिस दोनों पक्षों से जानकारी जुटा रही है। देर शाम तक कोतवाली परिसर में संबंधित पक्षों और छात्र संगठन के पदाधिकारियों की मौजूदगी बनी रही। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

शिकायत पर सुनवाई न होने का आरोप

धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के केंद्र

गौ-संवर्धन को आधुनिक विज्ञान और रोजगार से जोड़ने की पहल

परखम में कई प्रकल्पों का लोकार्पण और शिलान्यास, पशु आयुर्वेद में देश के पहले पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरूआत

समाज जागरण संवाददाता

फरह (मथुरा)। पारंपरिक गौ-पालन को आधुनिक विज्ञान, चिकित्सा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को दीनदयाल धाम, फरह के अंतर्गत गऊ-ग्राम परखम स्थित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संतों, जनप्रतिनिधियों और वैज्ञानिकों की उपस्थिति में विभिन्न शैक्षणिक एवं अनुसंधान प्रकल्पों का लोकार्पण, शिलान्यास तथा पुस्तकों का विमोचन किया गया।

आस्था के साथ आर्थिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर जोर

समारोह में वक्ताओं ने गौ-संरक्षण को केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न रखते हुए इसे किसानों की आय, प्राकृतिक खेती और वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि छोटी जोत वाले किसानों के सामने खेती की बढ़ती लागत एक बड़ी चुनौती है। गो-आधारित प्राकृतिक खेती लागत कम करने का विकल्प बन सकती है।

उन्होंने संस्थान में शुरू की गई नई प्रयोगशाला की सराहना करते हुए कहा कि यहां वनस्पतियों के माध्यम से पशुओं के लिए पोषक उत्पादों और पंचगव्य आधारित उत्पादों के वैज्ञानिक प्रमाण जुटाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौ-संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि से जोड़ते हुए कहा कि गौ-



संरक्षण को आधुनिक शिक्षा और चिकित्सा के ढांचे में शामिल करना समय की मांग है। उन्होंने इस तरह के अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रयासों को ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

पारंपरिक ज्ञान के वैज्ञानिक परीक्षण पर जोर

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी और देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने पारंपरिक पशु चिकित्सा पद्धतियों के वैज्ञानिक परीक्षण और प्रमाणिकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान को शोध और वैज्ञानिक अध्ययन के माध्यम से व्यवस्थित रूप से सामने लाने की जरूरत है।

पंचगव्य आधारित उत्पादों और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की प्रभावशीलता को लेकर वैज्ञानिक प्रमाणों की मांग उठती रही है। ऐसे में संस्थान द्वारा शुरू किए गए अनुसंधान प्रकल्पों को इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। हालांकि, इन शोधों को मुख्यधारा की चिकित्सा और कृषि व्यवस्था से जोड़ने तथा किसानों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना आगे की बड़ी चुनौती होगी।

आयुर्वेद कॉलेज और पशु चिकित्सा महाविद्यालय का शिलान्यास

समारोह में आयुर्वेद एवं पंचगव्य अनुसंधान केंद्र तथा श्री नन्दीश्वर छात्रावास का लोकार्पण किया गया। वहीं आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय और आवासीय परिसर का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रो. के.एम.एल. पाठक से संबंधित इस पाठ्यक्रम को पशु आयुर्वेद के क्षेत्र में विशेष पहल बताया गया। प्रो. डॉ. ध्रुव कुमार और शोधार्थी मेघना पाट्याल द्वारा लिखित पुस्तक ह्यद काऊ रिसर्च : मॉलिक्यूलर एस्पेक्ट्सह्ल का भी विमोचन किया गया।

दुवासु के कुलपति डॉ. अभिजीत मित्रा और भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने पाठ्यक्रम की मान्यता और शैक्षणिक सहयोग की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि, निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, लक्ष्मी नारायण चौधरी, योगेंद्र उपाध्याय और धर्मपाल सिंह सहित अनेक संत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

विकसित भारत के लक्ष्य पर जीएलए में मंथन

सरकारी नौकरियों और नवाचार को लेकर विद्यार्थियों ने उपसभापति हरिवंश से पूछे सवाल

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका और बदलते समय की चुनौतियों को लेकर शनिवार को जीएलए विश्वविद्यालय में गहन मंथन हुआ। जन सांस्कृतिक मंच और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डॉ. एम.सी. चतुर्वेदी स्मृति व्याख्यान में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने विद्यार्थियों से केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित न रहने, बल्कि नवाचार, उद्यमिता, शोध और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने सरकारी नौकरी के अवसरों, भविष्य की अनिश्चितताओं और नवाचार से जुड़ी चुनौतियों पर सीधे सवाल पूछे।

नैतिक मूल्यों को बताया राष्ट्र निर्माण की बुनियाद

'विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका' विषय पर बोलते हुए हरिवंश ने कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना बड़ी से बड़ी प्रतिभा और कॉरपोरेट साम्राज्य भी टिक नहीं सकते। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय



आर्थिक संकटों का उल्लेख करते हुए कार्यशैली में ईमानदारी और पारिवारिक संस्कारों को राष्ट्र निर्माण की बुनियाद बताया।

उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए दीर्घकालिक दृष्टि, तकनीकी क्षमता और कठिन परिश्रम जरूरी हैं। वैश्विक विकास की तुलना करते हुए उन्होंने चीन की दीर्घकालिक योजना का उदाहरण दिया और कहा कि भारत ने भी वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तय किया है।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के कठिन परिश्रम और विमान डिजाइन से जुड़े प्रसंग तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में तकनीकी केंद्रों के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शोध, तकनीक और नवाचार देश को वैश्विक पहचान दिला सकते हैं।

सरकारी नौकरी पर निर्भरता से आगे बढ़ने की सलाह

व्याख्यान के बाद आयोजित संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने सरकारी नौकरियों के अवसरों, स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण और भविष्य में युवाओं की भूमिका को लेकर सवाल उठाए। विद्यार्थियों ने बदलते रोजगार परिदृश्य में अपनी संभावनाओं और चुनौतियों को सामने रखा।

हरिवंश ने विद्यार्थियों को पारंपरिक सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल विकास, अनुसंधान तथा उद्यमिता में अवसर तलाशने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बदलते समय में निरंतर सीखते रहना आवश्यक है।

कार्यक्रम की शुरूआत स्व. डॉ. एम.सी. चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। केंद्रीय सूचना आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया, जबकि आईआईएलएम के डायरेक्टर जनरल डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने स्व. डॉ. एम.सी. चतुर्वेदी के शैक्षणिक योगदान को याद किया।

अंत में सीएफओ डॉ. विवेक अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट और शोध गतिविधियों की जानकारी दी। जन सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजकिशोर अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अभिनव तिवारी ने किया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

दस दिनों में नए वोट के लिए 38,465 आवेदन, 2,263 बूथों पर चल रहा विशेष अभियान

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। शनिवार को रोल प्रेक्षक एवं मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने कलक्ट्रेट में अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने पुनरीक्षण अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी। इसके बाद 17 से 27 नवंबर तक जिले में नाम जोड़ने, नाम हटाने और संशोधन के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं।

नाम जोड़ने के लिए 38,465 आवेदन

प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 17 से 27 नवंबर के बीच मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के 38,465 आवेदन प्राप्त हुए। नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 के 1,931 और मतदाता सूची में संशोधन के लिए फॉर्म-8 के 4,850 आवेदन आए हैं।

मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित न रहें।

'यूथ ऑन बूथ' अभियान तेज करने के निर्देश

जिले के सभी 2,263 बूथों पर विशेष शिविर आयोजित कर ह्ययूथ ऑन बूथह्ल अभियान चलाया जा रहा है। मंडलायुक्त ने अभियान को और तेज करने तथा अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजनीतिक दलों से भी अपने बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय करने और बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करने की अपील की।

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

समीक्षा बैठक के बाद रोल प्रेक्षक नगेंद्र प्रताप ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर अभियान की जमीनी स्थिति परखी। उन्होंने 84-मथुरा विधानसभा क्षेत्र के वीडीपी राजकीय इंटर कॉलेज, बीएसए कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज तथा गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रांची बांगर स्थित बूथों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बीएलओ की उपस्थिति, मतदाता सत्यापन, नए पंजीकरण और फॉर्म-6, 7 व 8 के डिजिटाइजेशन कार्य की जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में समाजवादी पार्टी से वीरेंद्र यादव और प्रदीप चौधरी, भाजपा से आकाश चौधरी, कांग्रेस से बलवीर प्रधान और अशोक कुमार श्रीवास्तव, बसपा से मुनेंद्र सिंह निगम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से सुरेश कुमार आर्य तथा आम आदमी पार्टी से भगत सिंह और भोजराज सुमन सहित संबंधित निर्वाचन अधिकारी उपस्थित रहे।

मथुरा पुलिस में बड़ा फेरबदल, सात थानों को मिले नए प्रभारी

चुनावी तैयारियों के बीच एसएसपी श्लोक कुमार ने जारी की तैनाती सूची

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच मथुरा पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। तीन वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही जिले में तैनात अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद रिक्त हुए थानों की जिम्मेदारी नए अधिकारियों को सौंपी गई है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने गैर-जनपदों से स्थानांतरित होकर आए निरीक्षकों और एक उपनिरीक्षक को नई जिम्मेदारी देते हुए सात थानों के प्रभारियों में बदलाव किया है। चुनाव आयोग के निदेर्शों के तहत तीन वर्ष की अवधि पूरी कर चुके पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए थे। इसके चलते जिले के कई थानों के प्रभारी निरीक्षक दूसरे जिलों में स्थानांतरित हो गए थे।

थानों में रिक्त पदों को भरने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से नई तैनाती सूची जारी की गई है।

इन अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर निरीक्षक प्रेमशंकर पांडेय को थाना गोवर्धन का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। निरीक्षक हरेंद्र मलिक को थाना बरसाना की कमान सौंपी गई है।

निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह चौहान को थाना गोविंदनगर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है, जबकि निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को नौहझील थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को थाना महावन का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है।

अन्य अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव

इस फेरबदल में पहले से तैनात कुछ अधिकारियों के कार्यक्षेत्र भी बदले गए हैं। नौहझील के थाना प्रभारी रहे अंजीश कुमार को अब छाता थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोविंदनगर में तैनात उपनिरीक्षक अजय वर्मा को वहां से हटाकर राया थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

नशा युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा : वक्ता

पड़ोस युवा संसद में नशामुक्ति का संदेश, विद्यार्थियों को जागरूक रहने का आह्वान

समाज जागरण संवाददाता

छाता (मथुरा)। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को गंभीर सामाजिक खतरा बताते हुए वक्ताओं ने इससे दूर रहने का आह्वान किया। श्री खेलन वन इंटर कॉलेज, शेरगढ़ में ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद और ह्यनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम मेरा युवा भारत, मथुरा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा नेहरू यूथ क्लब, हसनपुर नौहझील के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इसमें युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

नशे का असर परिवार और समाज पर भी

मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि नशे की लत युवाओं को अंधकार की ओर धकेल रही है।

दशमेश स्कूल चोरमार में खेल प्रतिभाओं का सम्मान, एसपी जसलीन कौर ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल व पुरस्कार देकर बढ़ाया उत्साह

एसपी ने नशा मुक्ति, साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

वार्षिक एथलीट मीट में लॉन्ग जंप, हाई जंप, भाला, तलवार और गतका में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



समाज जागरण

डबवाली/कालांवाली 28 नवंबर (सुरेश जोरासिया) पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर, आईपीएस आज गांव चोरमार स्थित गुरुद्वारा साहिब में दशमेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक एथलेटिक मीट के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे, जहां स्कूल प्रबंधन, गुरुद्वारा साहिब के प्रतिनिधियों, गांव के सरपंच एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्म विश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें । कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने लॉन्ग जंप, हाई जंप सहित भाला, तलवार एवं गतका का शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज को प्रभावित करता है। डबवाली पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नशा पीड़ितों के उपचार एवं पुनर्वास के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और नशा तस्करी संबंधी किसी भी सूचना को राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933, MANAS पोर्टल https://ncbmanas.gov.in/ अथवा डब वाली पुलिस के मोबाइल नंबर 9138999748 या अपने नजदीकी थाना अथवा चौकी में सुचित करने की अपील की। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी । इसके अलावा अगर उनके परिवार या आस पास कोई व्यक्ति नशे से पीड़ित है तो उसका तिरस्कार करने के बजाय उसे नशा त्यागने के लिए प्रेरित करें व नशा मुक्ति टीम डबवाली के मोबाइल नंबर 9138999731 व 9416 597411 पर संपर्क करें ताकि उसे सही समय पर उचित काउंसलिंग व उपचार उपलब्ध करवाया जा सके । साइबर सुरक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। विद्यार्थी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी के साथ ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाते या यूपीआई पिन की जानकारी साझा न करें तथा सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी और तस्वीरें साझा करते समय सावधानी बरतें। साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा वेबसाइट www. cybercr ime. gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं।

महिला एवं बाल सुरक्षा पर जोर देते हुए एसपी जसलीन कौर ने विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, महिला अधिकारों और किसी भी अनुचित व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन 1091 और 181, बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए 112 उपलब्ध है। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति ऐप और ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा पुलिस को सूचित करने की अपील की। सड़क सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं, ओवरस्पीडिंग और ट्रिपल राइडिंग से बचें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। सड़क दुर्घटना अथवा किसी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना दें। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनें। उन्होंने कहा कि जागरूक युवा ही नशा मुक्त, अपराध मुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के साथ प्रबंधक थाना औढ़ां उपनिरीक्षक विजय सिंह, सुरक्षा शाखा प्रभारी मुख्य सिपाही अनिल कुमार सहित अन्य कर्मचारी व दशमेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या गुरप्रीत कौर, गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी संत बाबा गुरपाल सिंह, गांव के सरपंच जितेंद्र सिंह, अन्य गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में मनाया गया 'अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त दिवस', 300 महिलाओं ने ली कुरीति मिटाने की शपथ

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 300 महिलाओं ने ली शपथ भिवानी, 28 नवंबर। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह मुक्त दिवस पर हनुमान ढाणी स्थित जोहड़ी वाला मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महंत चरणदास के सान्निध्य और जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में करीब 300 महिलाओं ने भाग लिया और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने की शपथ ली। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने कहा कि जिला प्रशासन बाल विवाह मुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने महिलाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। वहीं, महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हरबंस कौर ने बाल विवाह निषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और कम उम्र में विवाह के कारण बालिकाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट दिखाया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी बाल विवाह रोकने का संदेश दिया गया।

इसके अलावा, खंड बहल में आयोजित ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता में भी मंजू राणा ने खिलाड़ियों और महिलाओं को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, एनजीओ प्रतिनिधि और सुपरवाइजर मौजूद रहे।

शिक्षा संस्थाओं की सफलता के लिए स्थाई अध्यापकों की नियुक्ति बहुत जरूरी है : वाइस चांसलर डॉ. जगदीप सिंह

पंजाबी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो का दौरा किया

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



जैतो, 28 नवंबर : पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के वाइस चांसलर डॉ. जगदीप सिंह ने यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज के पूरे स्टाफ के साथ करीब तीन घंटे बिताए और कॉलेज के एडमिनिस्ट्रेटिव मामलों, टीचरों और नॉन-टीचिंग स्टाफ की समस्याओं पर खुलकर चर्चा की।इस मौके पर वाइस चांसलर डॉ. जगदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा संस्थाओं की सफलता और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए स्थाई अध्यापकों की नियुक्ति बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के मेन कैंपस में असिस्टेंट प्रोफेसरों के 150 और कांस्टीट्यूएंट कॉलेजों में 100 रेगुलर पोस्ट भरने का प्रोसेस जल्द ही शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा, पंजाब सरकार पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन) के जरिए असिस्टेंट प्रोफेसरों के 1200 रेगुलर पोस्ट भरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेजों के मैनेजमेंट को आसान बनाने और बेहतर तालमेल के लिए, अनुभवी प्रोफेसरों में से एक सिलेक्शन प्रोसेस के जरिए कैंपस कोऑर्डिनेटर भी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो में कम रिसोर्स होने के बावजूद पूरे स्टाफ के डेडिकेशन की तारीफ की। उन्होंने स्टाफ की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अलग-अलग मुद्दों पर अपने विचार शेयर किए।

इस मौके पर, वाइस चांसलर के साथ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सम्राट खन्ना और सीनियर फैकल्टी सदस्य डॉ. परमिंदर सिंह तग्गड, प्रो. शिल्पा कांसल, डॉ. सुभाष चंद्रा, डॉ. राजीव कपूर और इंजी. अर्शदीप बराड़ के अलावा कॉलेज का पूरा टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ मौजूद था।

प्रिंसिपल और कॉलेज स्टाफ पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के वाइस चांसलर डॉ. जगदीप सिंह को सम्मानित करते हुए, जो यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो आए थे ।

किशोरावस्था की चुनौतियों और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में विशेष कार्यशाला आयोजित ।

नेशनल काउंसिल फॉर स्कूल सेफ्टी एवं स्टेफ्री इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा की मनोवैज्ञानिक तमन्ना ने छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल,28 नवंबर। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करना भी बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, बहल की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य को सार्थक दिशा देते हुए विद्यालय में नेशनल काउंसिल फॉर स्कूल सेफ्टी (NCSS) एवं स्टेफ्री इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए किशोरावस्था शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर एक विशेष निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा से जुड़ी मनोवैज्ञानिक तमन्ना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवस्था में होने वाले प्राकृतिक बदलावों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म से संबंधित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, संतुलित पोषण, आत्म सम्मान तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता के महत्व को सरल, सहज एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं और सवालों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना तथा उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का एक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील पड़ाव है, जिसमें अनेक प्रकार के शारीरिक और भावनात्मक बदलाव आते हैं। इन बदलावों को समझना, उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना तथा किसी भी समस्या या असमंजस की स्थिति में उचित मार्गदर्शन प्राप्त करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति सजग रहने, आत्मसम्मान बनाए रखने तथा बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को साझा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सही जानकारी, जागरूकता और सकारात्मक सोच ही आत्मविश्वास से परिपूर्ण एवं स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार झाझरिया एवं उपप्राचार्या सरस्वती दीक्षित ने मनोवैज्ञानिक तमन्ना को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के प्रति जागरूक, संवेदनशील और आत्म निर्भर बनाना भी है।

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विषयों पर इस प्रकार की कार्यशालाएं अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती हैं। विशेषकर किशोरावस्था के दौरान छात्राओं को सही जानकारी, सहज संवाद का अवसर और उचित मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है, ताकि वे अपने जीवन में होने वाले बदलावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।विद्यालय प्रबंधन ने इस सराहनीय पहल के लिए नेशनल काउंसिल फॉर स्कूल सेफ्टी एवं स्टेफ्री इंडिया का आभार व्यक्त किया।

फिरोजपुर मंडल में रेलवन ऐप के प्रचार के लिए विशेष अभियान कर अनारक्षित टिकट बुकिंग पर यात्रियों को मिल रही 3 प्रतिशत छूट

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



जैतो,28 नवम्बर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा शनिवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि फिरोजपुर मंडल द्वारा यात्रियों को डिजिटल रेलवे सेवाओं से जोड़ने के लिए रेलवन ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाकर यात्रियों को ऐप की सुविधाओं एवं इसके उपयोग के बारे में जागरूक किया जा रहा है। रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुकिंग, डिजिटल भुगतान सहित रेलवे की विभिन्न सेवाओं का लाभ अपने स्मार्टफोन पर आसानी से उठा सकते हैं। ऐप से अनारक्षित टिकट बुक करने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट भी मिलती है। इससे टिकट बुकिंग अधिक सुविधाजनक एवं किफायती बनती है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि अमृतसर, जलंधर सिटी, जलंधर कैंट, लुधियाना एवं फिरोजपुर कैंट सहित प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को रेलवन ऐप के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के परिणामस्वरूप ऐप के उपयोगकताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल की स्टाफ यात्री को रेलवन की ऐप की जानकारी देते हुए।

बहल में बाल विवाह मुक्त भारत और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

बाल विवाह रोकने और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने का लिया

राजीव गांधी स्टेडियम में जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने दिलाई शपथ, ग्रामीण महिलाओं और बच्चों ने लिया भाग

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]



बहल, 28 नवंबर। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने और बेटियों की शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 27 नवंबर 2026 को बहल के राजीव गांधी स्टेडियम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाल विवाह मुक्त भारत एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकने और बेटियों को शिक्षा के समान अवसर देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सीडीपीओ उषा रानी, महिला सुपरवाइजर ललिता एवं ऋतु, सहायक सुखबीर सिंह, डीईओ अनीता, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी, क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता का लिया संकल्प

शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे बाल विवाह रोकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि कानून के अनुसार 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। सभी ने शपथ ली कि यदि उनके संज्ञान में कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी आती है तो वे इसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देंगे, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बेटियों की शिक्षा और समान अधिकारों पर दिया जोर

कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने में सामूहिक भागीदारी का आह्वान किया गया। उपस्थित लोगों ने बेटियों को शिक्षा के समान अवसर देने, उनके अधिकारों का सम्मान करने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए इस सामाजिक कुरीति को रोकने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई।

बठिंडा में सुखबीर बादल का बड़ा सियासी इशारा, अमित कपूर को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)



बठिंडा,28 नवम्बर : शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल द्वारा बठिंडा में व्यापारियों के साथ की गई बैठक के दौरान पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित कपूर को लेकर दिए गए संकेतों ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। व्यापारियों के साथ बैठक के दौरान अमित कपूर की ओर इशारा करते हुए सुखबीर बादल ने उन्हें भविष्य में बड़ी राजनीतिक जिम्मेदारी सौंपने के संकेत दिए, जिसके बाद व्यापारी वर्ग में खुशी और राजनीतिक हलकों में उत्सुकता का माहौल बना हुआ है।सुखबीर बादल के इस इशारे को अमित कपूर के राजनीतिक कद को और ऊंचा उठाने तथा उन्हें पार्टी में कोई अहम पद या बड़ी जिम्मेदारी देने की संभावना से जोड़कर देखा जा रहा है। अमित कपूर लंबे समय से व्यापारी वर्ग के मुद्दों को उठाते रहे हैं और व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

क्या बठिंडा की राजनीति में अमित कपूर की होगी नई एंट्री? सुखबीर बादल के संकेत के बाद यह चर्चा भी जोर पकड़ने लगी है कि क्या अमित कपूर को आने वाले समय में पार्टी की ओर से कोई बड़ा पद दिया जाएगा या उन्हें चुनावी राजनीति में उतारने की तैयारी की जा रही है। बठिंडा से उन्हें शिरोमणि अकाली दल-भाजपा गठबंधन के संभावित उम्मीदवार के रूप में देखे जाने की चर्चाएं भी राजनीतिक गलियारों में शुरू हो गई हैं।हालांकि अमित कपूर की अगली राजनीतिक भूमिका को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सुखबीर बादल की ओर से दिए गए संकेतों ने उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलों को जरूर तेज कर दिया है।व्यापारी वर्ग में अमित कपूर की सक्रिय भूमिका और पार्टी के शीर्ष नेता की ओर से उन्हें मिली तवज्जो को देखते हुए आने वाले समय में उन्हें कोई अहम राजनीतिक जिम्मेदारी मिलने की संभावनाओं को बल मिल रहा है। अब देखना होगा कि सुखबीर बादल का यह राजनीतिक संकेत अमित कपूर के लिए किस नई पारी की शुरूआत करता है।

नितिन सैन सैकड़ों समर्थकों के साथ इनसो में शामिल, दिग्विजय चौटाला ने किया स्वागत

आईएसओ के जिला कार्यकारी प्रभारी रहे नितिन सैन ने साथियों सहित जेजेपी की छात्र इकाई इनसो का थामा दामन

डॉ. अजय सिंह चौटाला के भिवानी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह का दावा

दैनिक समाज जागरण, [[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 28 नवंबर। जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) की छात्र इकाई इनसो में शनिवार को इनेलो की छात्र विंग आईएसओ के जिला कार्यकारी प्रभारी नितिन सैन अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में नितिन सैन ने अपने साथियों सहित इनसो में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह चौटाला ने नितिन सैन का स्वागत करते हुए कहा कि वे उनके संघर्ष के साथी रहे हैं और हमेशा साथ जुड़े रहे। उन्होंने इसे घर वापसी बताते हुए कहा कि डॉ. अजय सिंह चौटाला द्वारा भिवानी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद समर्थकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उनके अनुसार, पार्टी में लगातार पुराने साथियों की वापसी हो रही है, जिससे संगठन को मजबूती मिल रही है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी चौधरी देवीलाल के विचारों पर चलने वाली पार्टी है और कार्य कताओं के साथ उसके सामाजिक एवं पारिवारिक संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि नितिन सैन के इनसो में शामिल होने से छात्र संगठन को मजबूती मिलेगी।

डॉ. अजय चौटाला के मार्गदर्शन में काम करने की बात कही

इनसो में शामिल हुए नितिन सैन ने कहा कि वे डॉ. अजय सिंह चौटाला की पाठशाला के छात्र रहे हैं। उनके अनुसार, बीच में कुछ परिस्थितियों के कारण रास्ता बदल गया था, लेकिन उनके विचार इनसो और जेजेपी से मेल खाते हैं। उन्होंने कहा कि आईएसओ में काम करना मुश्किल हो रहा था, इसलिए उन्होंने अपने साथियों के साथ इनसो में शामिल होने का निर्णय लिया है। नितिन सैन ने कहा कि डॉ. अजय सिंह चौटाला के भिवानी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की जानकारी मिलने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी डॉ. अजय सिंह चौटाला के मार्गदर्शन में काम कर चुके हैं और उन्हें सांसद बनाने के लिए युवाओं की टीम के साथ मेहनत करेंगे। उन्होंने दिग्विजय सिंह चौटाला का आभार जताते हुए भविष्य में पूरा सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर आशीष ढाणीमाहू, टॉक्सिस धनाना, संजू पूरणपुरा, हैप्पी पूरणपुरा, मनदीप लखटकिया, कृष लखेरा, विनीत जाट, प्रियांशु गुप्ता, शुभम सोनी, भूपेश शर्मा, संदेश मित्तल, चांद प्रजापति, मनीष जांगड़ा, विवेक जांगड़ा, आकाश परमार, गोलू पहलवान, सूरज पहलवान, राहुल पहलवान, अमनदीप मैहड़ा, दिल लखेरा, सौरव राणा, मोहित मानेहरू, परीन सांगा, निखिल राजगढ़, मनीष नांगल, हरीश धारेडू, संजू भिवानी, रोहित गुर्जर, भारत धारेडू, शंकर भिवानी, अक्षय गौरीपुर, कर्ण बलियाली, नमन कासनी, निशू सुई और राखी भिवानी सहित अनेक युवाओं ने इनसो में शामिल होने की घोषणा की। कार्यक्रम में जेजेपी जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जिला प्रवक्ता राजू मेहरा, पंडित मुकेश बापौड़ा, सिद्धार्थ टाइगर और अशोक सिहाग सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना : निःशुल्क वाराणसी तीर्थ यात्रा के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

समाज जागरण

सिरसा/कालांवाली 28 नवंबर (सुरेश जोरासिया) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हरियाणा सरकार प्रदेश के बुजुर्ग श्रद्धालुओं को 15 दिसंबर को 4 दिवसीय निःशुल्क वाराणसी तीर्थ यात्रा करवाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस विशेष ट्रैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा के लिए पात्र श्रद्धालुओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पात्र श्रद्धालु सरल पोर्टलhttps://saralharyana.gov.in पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा आगामी दिनों में विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को वाराणसी के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। रेल यात्रा के दौरान प्रत्येक श्रद्धालु को पर्यटक किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना का लाभ 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के बुजुर्ग श्रद्धालु उठा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत इससे पहले प्रदेश के श्रद्धालुओं को अयोध्या तथा महाराष्ट्र स्थित श्री हजूर साहिब, नांदेड़ की निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा चुकी है। योजना के तहत पात्रता के लिए श्रद्धालु के परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

यूपी में योगी महाराज विराजमान है:उपराष्ट्रपति

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। काशी पहुंचे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने योगी की तुलना दक्षिण भारत के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार रहे पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज से की है।शनिवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम् 5.0 का शुभारंभ हुआ। उपराष्ट्रपति इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी ने अपने संबोधन की शुरूआत 'वणक्कम' कहकर की।इससे पहले नमो घाट पर उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु से आए छात्रों और डेलिगेट्स से मुलाकात की। काशी तमिल संगमम् के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के 1,400 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। ये प्रतिभागी कन्याकुमारी, चेन्नई और कोयंबटूर समेत तमिलनाडु के अलग-अलग हिस्सों से आए हैं। भारतीय भाषा समिति, काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) और आईआईटी मद्रास आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

तमिलनाडु के पूर्व सीएम रहे के. कामराज ने 1963 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को मंत्री पद छोड़कर संगठन में प्रस्ताव दिया था, जिसे 'कामराज प्लान' कहा गया। जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री के बाद इंदिरा गांधी को पीएम बनवाने में उनकी भूमिका के लिए 'किंगमेकर' कहा जाता है।योगी ने कहा-काशी में गंगा, तमिलनाडु में कावेरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी तमिल संगमम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों पुराने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रिश्तों को फिर से जोड़ने का आंदोलन है। पहले इस परंपरा में सीमित लोग आते थे, लेकिन आज हजारों विद्यार्थी, शिक्षक और शोधकर्ता इस सांस्कृतिक धारा से जुड़ रहे हैं।यह संगम हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र किसी एक भाषा या संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि उन विविधताओं से बनता है। जो एक-दूसरे के हृदय को हृदय से जोड़ती हैं। काशी में मां गंगा हैं तो तमिलनाडु में मां कावेरी। नदियां अलग हैं, भाषाएं अलग हैं, लेकिन हमारी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय संकल्प एक है।

सप्तम राष्ट्रीय सनातन अधिवेशन संपन्न

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। ब्रह्मराष्ट्र एवं विश्व महासंघ न्यास, काशी द्वारा आयोजित सप्तम राष्ट्रीय सनातन अधिवेशन का मुख्य कार्यक्रम 27 नवंबर को जयपुर स्थित अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, प्रदेश सभा, राजस्थान के सभागार में अत्यंत भव्यता एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन परम पूज्य श्रीकुल पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 डॉ. सच्चिदानाथ जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज श्री के स्वागत प्रवचन, गणेश वंदना एवं मंगलाचरण के साथ वैदिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में हुआ। महाराज श्री ने अपने स्वागत उद्बोधन में सनातन संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्र चेतना के जागरण, युवा पीढ़ी में संस्कारों के संवर्धन तथा समाज को सेवा एवं आध्यात्मिकता के सूत्र में जोड़ने का आह्वान किया।

प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में गलता पीठाधीश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी श्री संपतकुमार अवधेशाचार्य जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं मुख्य वक्ताओं के रूप में गौतम खट्टर , श्रीमती डॉ. सुरुचि तिवारी, प्रो. डॉ. दिनेश चहल एवं आचार्य डॉ. श्रीप्रकाश द्विवेदी जी ने अपने ओजस्वी एवं तेजस्वी विचारों से सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। वक्ताओं ने सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा, भारतीय संस्कृति, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं वर्तमान समय में सनातन मूल्यों की प्रासंगिकता पर सारगर्भित विचार रखे।

इस अवसर पर संस्था की ब्रांड एम्बेसडर एवं राजस्थान के बूंदी राजपरिवार से बाईसा करिश्मा हाड़ा जी का ऊजार्वान उद्बोधन भी विशेष आकर्षण रहा। साथ ही अवशेष पांडेय (कल्लू महाराज), पंडित सतीश चंद्र मिश्रा एवं जयपुर सरकारी डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. विनय कुमार ने अपने मार्गदर्शक आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमुदाय का उत्साहवर्धन किया।द्वितीय सत्र में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में संत एवं हवामहल, जयपुर के विधायक श्री बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज की विशेष उपस्थिति एवं आशीर्वचन प्राप्त हुए। उन्होंने सनातन संस्कृति की दिव्यता, भारतीय परंपराओं की महत्ता एवं समाज में आध्यात्मिक चेतना के विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस सत्र में पुनीत जेटली(पागल बाबा) ने अपनी विशिष्ट गायन शैली से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया। वहीं राकेश तिवारी के सुमधुर कंठ से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने वातावरण को संगीतमय बना दिया। जयपुर के चार विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों की प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम एवं सनातन संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली।

इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से संस्था के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, असम, मध्यप्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों की सहभागिता ने संस्था की राष्ट्रीय एकजुटता, संगठनात्मक विस्तार एवं सनातन विचारधारा के प्रति समर्पण को प्रदर्शित किया।

महाराज श्री ने इन चारों प्रकल्पों के शीघ्र साकार होने की मंगलकामना करते हुए कहा कि संस्था का प्रत्येक प्रयास लोककल्याण, मानव सेवा, सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं विश्व बंधुत्व की भावना को समर्पित है। उन्होंने ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाःह्व के पवित्र भाव तथा ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व के सनातन मंत्र को आत्मसात करते हुए संपूर्ण विश्व के कल्याण एवं सनातन धर्म की सदैव विजय की कामना की।सप्तम राष्ट्रीय सनातन अधिवेशन ने संतों, विद्वानों, समाजसेवियों, युवाओं एवं विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधियों को एक मंच पर जोड़ते हुए सनातन संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्र चेतना एवं विश्व कल्याण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की।

बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी।अजगरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांचोशिवाला-टिकरी कला मार्ग (वाया कृष्णापुर कला) पर इसीपुर मोड़ स्थित सैरा चौराहा से कम्पोजिट विद्यालय सैरा गोपालपुर तक लगभग 550 मीटर संपर्क मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से जल्द पक्की सड़क बनवाने की मांग उठाई।

उक्त संपर्क मार्ग का कुछ हिस्सा खड़ंजायुक्त है, जबकि शेष भाग पूरी तरह कच्चा है। लंबे समय से जर्जर एवं बदहाल स्थिति में पड़े इस मार्ग पर आवागमन करना किसी चुनौती से कम नहीं है। बरसात के दिनों में चलना मुश्किल होता है।

यह मार्ग इसीपुर एवं फत्तेपुर सहित रसुलपुर, लोकापुर, कृष्णापुर, दयालपुर एवं पाण्डेपुर आदि गांवों को टिकरी एवं हथिवार से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी एवं अन्य राहगीर इसी रास्ते से आवागमन करते हैं।

इस संबंध में समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से खंड विकास अधिकारी, पिण्डरा को मांग पत्र सौंपा गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं अभियंताओं को आवश्यक निर्देश देकर सड़क निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि वे अपने गांवों के बच्चों की सुरक्षा, बेहतर आवागमन एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।

प्रमुख रूप से उपस्थित एवं मांग उठाने वाले प्रमोद पाण्डेय समाजसेवी,पप्पू सिंह अध्यक्ष, व्यापार मंडल मंगारी, विजय पटेल,आनंद पटेल,दीपक पटेल,मंगल पटेल,बंदना पटेल,संगीता पटेल,आकाश भारती, अनिल भारती,रामबृक्ष सहित समस्त क्षेत्रवासी शामिल रहे।

अभियान के तहत संगठन को मजबूत करने में जुटे कार्यकर्ता

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के निदेर्शानुसार हर घर झंडा एवं नेम प्लेट अभियान के तहत रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छितौनी में ग्राम प्रधान विजय जायसवाल व सक्रिय सदस्य अनील कुमार माली, बृजेश प्रजापति के आवास पर पार्टी का झंडा एवं नेम प्लेट लगाया गया। इस अवसर पर रोहनिया के विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अपना दल (एस) डॉ. सुनील पटेल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन में पहचान देना तथा जन-जन तक पार्टी की विचारधारा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) सामाजिक न्याय, वंचितों के अधिकारों की रक्षा, व्यवस्था परिवर्तन तथा शोषित, पिछड़े, मजदूर और किसान वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर संघर्षरत है।

विधायक ने स्व डॉ. सोनेलाल पटेल जी के विचारों एवं संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हुए अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम में विधानसभा कार्यालय प्रभारी राजकुमार कश्यप, जिला अध्यक्ष युवा मंच मानस सिंह, श्यामबली ,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हर कर्मचारी के सुख-दुख में विभाग साथ खड़ा है: सुरेंद्र कुमार मौर्य

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी। गोसाईपुर नंबर दो के सचिव अरविंद दुबे की पत्नी के निधन का समाचार मिलने पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सुरेंद्र कुमार मौर्य शनिवार की सुबह गोसाईपुर स्थित अरविंद दुबे के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और यह विश्वास दिलाया कि समिति कर्मचारी के हर सुख- दुख में पूरा विभाग उनके साथ खड़ा है।

हम सब एक परिवार हैं और किसी भी सदस्य का दुख पूरे परिवार की क्षति है। इस अवसर पर एडीसीओ लालजी, एडीओ प्रदीप कुमार मौर्य, एडीओ कन्हैया लाल मौर्य, सचिव सहकारी परिषद के जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह, सचिव अखिलेश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

वी पी एस राजातालाब में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

विजेताओं खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

समाज जागरण रंजीत तिवारी





वाराणसी।। जिले में शनिवार को वाराणसी पब्लिक स्कूल बंगालीपुर राजातालाब वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव कीर्ति शिखर 2026 -27 का समापन प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय महेन्द्र पटेल ब्लॉक प्रमुख आराजी लाईन वाराणसी, विशिष्ट अतिथि गोरखनाथ यादव अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक ने सयुक्त रूप से शुभारंभ किया। दो दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल-कूद में बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा अपने खेल प्रदर्शन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल महोत्सव के समापन पर रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसमें हनुमान चालीसा और देशभक्ति पर आधारित नृत्य ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग, नेतृत्व क्षमता एवं प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना विकसित होती है।

विद्यालय के उपनिदेशक के.के. पाण्डेय ने विद्यार्थियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने खेल को सफल बनाने में सभी योगदान देने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजित खेल में मुख्य रूप से कबड्डी,खो खो ,बॉलीबॉल, रस्साकशी, बेटमिंटन प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशाल यादव कुश्ती प्रशिक्षक भारतीय खेल प्राधिकरण एन.सी.ई.ओ. सिगरा वाराणसी, संजीव सिंह राजकुमार कुमार गुप्ता, रितेश दूबे, वाराणसी पब्लिक स्कूल, ग्रुप ऑफ एजूकेशन के उप प्रबन्धक शशिकान्त गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री रामानन्द जायसवाल, उपनिदेशक के.के. पाण्डेय, प्रधानाचार्य दिलीप कुमार पाण्डेय (बंगालीपुर, राजातालाब) एवं अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक आवास पर 441 जोड़ों की शादी, फेरे-निकाह से गूंजा आलमपुर गांवड़ी

322 हिंदू जोड़ों ने लिए सात फेरे, 119 मुस्लिम जोड़ों का पढ़ा गया निकाह; प्रत्येक जोड़े को 65 हजार रुपये का चेक और 21 हजार रुपये का उपहार सामान।

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। अफजलगढ़ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आवास पर आयोजित समारोह में अफजलगढ़ और कोतवाली ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 441 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इनमें 322 हिंदू और 119 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। समारोह में हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया, जबकि मुस्लिम जोड़ों का निकाह धर्मगुरु हाफिज ने पढ़ाया। सरकार की ओर से प्रत्येक विवाहित जोड़े को 64 हजार रुपये का चेक तथा 21 हजार रुपये का उपहार सामान देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह, एसडीएम प्रिंस कुमार, अफजलगढ़ ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली और कोतवाली ब्लॉक प्रमुख तृप्ति विकास राजपूत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। समारोह में जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह,एसडीएम धामपुर प्रिंस कुमार, अफजलगढ़ बीडीओ नीरज कुमार गर्ग, कोतवाली देहात बीडीओ रूबेन शर्मा, एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, एडीओ समाज कल्याण सत्येंद्र कुमार, भाजपा नेता अरविंद कुमार गहलौत, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,मेम्बर कलवा कुरैशी,भाजपा नेता जयवीर पंचाल,पूर्व प्रधान मास्टर पूरन सिंह,मोहित त्यागी, प्रधान कैलाशचंद्र चौधरी और प्रधान सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कलात्मिका संगीतालय में भव्य संगीत उत्सव का आयोजन

समाज जागरण रंजीत तिवारी



जिले के अवलेशपुर ,चितईपुर स्थित कलात्मिका संगीतालय में संगीत उत्सव का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रख्यात भोजपुरी फिल्म लेखक बी. बी. मौजी, दिवाकर द्विवेदी, डॉ. जे. पी. सिंह तथा मुसल्लम ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया।उत्सव के दौरान संगीतालय के छात्र-छात्राओं ने राग, गीत, गजल, भजन और फिल्मी गीतों की विविध प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीतालय के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से प्रस्तुत 'रागमाला' रही।जिसमें राग यमन, राग बिहाग, राग भूपाली, राग काफी, भीमपलासी और वृंदावनी सारंग की प्रस्तुति के बाद राग भैरवी से इसका समापन किया गया।

समारोह में जापान से आईं मीका योशिदा ने भगवान शिव को समर्पित गीत "हर हर महादेव शंभो, काशी विश्वनाथ गंगे" प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मिजार्पुर से पधारे गणेश खैरे ने बांसुरी पर राग यमन की मनमोहक तानें छेड़ीं और राग पहाड़ी की धुन के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। उनकी प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए।

समारोह में मुकेश सिंह पटेल, किशन श्रीवास्तव, अहिंसा जैन, गरिमा, प्रियंका उपाध्याय, अनिका, स्वाती, परिधि, अहाना, संस्कृति पाल, गीतांजलि पाल, कंचन सिंह, गजराज वर्मा, इविशा, आर्श, आयांश, निलेश, आरव जी, प्रज्वल, श्री निवास, आरव सिंह, मौसम, पीयूष गौरव, पार्थ, ओजस और दिव्यांश आदि कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सुधि श्रोतागण उपस्थित रहे। कलात्मिका संगीतालय के प्रबंधक राहुल देव पंकज ने सभी अतिथियों, कलाकारों और श्रोताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्राम समाज पर बने धार्मिक स्थल को अड़ा एक समाज दूसरे ने लगाई गुहार

समाज जागरण मुस्कान खान



जनपद बिजनौर नगीना । टांडा माईदास वाल्मीकि समाज के लोगों ने हस्ताक्षर युक्त एक शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी कार्यालय एवं सीओ आलोक कुमार को सौंप कर भगवान वाल्मीकि मठ व झडे को हटाकर अवैध कब्जा करने गांव से उजाड़ने का आरोप लगाते हुए अपने धार्मिक स्थल और अपनी जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम टांडामाई दास निवासी श्याम सिंह रोशिक कमार, रामलाल वाल्मीकि, अनिल कुमार, कामेश सिंह, सुनील कमार, कलेराम, कमल कुमार, रमन पवार अरविंद कुमार समेत दो दर्जन भर वाल्मीकि समाज के लोग शनिवार की दपहर को नगीना पहुंचे और दो हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके बाबू को एवं सीओ आलोक कुमार को सौपा। जिसमें कहा गया है टांडा माईदास सड़क किनारे ग्राम समाज की भूमि एवं सूखा तालाब दोनों मिलाकर करीब 8 बीघा आराजी है, जिस पर वाल्मीकि समाज एवं जाटव समाज के लोगों ने अपने-अपने धर्मिका स्थल बना रखे हैं। वाल्मीकि समाज भी अपने ईस्ट भगवान आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के बनाए गए मठ एवं झंडे पर करीब 50-60 सालों से वाल्मीकि जयंती मानते चले आ रहैं है। लेकिन गांव के बड़ी सख्या में होने के कारण जाटव समाज के लोग आए दिन बलपूर्वक अपने गुंडागर्दी के बल पर भगवान वाल्मीकि स्थल को हटाकर उसे पर अवैध कब्जा करना चाहते है जबकि उपरोक्त ताराजी पर न्यायालय के सथ-साथ पुलिस में भी मुकदमा विचाराधीन है लेकिन जाटव समाज के लोग अपनी संख्या के बल पर प्रशासनिक अधिकारियों के दिशा नदेर्शों का पालन नहीं कर रहे है उनका मकसद केवल और केवल वाल्मीकि स्थल को हटाकर अपना कब्जा जमाना है।

शिकायती पत्र में यह भी कहां है कि जाटव समाज के लोग अपने कब्जे वाली आरजी पर चार दिवारी और भवन निर्माण करा रहे हैं, लेकिन शुक्रवार कि देर शाम और शनिवार की पूर्वाहन जाटव समाज के लोग लगातार भगवान वाल्मीकि स्थल को हटाने के लिए प्रयास कर रहैं है, और वाल्मीकि समाज के लोगों को धमकी दे रहे हैं कि यदि आपने भगवान वाल्मीकि स्थल को नहीं हटाया तो, हम लोगो को गांव से उजाड़ देने आरोप भी लगाया है। वाल्मीकि समाज के लोगों ने दोनों अधिकारियों से अपनी जान माल की सुरक्षा और भगवान वाल्मीकि स्थल को जबरन हटाने का प्रयास करने वालो के वरुद्ध सख्त कार्य किए जाने की मांग की है।

उधर उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार वीरवाल ने दूरभाष पर बताया कि जाटव समाज के लोगों को चार दिवारी की नींव खुदवान के लिए तहसील के लेखपाल और कानुनगो को मौके पर भेजा था, और उनकी सीमा में ही खोदने के आदेश दिए हैं। भगवान वाल्मीकि स्थल को कोई नहीं छूएगा। उधर पुलिस क्षेत्र अधिकारी आलोक कुमार ने नगीना देहात पुलिस को निर्देश दिए हैं कि उपरोक्त भूमि की वीडियो ग्राफी बनाकर रखें और एक दूसरे के धार्मिक स्थल पर कोई कब्जा ना करें बल्कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता करे जब तक उस पर कड़ी नजर रखी जाए।

हाई कोर्ट के आदेश के बाद चेयरमैन की कुर्सी पर जुनैद फरीदी की वापसी, एसडीएम की मौजूदगी में संभाला कार्यभार

समाज जागरण

बागपत। रटौल नगर पंचायत की चेयरमैनी को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश और अवमानना याचिका पर कोर्ट की सख्ती के बाद जुनैद फरीदी ने दोबारा नगर पंचायत अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। एसडीएम खेकड़ा दीपशिखा की मौजूदगी में उन्हें विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। इसके साथ ही रटौल नगर पंचायत की चेयरमैन की कुर्सी पर एक बार फिर जुनैद फरीदी की वापसी हो गई है। दरअसल, वर्ष 2023 में रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में जुनैद फरीदी ने जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हाजी मुंतजिर को 540 वोटों से हराया था। चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए मुंतजिर ने न्यायालय में निर्वाचन याचिका दाखिल की थी। इसमें जुनैद फरीदी पर नामांकन के दौरान दाखिल शपथपत्र में आपराधिक इतिहास, संपत्ति और बैंक ऋण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाने के आरोप लगाए गए थे। लंबी सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायालय बागपत ने सात मार्च को जुनैद फरीदी का निर्वाचन अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद प्रशासन ने 14 मार्च को आदेश जारी किया और 16 मार्च को हाजी मुंतजिर को नगर पंचायत अध्यक्ष पद की शपथ दिला दी गई थी। इस कार्रवाई के खिलाफ जुनैद फरीदी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने मुंतजिर के शपथ ग्रहण को अवैध बताते हुए मामले को दोबारा सुनवाई के लिए निचली अदालत में भेज दिया था। इसके बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने एसडीएम खेकड़ा को नगर पंचायत का प्रशासक नियुक्त कर दिया था। अब हाईकोर्ट के आदेश और अवमानना याचिका में कोर्ट की सख्ती के बाद जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल ने जुनैद फरीदी को दोबारा कार्यभार सौंपने के निर्देश जारी किए। जिसके अनुपालन में एसडीएम खेकड़ा दीपशिखा ने अपनी मौजूदगी में उन्हें चेयरमैन का कार्यभार ग्रहण कराया। करीब तीन साल से चल रही इस कानूनी और राजनीतिक उठापटक के बाद जुनैद फरीदी की एक बार फिर चेयरमैन की कुर्सी पर वापसी हो गई है। इस घटनाक्रम के बाद रटौल नगर पंचायत की राजनीति में चचाएं तेज हो गई हैं।

रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म 2 व 3 एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए बहुत छोटे

एक्सप्रेस गाड़ियों के जनरल कोच प्लेटफॉर्म से काफी पीछे रह जाते हैं

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना -28 नवंबर:- नगीना रेलवे स्टेशन पर करोड़ों रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण तो कर दिया गया, लेकिन रेलवे अधिकारियों की एक बड़ी लापरवाही यात्रियों की जान पर भारी पड़ रही है। स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन इतना छोटा है कि एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल कोच प्लेटफॉर्म से काफी पीछे रुकते हैं। नगीना रेलवे स्टेशन को रेलवे अधिकारियों व मंत्री जी ने चाहे जितना हीरे मोती लगाकर चमचमा दिया हो लेकिन प्लेट फार्म नंबर दो और तीन की समस्या का जस की तस है इन दोनों प्लेट फर्मों को इतना छोटा रखा गया कि इन प्लेटफार्मों पर सियालदह -जम्मूतवी, हावड़ा-योगनगरी ऋषिकेश, हावड़ा-अमृतसर, गंगासतलज, वाराणसी-देहरादून और लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में सफर करने वाले आम यात्रियों को रात के अंधेरे में पटरियों पर दौड़ना पड़ता है। सामान और बच्चों के साथ गिरते-पड़ते कोच में चढ़ना किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा है। हैरानी की बात यह है कि नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद और पूर्व सांसदों सहित कई जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे को उठा चुके हैं, फिर भी रेल प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया है। अब क्षेत्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री से सीधा हस्तक्षेप कर प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से पहले यात्रियों का सफर सुरक्षित हो सके।

बिहारी तिराहे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, बड़ा हादसा टला

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद । क्षेत्र के बिहारी तिराहे पर बीती रात एक अनियंत्रित कार डिवाइडर पर चढ़कर सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

जानकारी के अनुसार, बीती रात बिहारी तिराहे के समीप से गुजर रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ते हुए पलट गई। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह रही कि कार चालक सुरक्षित बच गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने क्रेन मंगवाकर पलटी हुई कार को मुख्य मार्ग से किनारे करवाया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

खैरहा पंचायत में कोयला खदानों की NOC को लेकर कथित गुप्त बैठक, अधिकारियों की मौजूदगी पर उठे सवाल

उपसरपंच-पंचों को नहीं दी गई जानकारी, ग्रामीणों के पहुंचने पर बैठक छोड़कर चले गए अधिकारी; कार्यवाही और सहमति पत्र सार्वजनिक करने की मांग

समाज जागरण

शहडोल/खैरहा। ग्राम पंचायत खैरहा के पंचायत भवन में 28 नवंबर 2026 को आयोजित एक बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार, बैठक में बुढार तहसीलदार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल के क्षेत्रीय अधिकारी तथा दामिनी भूमिगत कोयला खदान के प्रतिनिधि सवेरिया मौजूद थे। बताया जा रहा है कि बैठक खैरहा और दामिनी भूमिगत कोयला खदानों से संबंधित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की NOC प्रक्रिया को लेकर आयोजित की गई थी। आरोप है कि बैठक की जानकारी पंचायत के उपसरपंच, पंचों और ग्रामीणों को पहले से नहीं दी गई थी। जब पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली और वे पंचायत भवन पहुंचे तो अधिकारी एवं खदान प्रतिनिधि बैठक बीच में छोड़कर चले गए। इस घटनाक्रम के बाद बैठक के उद्देश्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों ने सवाल किया है कि यदि बैठक पंचायत की सहमति या अनापत्ति से संबंधित थी तो निर्वाचित प्रतिनिधियों को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया? उन्होंने वर्ष 2022 में खैरहा खदान की क्षमता विस्तार से संबंधित NOC की प्रक्रिया की भी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बैठक का एजेंडा, कार्यवाही रजिस्टर, उपस्थिति सूची और संबंधित सहमति पत्र सार्वजनिक करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

सुविधा शुल्क के फेरे में पंजीकृत मछुआरा समिति अंधेरे में


ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय से लेकर सीएम हेल्पलाइन भी नहीं आई काम

समाज जागरण

शहडोल, । जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां एक समिति अपने हक और रोजी-रोजगार की मांग को लेकर अपने ग्राम पंचायत से लेकर मत्स्यद्योग विभाग, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय सहित सीएम हेल्पलाइन तक गुहार लगा चुका है। विडंबना यह है कि, इन सभी जगहों पर लगाई गई गुहार पर आज दिनांक तक न कोई सुनवाई हुई और न ही कोई फैसला? परिणाम स्वरूप समिति के 21 सदस्यों के सामने रोजी-रोटी का संकट छाया हुआ है।

वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी भी सवालों के घेरे में

दरअसल, यह मामला है सोहागपुर जनपद के ग्राम पंचायत कोटमा का, जहां की पंजीकृत बनवारी मछुआ सहकारी समिति मर्यादित (पंजीयन दिनांक- 2 नवंबर 2021, पंजी.क्र. DR/SDL/109105) ने मत्स्य पालन और आखेट को लेकर तालाबों को लीज पर दिए जाने की मांग रखी है। जिसे लेकर समिति अध्यक्ष सहित सदस्यों ने ग्राम पंचायत कार्यालय से लेकर संचालक मत्स्यद्योग विभाग, सीईओ जिला पंचायत, कलेक्टर और सीएम हेल्पलाइन तक आवेदन कर अपनी मांग रखी है। लेकिन, महीने भर से ज्यादा की मियाद गुजर जाने के बावजूद भी आज तक समिति के



हाथ खाली हैं, जो अपने आप में ही एक गंभीर मामला है।

सचिव की मांग नहीं की पूरी, इसलिए समिति है दूरी

समिति अध्यक्ष पूजा वर्मन एवं सचिव बनवारी वर्मन ने यह आरोप भी लगाया है कि, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा मांगी गई रकम की पूर्ति नहीं करने के चलते नियमों को ताक पर रखते हुए स्थानीय स्व सहायता समूह से सुविधा शुल्क लेकर उसे तालाबों की लीज आवंटित किया गया है। समिति प्रबंधन का कहना है कि, नियमतः मत्स्य पालन और आखेट के लिए सर्वप्रथम तालाबों की लीज का हक समिति को है, जो दिया जाना चाहिए था। किंतु, सचिव और कुछेक जनप्रतिनिधियों की मनमानी और लालच के चलते समिति से जुड़े सदस्यों और उनके परिवार के जीवन यापन पर घोर अंधकार छाया हुआ है और इस मामले वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी उन्हें और भी व्यथित कर रही है।

2 हेक्ट. से ज्यादा रकबे के तालाबों की है मौजूदगी

संचालक मत्स्यद्योग के मुताबिक नियमानुसार 1 हेक्टेयर से ज्यादा के तालाबों की लीज पर प्राथमिकता के साथ, पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति का ही होता है। किंतु, यहां ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने ऐसा नहीं किया है, जो नियम विरुद्ध है। ज्ञात हो कि, ग्राम पंचायत कोटमा में 10 से ज्यादा तालाब हैं, जिनमें से लगभग आधे से ज्यादा 2 हेक्टेयर या उससे भी ज्यादा रकबे के हैं। समिति ने इन्हीं तालाबों को रोजगार और आय का साधन बनाने और परिवार के जीवकोपार्जन के उद्देश्य से लीज/पट्टा आवंटन की मांग रखी है।

इनका कहना है

मामला मेरे संज्ञान में आया है। संबंधित मामले में जो भी गाईड लाईन हैं, उसका पालन किया जाएगा। शिवम प्रजापति सीईओ, जिला पंचायत शहडोल।

अंतर उपक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा का विजेता बना बिजुरी टीम

समाज जागरण विजय तिवारी

अनूपपुर कहसदेव क्षेत्र प्रबंधन ने SECL में अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा के लिए अपने हसदेव क्षेत्र के क्षेत्रीय क्रिकेट टीम तैयार करने के लिए अंतर उपक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन राजनगर स्टेडियम में सम्पन्न कराये कजिसमें बिजुरी उपक्षेत्र क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में विजेता बना और अप विजेता राजनगर ओपन कास्ट उपक्षेत्र रहा कबिजुरी टीम कैप्टन विक्रम प्रताप सिंह सोलंकी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल के मैन ऑफ मैच के खिताब से नवाजे गए कऔर विक्रम प्रताप सिंह सोलंकी को इंटक यूनियन के क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य हसदेव क्षेत्र विक्रमा सिंह ने भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी कइस अवसर पर हसदेव क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री शुभांकर मित्रा जी सभी खिलाड़ी को उनके बेस्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए बधाई दिया इस फाइनल मैच और समापन समारोह के मुख्य अतिथि हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक शुभांकर मित्रा रहें। उनके करकमलों से विजेता और उपविजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ प्रबंधक (एच आर) आर पी कुर्रे एवं बैकुंठ बेहरा उपस्थित थे एवं हसदेव क्षेत्र इंटक के वेलफेयर बोर्ड के सदस्य विक्रमा सिंह, एटक यूनियन से नवीन खान और कोयला मजदूर सभा से सुदामा यादव उपस्थित थे। वहीं मंच पर क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्य इंटक यूनियन से प्रदीप सिंह और कोयला मजदूर सभा से अनूप सिंह एवं एटक के उपाध्यक्ष रमेश कुमार उपस्थित थे। इस टूनार्मेंट को सफल बनाने में अंपायर की भूमिका में शारदा प्रसाद,किशन केवट और नीरज सिंह रहे। मुख्य निर्णायक और ऑफिशियल की भूमिका में विशाल सिंह,शुभाकर दास और बृजमोहन सिंह रहे। मोस्ट टैलेंटेड प्लेयर का खिताब आलराउंडर खिलाड़ी निशांत वर्मा को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन क्षेत्रीय मुख्यालय के ताम्रध्वज बनें। बेस्ट फील्डर/कीपर ट्रॉफी राजनगर ओपेनकास्ट के पंकज उपाध्याय को दिया गया।

वार्लटियर की भूमिका में विजय, सुमित, नागेंद्र प्रसाद और गया प्रसाद रहे। यह पूरा टूनार्मेंट हसदेव क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर(एच आर) श्रीमान डीडी तिवारी और वरिष्ठ प्रबंधक (एच आर) श्रीमान अमन नामदेव के देखरेख और विशेष सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

शहडोल: खेमका परिवार के वैवाहिक समारोह में उमड़ा जनसैलाब, दिग्गज नेताओं और समाजसेवियों ने दिया नव दंपति को आशीर्वाद

समाज जागरण

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश के कद्दावर नेता पदम खेमका के सुपुत्र दीपक खेमका के शुभ विवाह उत्सव के अवसर पर एक भव्य और गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस मांगलिक अवसर पर नव दंपति (चिरंजीवी दीपक एवं पुत्रवधू मोहिनी) को अपना स्नेहिल आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रदान करने के लिए शहर सहित पूरे प्रदेश भर से गणमान्य नागरिकों, राजनेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ जनों और समाजसेवियों का तांता लगा रहा। समारोह की भव्यता और आत्मीयता देखते ही बन रही थी। मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता इस पूरे आयोजन में खेमका परिवार के अभिभावक की भूमिका में नजर आए और उन्होंने मेहमानों के स्वागत व अन्य दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल तथा संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी



विशेष रूप से शिरकत कर नवविवाहित युगल को सुखद और मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस भव्य वैवाहिक कार्यक्रम में राजनीतिक और सामाजिक जगत की कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। अतिथियों में मुख्य रूप से पूर्व विभाग संगठन मंत्री (शहडोल) जितेंद्र लिटोरिया, शहडोल संभाग के कद्दावर नेता अनिल गुप्ता, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, विधायक मनीष सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष अमित छपरा शामिल हुए। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवियों और वरिष्ठ नागरिकों में उर्मिला कटारे, अनुपम अनुराग अवस्थी, कमल प्रताप सिंह, लाल गुप्ता, राजकमल गुप्ता, राजा ताम्रकार, नीरज गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल राजेश गुप्ता सूर्यकांत निराला पत्रकार संजय शर्मा बृजेश सिरमौर हुसैन जी शिरीष नंदन श्रीवास्तव और कैलाश विशनानी सतीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन समारोह में पहुंचे। सभी अतिथियों ने समारोह में परोसे गए स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और खेमका परिवार को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए नव दंपति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बैंकॉक में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस, न्यायमूर्ति पूजा त्रिपाठी ने रखे विचार

समाज जागरण

प्रोग्राम में थाईलैंड के कोर्ट ऑफ जस्टिस की जज सुश्री पूजा त्रिपाठी ने भारत का संविधान और उसका इतिहास, सफर और रक्षक विषय पर एक गहरी और दिलचस्प बातचीत की। उन्होंने भारतीय संविधान के महत्व, ऐतिहासिक विकास



और हमेशा रहने वाले मूल्यों पर जोर दिया, और लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों की रक्षा में इसकी भूमिका पर जोर दिया। इस समारोह में SVCC में गायक और हारमोनियम और वोकल टीचर श्री संता सिंह ने एक दिल को छू लेने वाला हिंदुस्तानी वोकल म्यूज़िक भी पेश किया, जिसके साथ तबले पर श्री गुरचरण सिंह और हारमोनियम पर श्री रमणीक सिंह और सपोर्टिंग वोकलिस्ट, सुश्री प्रज्ञा परमिता गुप्ता ने साथ दिया। उनकी मधुर प्रस्तुति ने समारोह में एक समृद्ध सांस्कृतिक पहलू जोड़ा और दर्शकों का मन मोह लिया। इस इवेंट में जाने-माने मेहमान, थाईलैंड में रहने वाले इंडियन डायस्पोरा के सदस्य और जोशीले दर्शक शामिल हुए, जिन्होंने जानकारी भरी बातचीत और म्यूज़िकल परफॉर्मेंस का खूब मजा लिया।

लड़ाई से जनता को क्या मतलब, जनता को तो पानी-बिजली-सड़क चाहिए - एल्डरमैन पार्षद सुभाष मिश्रा

समाज जागरण

बरगवां। नगर परिषद बरगवां में पिछले कुछ समय से चल रही खींचतान के बीच एल्डरमैन पार्षद सुभाष मिश्रा ने परिषद के जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जनता से जुड़े मूलभूत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है।



उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि आखिर लड़ाई किस बात की है, यह तो बता दीजिए महोदय! परिषद में कौन किससे लड़ रहा है, इससे आम जनता को कोई मतलब नहीं है। जनता को तो शुद्ध पानी, बिजली, अच्छी सड़कें और नगर का विकास चाहिए।

महीनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, जिम्मेदार कौन?

मिश्रा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 04 में कल स्ट्रीट लाइट बंद रही, वहीं बापू चौक से हनुमान मंदिर तक कई महीनों से लाइट बंद पड़ी है। आखिर आम नागरिकों को अंधेरे में रहने के लिए क्यों मजबूर होना पड़ रहा है? इसका जवाब सीएमओ साहब, इंजीनियर साहब और अध्यक्ष महोदय से लिया जाना चाहिए।

वार्ड क्रमांक 01 की बदहाल सड़कें, चार साल हुए पूरे

उन्होंने वार्ड क्रमांक 01 की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि वहां सड़क की हालत ऐसी है कि लोगों का चलना भी मुश्किल हो रहा है। नगर परिषद के चार साल पूरे होने जा रहे हैं, ऐसे में यह जानना जरूरी है कि अधोसंरचना योजना के तहत वार्ड क्रमांक 01 में कितनी सड़कें बनीं और अन्य वार्डों में कितना निर्माण कार्य कराया गया।

मिश्रा ने कहा कि चार साल से लगातार इन समस्याओं को उठाते-उठाते मैं थक गया हूं। आखिर जनता की समस्याओं का समाधान कब होगा? वाह नगर परिषद के शासन-प्रशासन, दोनों महान हैं!

जनता को चाहिए विकास आरोप-प्रत्यारोप नहीं एल्डरमैन पार्षद सुभाष मिश्रा ने नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ एवं इंजीनियर से मांग की है कि सार्वजनिक रूप से बताया जाए कि बीते चार वर्षों में प्रत्येक वार्ड में कितना विकास कार्य हुआ, अधोसंरचना योजना की राशि कहां और किस कार्य में खर्च की गई तथा वार्ड क्रमांक 01 की सड़क का निर्माण आखिर कब कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि नगर का विकास नहीं हो रहा है तो इसकी जिम्मेदारी सभी संबंधित जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों की है। एक-दूसरे पर छींटाकशी करके कोई भी अपने दायित्व और कर्तव्यों से बच नहीं सकता। जनता को लड़ाई नहीं, विकास चाहिए। जनता को बहाने नहीं, काम चाहिए। नगर परिषद के जिम्मेदार लोग आपसी विवाद छोड़कर जनता की समस्याओं का समाधान करें और चार साल के विकास कार्यों का पूरा हिसाब जनता के सामने रखें।

आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन की लड़ाई में उतरी श्री राजपूत करणी सेना, ग्रामीणों को दिया साथ खड़े रहने का भरोसा

देवी सिंह के नेतृत्व में घुनघुटी के जंगल पहुंचे करणी सेना के युवा, पेड़ों की कटाई और बजरंग पावर की प्रस्तावित कोयला परियोजना का जताया विरोध

समाज जागरण

घुनघुटी/उमरिया। जल, जंगल और जमीन की रक्षा को लेकर घुनघुटी क्षेत्र में चल रहे ग्रामीणों के संघर्ष को अब सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिलने लगा है। इसी कड़ी में श्री राजपूत करणी सेना की शहडोल संभागीय टीम देवी सिंह के नेतृत्व में घुनघुटी के जंगल पहुंची और आदिवासी ग्रामीणों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। करणी सेना के युवाओं ने जंगल में पहुंचकर पेड़ों की कटाई, आदिवासियों के अधिकारों और क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण को लेकर विरोध जताया। टीम ने प्रस्तावित बजरंग पावर की कोयला परियोजना को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि परियोजना के नाम पर नियमों की अनदेखी कर उत्खनन और पेड़ों की कटाई की जाती है, तो इससे स्थानीय ग्रामीणों के जीवन, पर्यावरण और वन संपदा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। करणी सेना के प्रतिनिधियों ने वन्यजीवों के आवागमन के लिए महत्वपूर्ण टाइगर कॉरिडोर की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि जंगल और वन्यजीवों के प्राकृतिक रास्तों को किसी भी कीमत पर



नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। प्रशासन से मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पर्यावरणीय और कानूनी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा ग्रामीणों की आपत्तियों को गंभीरता से सुना जाए।

गौरतलब है कि श्री राजपूत करणी सेना प्रदेशभर में अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने तथा वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों के सम्मान एवं स्वाभिमान की लड़ाई में साथ खड़े रहने की बात करती रही है। इसी सोच के तहत शहडोल संभाग की टीम ने आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की लड़ाई में भागीदारी निभाई। इस दौरान टीम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यदि आदिवासियों के साथ अन्याय होता है और उनके अधिकारों का हनन किया जाता है, तो श्री राजपूत करणी सेना उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि जंगल, पर्यावरण और स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष में पीछे नहीं हटेंगे।

ग्राम कल्लेह के रामदास उम्र 35 वर्ष की कुएं में गिरने से हुई मौत।

समाज जागरण

शहडोल जिले के विकास खण्ड जयसिंहनगर थाना ब्योहारी में दिनांक 27 नवंबर को शाम छः बजे के आसपास ग्राम पंचायत कल्लेह निवासी रामदास पिता रामजस उम्र 35 वर्ष की अचानक कुएं में पानी भरते वक्त पैर फिसल जाने से गिर जाने से पहले मौत हो गई जब इसकी जानकारी गांव वालों को लगी तो तत्काल 112 पर सूचना दी गई सूचना मिलते ही ब्योहारी धाना की एफ आर बी एवं 06 स्टाफ प्रवीण कुमार, एवं पायलट मोहम्मद फाकिर उर्फ चांद मौके पर पहुंचे और तत्काल गांव वालों की मदद से शव कांटे एवं खटिया से कुएं से बाहर निकल गया और सूचना थाना प्रभारी श्री अभिलाष मिश्रा दी गई तो तत्काल बीट प्रभारी को भेज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल ब्योहारी ले जाया गया लेकिन देर रात हो जाने के कारण पोस्टमार्टम दूसरे दिन सुबह कराया जाकर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी अब मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो पाएगा

शहडोल संभाग के स्कूलों में चल क्या रहा आइए पता करें

पूर्व प्राचार्य ने आरोपों को बताया निराधार रात 8:00 बजे तक नहीं हुई परीक्षा सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है जांच -पेपर लीक की भी बात झूठी

समाज जागरण

ब्यौहारी-। मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल खडहुली के पूर्व प्राचार्य सत्य प्रकाश द्विवेदी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 18 नवंबर को विद्यार्थियों द्वारा प्रचार्य को हटाए जाने के विरोध में मार्च किया था फिर अधिकारियों के समझाने के बाद 3:00 बजे रेलवे तिराहा से सीएम राइज स्कूल की बसों में खडहुली विद्यालय पहुंचे थे उनका पेपर 2:00 बजे से था जो कलेक्टर एवं



जिला शिक्षा अधिकारी की निर्देश पर 3:40 में शुरू हो गया छात्रों के मार्च की घटना के बाद 18/11/26 को जिला शिक्षा अधिकारी अतुल चौधरी द्वारा उसी दिन शाम 4:00 बजे पूर्व प्रभारी प्राचार्य सत्य प्रकाश द्विवेदी को शहडोल बुला लिया गया था उसके आगे कितने बजे तक पेपर हुआ इसकी जिम्मेदारी वर्तमान प्रभारी प्रचार रामदुलारे प्रजापति की बनती है पेपर लीक के संबंध में बताते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों का पेपर 2:00 बजे से था और जब तक पूरे छात्र स्कूल नहीं पहुंचे तब तक उनको पेपर दिया ही नहीं गया तो पेपर लीक कैसे हुआ इस तरह का झूठा आरोप लगाया जा रहा है जो गलत है पेपर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चला है जिसकी जांच सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कराई जा सकती उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को मुझे प्राचार्य पद से हटा दिया गया था इसलिए यदि कोई जिम्मेदारी बनती भी है तो वर्तमान प्रभारी प्राचार्य रामदुलारे प्रजापति की बनती है द्विवेदी ने आरोपों को मनगढ़ंत बताया है।

जैतहरी-अनूपपुर-चचाई मार्ग पर मौत का तांडव, प्रशासन बना धृतराष्ट्र!

सड़क किनारे खड़े भारी वाहन बन रहे हादसों की वजह, अब तक हो चुकी हैं सैकड़ों दुर्घटनाएं; संयुक्त भाजपा शहडोल के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने उठाए सवाल, बोले- मौत के सौदागरों पर दर्ज हों आपराधिक प्रकरण

समाज जागरण

अनूपपुर। जैतहरी-अनूपपुर-चचाई मुख्य मार्ग इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर खड़े भारी-भरकम ट्रक और मालवाहक वाहन आम नागरिकों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मार्ग पर अब तक सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना यह दशार्ता है कि प्रशासन धृतराष्ट्र बन बैठा है। इस गंभीर समस्या को लेकर संयुक्त भाजपा शहडोल के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विंध्य विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने जिला प्रशासन, पुलिस और यातायात विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आखिर कब तक आम नागरिक सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों की वजह से अपनी जान गंवाते रहेंगे? क्या प्रशासन किसी और बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?

छुल्हा फाटक की घटना के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

अनिल गुप्ता ने छुल्हा फाटक के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक से

बोलेरो की टक्कर में एक वीर जवान की दर्दनाक मौत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह घटना सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। एक परिवार ने अपना सदस्य खो दिया, लेकिन इसके बाद भी भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए।

दोपहर 2 से रात 10 बजे तक सड़क पर ट्रकों का कब्जा

उन्होंने बताया कि जैतहरी से अनूपपुर के बीच दोपहर लगभग 2 बजे से रात 10 बजे तक बड़ी संख्या में भारी वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है। विशेषकर रात के समय कम दृश्यता के कारण दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब रात 10 बजे के बाद भारी वाहनों का आवागमन शुरू होता है, तो दिन में मुख्य मार्ग को पार्किंग स्थल बनाने की अनुमति किस आधार पर दी जा रही है? जिला मुख्यालय से महज 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर यह स्थिति होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की नजर क्यों नहीं पड़ रही?

केवल चालान नहीं, सख्त कार्रवाई की जरूरत

अनिल गुप्ता ने मांग की कि जैतहरी से अनूपपुर और चचाई तक पूरे मार्ग का पुलिस एवं यातायात विभाग संयुक्त निरीक्षण करे। संवेदनशील स्थानों पर नो-पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, भारी वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल बनाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और मालिकों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा कि सड़क को निजी पार्किंग स्थल समझने वाले वाहन संचालकों पर सख्ती जरूरी है। यदि किसी वाहन चालक या मालिक की लापरवाही से दुर्घटना में किसी की मृत्यु अथवा गंभीर चोट होती है, तो तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर जिम्मेदारों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। केवल चालानी कार्रवाई से समस्या का समाधान नहीं होगा।

आखिर कब जागेगा प्रशासन?

अनिल गुप्ता ने जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़कें आम जनता के सुरक्षित आवागमन के लिए हैं, भारी वाहनों की पार्किंग के लिए नहीं। प्रशासन को धृतराष्ट्र की भूमिका छोड़कर धरातल पर कार्रवाई करनी होगी। आखिर कब तक किसी और परिवार का चिराग बुझने का इंतजार किया जाएगा?

बकहो में बदहाल बुनियादी सुविधाएं; वार्ड 12 में नाली-पानी का संकट, तो वार्ड 15 के इंद्रानगर में बिल बकाया होने से कटी बिजली

दो दिन से अंधेरे में इंद्रानगर, नलों में पानी नहीं, वार्ड 12 में सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

शहडोल।नगर परिषद बकहो के विभिन्न वार्डों में इन दिनों बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जहां एक ओर वार्ड क्रमांक 12 के निवासी लंबे समय से स्ट्रीट लाइट, पेयजल संकट और नाली के अभाव से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वार्ड क्रमांक 15 के इंद्रानगर क्षेत्र में बिजली बिल जमा न होने के कारण बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिए जाने से पिछले दो दिनों से स्ट्रीट लाइट और पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद पड़ी है। इंद्रानगर में 2 दिन से बिजली-गुल वा क्रमांक 15 के अंतर्गत आने वाले इंद्रानगर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बताया जा रहा है कि नगर परिषद द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण बिजली विभाग ने वहां का कनेक्शन काट दिया है। कनेक्शन कटने से क्षेत्र की पेयजल सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे लोगों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइटें बंद होने से शाम ढलते ही पूरे रास्ते में घना अंधेरा छा जाता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड 12 में नारकीय हालात, सड़क पर बह रहा गंदा पानी इधर, वार्ड क्रमांक 12 में भी हालात बेहद नारकीय बने हुए हैं। यहां जल निकासी के लिए पक्की नालियों का निर्माण नहीं होने से घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे कीचड़, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा वार्ड की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं या जो जल रही है वो लगातार दिन रात जलती जा रही है, उन्हें बंद करने कोई जिम्मेदार नहीं। संपर्क नहीं हो सका दोनों वार्डों में उत्पन्न गंभीर पेयजल और बिजली की समस्या के संबंध में पक्ष जानने के लिए जब नगर परिषद बकहो के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और सब-इंजीनियर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि बकाया बिजली बिल का भुगतान कर इंद्रानगर की बिजली व पानी सप्लाई बहाल कराई जाए, साथ ही वार्ड 12 में नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट मरम्मत और पेयजल व्यवस्था को सुचारू किया जाए।

ठिठुरती ठंड में बैगा परिवारों के लिए संवेदना की गर्माहट बने ज्ञानेंद्र उपाध्याय

खरी डबरा धनौली में जरूरतमंद बैगा परिवारों को वितरित किए कंबल, पूर्व मंडी अध्यक्ष की पहल ने गरीबों के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

समाज जागरण

पेंड्रा। कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि उपज मंडी पेंड्रा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने खरी डबरा धनौली में बैगा आदिवासी परिवारों को कंबल वितरित किए। इस पहल से ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं रखने वाले गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली। कंबल वितरण के दौरान जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और राहत दिखाई दी। ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने अपनी पहल के माध्यम से समाज के सक्षम लोगों को गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंद परिवारों की मदद



करना सामाजिक जिम्मेदारी है।

ऐसे समय में छोटी-सी सहायता भी किसी के लिए बड़ी राहत बन सकती है। इस मानवीय पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। कंबल वितरण कार्यक्रम ने समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 266 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, मुस्लिम जोड़ों का भी हुआ निकाह

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे



चोपन/ सोनभद्र। समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को चोपन स्थित रेलवे फुटबॉल मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जनपद के दस विकासखंडों और चार नगर निकायों के कुल 266 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी कराया गया। इस दौरान नवविवाहित जोड़ों के परिजन और रिश्तेदार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में चोपन और म्योरपुर समेत कई विकासखंडों से शत-प्रतिशत टोकन कटवाने वाले जोड़े विवाह स्थल पर पहुंचे। वहीं, कुछ ब्लॉकों से एक-दो जोड़ों को छोड़कर लगभग सभी पंजीकृत जोड़े समारोह में शामिल हुए। मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें उनके परिजन भी शामिल रहे। हालांकि, समारोह में कुछ जोड़ों ने विवाह की व्यवस्थाओं को लेकर अपनी आपत्ति भी जताई। उनका कहना था कि विवाह स्थल पर उन्हें अपने पंडित उपलब्ध नहीं कराए गए, जिसके चलते वे अपनी इच्छानुसार विधि-विधान के साथ विवाह की रस्में पूरी नहीं कर सके। हालांकि राज्यमंत्री द्वारा आयोजन की ओर से विवाह संस्कार संपन्न कराने के लिए आचार्यों की व्यवस्था किए जाने की बात कही गई।

266 जोड़ों का विवाह, नौ अंतजातीय जोड़े भी शामिल-:

समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब, असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी निभा रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से ऐसे परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह धूमधाम से नहीं करा पाते। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 266 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें नौ अंतजातीय जोड़े भी शामिल रहे। जनपद के सभी दस विकासखंडों से पात्र लाभार्थियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

प्रत्येक जोड़े पर 1.15 लाख रुपये की व्यवस्था-:

राज्यमंत्री ने योजना के तहत मिलने वाली सहायता की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जोड़े पर कुल 1.15 लाख रुपये की व्यवस्था की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में दिए जाते हैं, 40 हजार रुपये की विवाह सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाती है तथा 15 हजार रुपये भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विवाह संस्कार को विधि-विधान से संपन्न कराने के लिए आचार्यों की व्यवस्था की गई थी और सभी वर-वधुओं का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया।

स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां-:

कार्यक्रम के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ईडीह के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। अध्यापक अरविंद कुमार, सविता सिंह, पटेल, कंचन, वैजयंती माला और मीरा सिंह की मौजूदगी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। वहीं, थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता की देखरेख में विवाह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त दिखाई दी। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए महिला कांस्टेबल समेत पुलिसकर्मी भी तैनात रहे।

इस मौके पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आगे भी जारी रहेगी। आवेदन प्राप्त होने के अनुसार अलग-अलग विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र गरीब परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए योजना को गरीब परिवारों की बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और खुशहाल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक संघ ने किया स्वागत, शिक्षकों ने बताई समस्याएं

समाज जागरण



सोनभद्र। विकासखंड बभनी के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, शाखा बभनी (आरएनसी ग्रुप) की ओर से नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने उनका माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। साथ ही शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा प्रशासनिक कार्य, विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण और अन्य गैर शैक्षणिक कार्य भी कराए जा रहे हैं। इससे विद्यालयों में पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और असंतुलित तैनाती के कारण बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षकों ने विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरदराज के विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता और संसाधनों की कमी को बड़ी चुनौती बताया।

इसके साथ ही डिजिटल माध्यमों, नई शिक्षण तकनीकों और बदलते पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने के लिए नियमित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर जिला महामंत्री रंजीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष रमाशंकर, ब्लॉक महामंत्री राजेश कुमार, संयुक्त मंत्री जामसाय, जिला प्रचार मंत्री प्रदीप कुमार, ब्लॉक संरक्षक भारत लाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के 13 हजार रुपये दुद्धी पुलिस ने कराए वापस, पीड़िता के खाते में पहुंची पूरी धनराशि

समाज जागरण



सोनभद्र। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दुद्धी पुलिस की साइबर टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑनलाइन ठगी की शिकार महिला के 13 हजार रुपये वापस करा दिए। पूरी धनराशि खाते में वापस मिलने पर पीड़िता ने सोनभद्र पुलिस और साइबर टीम का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, दुद्धी कस्बा निवासी अन्नपूर्णा देवी पत्नी रुपराम के बैंक खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने यूपीआई (UPI) के माध्यम से धोखाधड़ी कर 13 हजार रुपये निकाल लिए थे। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन और क्षेत्राधिकारी दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी की साइबर टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। टीम ने आवश्यक साक्ष्य जुटाकर ठगी गई 13 हजार रुपये की धनराशि होल्ड कराई। इसके बाद एमआरएम (MRM) पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंक से पत्राचार किया गया। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के बाद पूरी 13 हजार रुपये की धनराशि पीड़िता के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर अन्नपूर्णा देवी ने सोनभद्र पुलिस और थाना दुद्धी की साइबर टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा और साइबर हेल्प डेस्क के कांस्टेबल मंतोष शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी का शिकार होने पर बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा आधिकारिक वेबसाइट www.cyb ercrim e.g ov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ठगी की रकम को समय रहते होल्ड कराकर वापस कराने की कार्रवाई की जा सके।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 160 बच्चों ने लिया भाग, 104 रहे अनुपस्थित

समाज जागरण

सोनभद्र। विकासखंड बभनी के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज चपकी में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छह में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 264 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, लेकिन 160 बच्चे ही परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बभनी ब्लॉक के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के



विद्यार्थियों के लिए पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज चपकी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों ने सुबह 10:30 बजे केंद्र में प्रवेश किया। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे परीक्षा संपन्न हुई। 100 अंकों की इस प्रवेश परीक्षा में कुल 80 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। प्रश्नपत्र में मानसिक योग्यता के 40, अंकगणित के 20 और भाषा परीक्षण के 20 प्रश्न शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्र पर कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि पूरी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

हूटर और प्रेशर हॉर्न पर सोनभद्र पुलिस का बड़ा एक्शन, बुलडोजर से नष्ट किए गए करीब 500 प्रतिबंधित उपकरण

समाज जागरण



सोनभद्र। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सोनभद्र पुलिस ने प्रतिबंधित हूटर, प्रेशर हॉर्न और तेज आवाज करने वाले साइलेंसर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर करीब 500 हूटर एवं प्रेशर हॉर्न को बुलडोजर से नष्ट कराया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि तेज आवाज वाले हूटर और प्रेशर हॉर्न आम जनमानस के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। इनकी तेज आवाज से विशेषकर बुजुर्गों, हृदय रोगियों और आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपनी बुलेट मोटरसाइकिल में ऐसे साइलेंसर का इस्तेमाल न करें, जिनसे अत्यधिक शोर उत्पन्न होता हो। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और बिना हेलमेट सड़क पर न निकलें।

काली फिल्म लगाने वालों पर भी कार्रवाई-:

क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा पैदल गश्त और नियमित वाहन चेकिंग के दौरान गाड़ियों पर लगी काली फिल्म भी उतरवाई जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वाहनों में प्रतिबंधित काली फिल्म लगाकर चलना नियमों के विरुद्ध है।

लगातार जारी रहेगा अभियान-:

सीओ रणधीर मिश्रा ने कहा कि यह केवल एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि जागरूकता और प्रवर्तन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

अंत में उन्होंने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने, अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण से बचने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में सोनभद्र पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

विंध्य एक्सप्रेसवे के भूमि अधिग्रहण सर्वे में गड़बड़ी का आरोप, प्रभावित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

समाज जागरण



सोनभद्र। विकास खंड बभनी क्षेत्र में निमार्णाधीन विंध्य एक्सप्रेसवे के भूमि अधिग्रहण और मकानों के सर्वे में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रभावित ग्रामीणों ने शनिवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सर्वे के दौरान कई मकानों और जमीनों का सही मूल्यांकन नहीं किया गया है। इससे प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा मिलने में परेशानी हो रही है। पोखरा गांव निवासी देव कुमार ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनका मकान विंध्य एक्सप्रेसवे के बीच सेंटर में आ रहा है। सर्वे के लिए पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल और पीडब्ल्यूडी के जेई द्वारा मकान का मूल्यांकन सही तरीके से नहीं किया गया। उन्होंने शिकायत में बताया कि मकान का मूल्यांकन करीब 1,89,720 रुपये किया गया है, जबकि मकान में बनी बाउंड्री, पक्की दीवारों, कच्चे निर्माण और अन्य निर्माण कार्यों का उचित आकलन नहीं किया गया। उनका कहना है कि वर्तमान समय में मकान निर्माण की लागत करीब 15 लाख रुपये तक है। इसके बावजूद मूल्यांकन कम किया गया है। उन्होंने दोबारा निष्पक्ष जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, क्षेत्र के अन्य प्रभावित ग्रामीण सत्यनारायण,श्याम सुंदर,उदय नारायण, ईश्वर प्रसाद, चन्द्र देव,जय सिंह गोड़ , रहमान खान, नसरुला ने भी मुख्यमंत्री को सामूहिक शिकायत भेजकर भूमि अधिग्रहण सर्वे में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई मकानों का सर्वे सही तरीके से नहीं किया गया है। कुछ मकानों का निर्माण क्षेत्रफल और वास्तविक स्थिति के अनुसार मूल्यांकन नहीं हुआ है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने मकान और भविष्य की व्यवस्था को लेकर गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि विंध्य एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन और मकानों का निष्पक्ष तरीके से दोबारा सर्वे कराया जाए। प्रभावित मकानों का वास्तविक मूल्यांकन कराकर उचित मुआवजा दिया जाए तथा सर्वे में हुई अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष समाधान नहीं हुआ तो प्रभावित परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने जिला प्रशासन और शासन से मामले में हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, न्यायालय भेजा

समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का नियमानुसार मेडिकल परीक्षण कराने के बाद माननीय न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नंदू पुत्र जगधारी और मुन्नी देवी पत्नी शारदा, निवासी बिचपई, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 48 वर्ष बताई गई है। दोनों अभियुक्त मु.नं. 9451/21 से संबंधित मामले में वारंटी थे। यह मामला राज्य बनाम सोनू कुमार बनाम मुन्नी देवी आदि से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506, 324, 379 और 452 का उल्लेख है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी लोढ़ी उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव, कांस्टेबल मशी अहमद, कांस्टेबल अम्बुज सिंह और महिला कांस्टेबल श्रद्धा अवस्थी शामिल रहीं।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

समाज जागरण



सोनभद्र। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षक प्रतिनिधियों ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान शिक्षक संघ की ओर से उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व, सकारात्मक सोच और सहयोगात्मक कार्यशैली से चोपन ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति मिलेगी। ब्लॉक अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि नवागत खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में शिक्षक हितों का संरक्षण, विभागीय समन्वय, विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने शिक्षक संगठन और शिक्षा विभाग के बीच बेहतर तालमेल एवं सकारात्मक संवाद स्थापित होने की भी उम्मीद जताई। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक विनय कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीजर प्रसाद, महामंत्री अरविन्द चौहान, संयुक्त मंत्री दीपू ज्योति, कोषाध्यक्ष रोशन कुमार, वरिष्ठ संगठन मंत्री आलोक कुमार तिवारी, वीरेन्द्र पनिका, प्रदीप बसु, आसिफ जिया, बृजेश बैंस, मनीष पाठक, शशांक यादव और संतोष पटेल सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीआरसी चोपन में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते हुए उनके सफल, सार्थक एवं उप लब्धिपूर्ण कार्यकाल की मंगल कामनाएं कीं।

14 दिन बाद अपनों से मिले दो मासूम, चाइल्ड हेल्पलाइन ने परिवारों की लौटाई खुशियां

टीम के लगातार प्रयासों से गोरखपुर के दो लापता बच्चों का हुआ सुरक्षित पुनर्मिलन, बाल कल्याण समिति के आदेश पर परिजनों को सौंपा

समाज जागरण/ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौर के संरक्षण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन सोनभद्र ने सराहनीय पहल करते हुए गोरखपुर के दो लापता मासूम बच्चों को 14 दिन बाद उनके परिजनों से मिलवा दिया। दोनों बच्चे 14 नवंबर 2026 को लापता अवस्था में मिले थे। लगातार प्रयासों के बाद 28 नवंबर को बाल कल्याण समिति के आदेश पर उन्हें सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों के मिलने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने तत्काल उनकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद बच्चों से मिली जानकारी और विभिन्न स्तरों पर समन्वय स्थापित कर उनके परिजनों की तलाश शुरू की गई। इस पूरी प्रक्रिया में चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने टीम के साथ विशेष सक्रियता और संवेदनशीलता दिखाई। आखिरकार 14 दिनों की मेहनत रंग लाई और दोनों बच्चों की घर वापसी संभव हो सकी। अपनों को देखकर बच्चों के चेहरे पर लौटी मुस्कान 14 दिनों के लंबे इंतजार के बाद जब दोनों मासूम अपने परिजनों से मिले तो माहौल भावुक हो गया। बच्चों को सकुशल देखकर परिजनों की आंखों में खुशी और राहत साफ दिखाई दी। वहीं, अपनों का साथ पाकर बच्चों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई। इस अवसर पर काउंसलर अमन सोनकर, अधीक्षिका पुष्पांजलि प्रजापति, स्टाफ नर्स कविता और केस वर्कर ममता मौजूद रहीं। सभी ने बच्चों की देखभाल और परिवार तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1098 पर सूचना देने की अपील

परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने आमजन से अपील की कि कहीं भी कोई बच्चा अकेला, भटका हुआ, लापता अथवा संकटग्रस्त स्थिति में दिखाई दे तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित बचपन और पारिवारिक संरक्षण पाने का अधिकार है। आमजन की छोटी-सी पहल किसी बच्चे को उसके परिवार से मिलाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कमलेश सिंह खांबे का हुआ अभिनंदन

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। सोन संगीत फाउंडेशन एवं शहीद स्थल प्रबंधन समिति करारी की ओर से शनिवार को रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में सरदार कमलेश सिंह खांबे को भाजपा नेतृत्व द्वारा दूसरी बार अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए माल्यार्पण के साथ ही अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सोनभद्र का दूसरी बार जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सरदार कमलेश सिंह खाम्भे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनस साजिद उस्मानी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने मेरे ऊपर जिस तरह भरोसा जताया है उसपर खरा उतर कर दिखाऊंगा। अभिनंदन कार्यक्रम में सुशील मिश्रा, प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट, अशोक तिवारी एडवोकेट, धर्मेश चौहान एडवोकेट, उमेश मिश्रा एडवोकेट, जयशंकर त्रिपाठी एडवोकेट, देवानंद पांडेय एडवोकेट, फारुख अली हाश्मी, पुरुषोत्तम कुशवाहा, ठाकुर कुशवाहा, ऋषभ त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, फरियादियों की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश

जनपद के समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। पुलिस एवं राजस्व विभाग के कुल 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 25 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

समाज जागरण



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से कई का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को आपसी समन्वय स्थापित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

थाना समाधान दिवस का विवरण—

पूर्व से लंबित प्रार्थना पत्र*- पुलिस विभाग 05- राजस्व विभाग 83 आज प्राप्त प्रार्थना पत्र- पुलिस विभाग 08 (07 का मौके पर निस्तारण)- राजस्व विभाग 55 (18 का मौके पर निस्तारण) शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

रालोद में बगावत, प्रशांत सिंह समेत 100 युवा कार्यकर्ता देंगे सामूहिक इस्तीफा

प्रदेश युवा अध्यक्ष पर आर्थिक सहयोग के नाम पर पैसे मांगने और दबाव बनाने का लगाया आरोप

समाज जागरण/ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में संगठनात्मक नाराजगी सामने आई है। युवा जिलाध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद पूर्व युवा जिलाध्यक्ष प्रशांत सिंह ने करीब 100 युवा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के पदों और प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा देने का ऐलान किया है। प्रशांत सिंह ने उत्तर प्रदेश युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पटेल पर आर्थिक सहयोग के नाम पर पैसे मांगने, कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाने और मानसिक उत्पीड़न करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनका परिवार पिछले दो दशकों से पार्टी से जुड़ा है और उन्होंने सोनभद्र के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में संगठन मजबूत करने के लिए लगातार काम किया है। इसके बावजूद बिना स्पष्ट कारण उन्हें पद से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी नाराजगी पार्टी की विचारधारा से नहीं, बल्कि प्रदेश युवा नेतृत्व की कार्यशैली से है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के सम्मान और संगठन में पारदर्शिता की मांग उठाई। फिलहाल चुनाव लड़ने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस दौरान नीरज सेठ, अनुज दुबे, संतोष यादव, चंदन सिंह, आकाश मौर्या, हर्षित सिंह, अंकुश मौर्या सहित कई युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनता दरबार में भूमि विवाद के सात नए मामले पहुंचे, दो पुराने मामलों का हुआ निष्पादन

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो, किशनगंज।



किशनगंज अंचल कार्यालय में शनिवार को भूमि विवादों के निपटारे को लेकर जनता दरबार आयोजित किया गया। अंचल अधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता एवं थानाध्यक्ष मुकेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। इस दौरान भूमि विवाद के सात नए मामले सामने आए, जबकि दो पुराने मामलों का निष्पादन किया गया।

जनता दरबार में ढेकसरा मौजा से जुड़ा जमीन विवाद विशेष रूप से सामने आया। मामले में एक ही जमीन की जमाबंदी एवं दस्तावेज दो अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर होने की बात कही गई। अंचल अधिकारी राहुल कुमार ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के साथ उपलब्ध दस्तावेजों एवं तथ्यों की जांच की। प्रारंभिक स्तर पर जमीन पर पूर्व से कायम दखल-कब्जे को बरकरार रखने की बात कही गई। साथ ही दूसरे पक्ष को जमीन पर जाने अथवा किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न करने से मना किया गया। अंचल अधिकारी ने दोनों पक्षों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह का तनाव उत्पन्न नहीं करने की हिदायत दी।

जनता दरबार में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी कई फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। अंचल अधिकारी राहुल कुमार ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित मामलों को समझने के बाद दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर दिया। उन्होंने उपलब्ध दस्तावेजों एवं तथ्यों के आधार पर विवादों के समाधान की पहल की। उनकी कार्यशैली और फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने की पहल से लोगों को काफी सहूलियत मिली। साथ ही उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला जनता दरबार भूमि विवादों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अंचल एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त मौजूदगी में ऐसे मामलों की सुनवाई से न केवल विवादों के समाधान का रास्ता खुलता है, बल्कि समय रहते संभावित तनाव और विधि-व्यवस्था की समस्या को भी रोकने में मदद मिलती है।

मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच नवागंतुक विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

पंकज कुमार पाठक,
समाज जागरण



पदमा। करमटांड़, पदमा स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शनिवार को नव नामांकित प्रशिक्षु विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी 2026 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं वरिष्ठ व नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं शिक्षक प्रशिक्षण के उच्च मानकों को आत्मसात करने की सलाह दी। चेयरमैन डॉ. अनूप कुमार मेहता ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं, उपसचिव अजीत कुमार ने बदलते शैक्षणिक एवं तकनीकी परिवेश में शिक्षक प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद वरिष्ठ विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिए। नृत्य, ग्रुप डांस, रैंपवॉक, एकल गायन, एकल नृत्य, स्टैंडअप कॉमेडी एवं नाट्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहे। प्रीति कुमारी और रुखसार परवीन ने गायन, संध्या रानी ने एकल नृत्य तथा नेहा ने हास्य प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया।

समारोह के दौरान साड़ी वियर प्रतियोगिता के अलावा कप एंड बैलून्स, स्पून एंड गोटी तथा म्यूजिकल चेयर जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रतिभा प्रदर्शन के आधार पर नेहा कुमारी को मिस फ्रेशर तथा फैसल रवि कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन कुमार एवं सिमरन कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

दो ट्रैक्टर चोरी मामले का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

चोरी का ट्रैक्टर, होंडा सिटी कार और मोबाइल बरामद, चार आरोपी थे शामिल

पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण



पदमा। पदमा ओपी क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से महिंद्रा 275 ट्रैक्टर चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो गांव निवासी 57 वर्षीय मनी लाल महतो के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, 8 अक्टूबर की रात सूरजपुरा मुख्य सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग-20) से तथा 17 अक्टूबर की रात करर गांव से एक-एक लाल रंग का महिंद्रा 275 ट्रैक्टर चोरी हुआ था। दोनों मामलों में पदमा ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर के निर्देश पर पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार हजरा एवं रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान मनी लाल महतो को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी का एक महिंद्रा 275 ट्रैक्टर, लाल रंग की होंडा सिटी कार और इटेल कंपनी का एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार, दोनों घटनाओं में कुल चार आरोपी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

भागवत झा आजाद के पैतृक गांव कसबा में लगा मुफ्त नेत्र जांच शिविर, 400 लोगों ने कराई जांच

समाज जागरण



गोड्डा मेहरमा एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद की जन्म जयंती पर उनके ज्येष्ठ पुत्र एवं बिहार विधान परिषद सदस्य डाक्टर राजवर्धन आजाद ने पैतृक गांव कसबा में शनिवार को मुफ्त नेत्र जांच शिविर लगवाया। इसमें करीब 400 लोगों ने अपने नेत्र का जांच कराया।पंचायत सचिवालय में आयोजित इस शिविर के उद्घाटन से पूर्व डाक्टर आजाद ने पिता के नाम से स्थापित भागवत जा आजाद प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात वह विद्यालय के कार्यालय कक्ष में उपस्थित शिक्षकों से मिले विद्यालय के संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। इसके विकास हेतु आवश्यक सहयोग का भी भरोसा दिया। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक संदीप सिंह, राम हरि महतो, मिथिलेश कुमार एवं अनूप कुमार मिश्र ने डाक्टर आजाद को अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने वहां रखे विजिटर रजिस्टर पर अपना मंतव्य भी लिखा। नेत्र शिविर में उनके आगमन पर वरिष्ठ समाजसेवी सह उधोगपति आलोक रंजन ने बुके देकर उनका स्वागत किया।नेत्र जांच शिविर में डाक्टर की टीम में डाक्टर पीएन कुलदीप, डाक्टर प्रोज्जवल भारद्वाज, मोहम्मद ताबिश, विशाल जायसवाल, चांदनी, गुंजन, साहेब एवं हिना शामिल थे। जो अपना सारा इक्विपमेंट साथ लेकर ही वहां पहुंचे थे। जांच के बाद रोगियों को उचित सलाह के साथ आवश्यक दवा भी मुफ्त दी गई। शिविर के पश्चात डाक्टर आजाद ने समाजसेवी आलोक रंजन के आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अपने क्षेत्र एवं गांव से जुड़े रहना उन्हें आत्मिक अनुभूति प्रदान करता है। इस शिविर का उद्देश्य जरूर मंद लोगों को नेत्र चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने संकेत दिए कि उनके पिता की इच्छा अनुसार वह सभी सुविधाओं से लैस एक बेहद ही अत्याधुनिक अस्पताल बनवाना चाहते हैं। जिस विषय पर कार्य योजना तैयार की जा रही है।शिविर के सफल संचालन में मुखिया अश्विनी कुमार मिश्र, पत्रकार सह ग्राम प्रधान प्रेम शंकर मिश्रा एवं राकेश रंजन,गुड्डू मिश्रा, अनुज ठाकुर, राकेश कुमार मिश्र, दीपक कुमार मिश्र, आनंद कुमार मिश्र बंटी, आशीष ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में मनोज कुमार झा, आलोक कुमार झा, देव कुमार मिश्र, अवधेश मिश्र, पूणानंद ठाकुर, कौशल किशोर मिश्र, बलराम मिश्र, सुभाष ठाकुर, अभय कुमार झा, सुधीर कुमार झा सहित अन्य थे।

पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने किया डेहरी व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण

डेढ़ वर्ष से बंद अधिवक्ता भवन का हुआ उद्घाटन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का न्यायालय शुरू करने की उठी मांग

समाज जागरण पारसनाथ दुबे



डेहरी, रोहतास। पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं रोहतास न्याय मंडल के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव कुमार राय ने शनिवार, 28 नवंबर 2026 को डेहरी व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर की साफ-सफाई, भवनों के रखरखाव, कार्यालयों की व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। साथ ही न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर न्यायालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि लगभग डेढ़ वर्ष से बंद पड़े अधिवक्ता भवन का उद्घाटन रहा। न्यायमूर्ति राजीव कुमार राय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार जैन तथा जिले के अन्य वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अधिवक्ता भवन का उद्घाटन किया। इससे अधिवक्ताओं में खुशी देखी गई। उद्घाटन के बाद अनुमंडल विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने न्यायमूर्ति के समक्ष डेहरी व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अवर न्यायाधीश (सब जज) का न्यायालय प्रारंभ कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर न्यायिक कार्यों के निष्पादन में सुविधा मिलेगी और लोगों को न्याय के लिए अन्यत्र जाने की परेशानी कम होगी।

पूर्व अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए वकालतखाना के विस्तार की भी मांग की। उन्होंने लॉयर्स भवन के ठीक पीछे स्थित खाली भूमि को वकालतखाना निर्माण के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि अधिवक्ताओं को बैठने और कार्य करने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके।

इस दौरान पारा विधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) के पारिश्रमिक और उनके कार्यकाल से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

कार्यक्रम में उमाशंकर पांडेय, संजय तिवारी, मुनमुन पांडेय, श्वेता पांडेय, महेंद्र पांडेय, अभय दुबे, कुश पांडेय, अंकिता कुमारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

नवीनगर के बभंडीह गांव में छापेमारी, 30 लीटर अवैध देशी शराब बरामद, तस्कर फरार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 30 लीटर अवैध देशी शराब बरामद किया है। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, माली थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बभंडीह गांव में अवैध रूप से देशी शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने गांव में छापेमारी की ।छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक ठिकाने से 30 लीटर देशी टनाका शराब बरामद किया। पुलिस को आने की भनक लगते ही तस्कर मौके से भाग निकला।पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है। फरार तस्कर की पहचान की जा रही है। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। शराब बनाने और बेचने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

पटना के फतुहा में एक्सेलसियर 3.0 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों में चमके खिलाड़ी, फाइनल में पहुंचीं कई टीमें

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), पटना ईस्ट में चल रही तीन दिवसीय अंतरविद्यालय खेल प्रतियोगिता 'एक्सेलसियर 3.0' के दूसरे दिन शनिवार को खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना और दमखम का परिचय दिया। मैदान पर पूरे दिन फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स की विभिन्न स्पधाओं में कड़े और रोमांचक मुकाबले खेले गए। नॉकआउट और सेमीफाइनल दौर के मुकाबलों में जीत दर्ज कर कई टीमों ने खिताबी मुकाबले यानी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। कबड्डी के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त जोश दिखा। लिटेरा पब्लिक स्कूल ने शानदार खेल दिखाते हुए डीपीएस पटना ईस्ट को 43-35 से मात दी। वहीं शिवम कॉन्वेंट ने लोरिस्तान विद्यालय को 38-11 के बड़े अंतर से हराया, जबकि एक अन्य मुकाबले में शिवम कॉन्वेंट ने वीणा विद्या निकेतन को 41-17 से पराजित कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। फुटबॉल के सेमीफाइनल मुकाबलों में भी दर्शकों को रोमांचक खेल देखने को मिला। डीपीएस पटना ईस्ट ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में त्रिभुवन विद्यालय को 2-1 से हराया। दूसरी ओर ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल ने एकतरफा अंदाज में लिटेरा वैली स्कूल को 4-0 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया।

बास्केटबॉल के बालिका वर्ग में गोविंदा इंटरनेशनल स्कूल ने ट्रिनिटी ग्लोबल को 19-6 से और संत जोसेफ जेठुली ने डीपीएस पटना ईस्ट को 28-4 से हराया। बालक वर्ग में गोविंदा इंटरनेशनल ने लिटेरा वैली को 25-6 से मात दी, जबकि ट्रिनिटी ग्लोबल और डीपीएस पटना ईस्ट के बीच हुए बेहद करीबी मुकाबले में ट्रिनिटी ग्लोबल ने 37-35 से बाजी मारी। वॉलीबॉल में मे फ्लावर स्कूल ने ट्रिनिटी ग्लोबल को सीधे सेटों में 25-15 और 25-20 से हराया, वहीं शिवम कॉन्वेंट ने डीपीएस पटना ईस्ट को 25-9 और 25-11 से पराजित किया। एथलेटिक्स की 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ और रिले रेस में डीपीएस पटना ईस्ट, लिटेरा वैली, ट्रिनिटी ग्लोबल व लिटेरा पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य संजय तिवारी ने कहा कि खेल हार-जीत से बढ़कर अनुशासन, टीम भावना और एकजुटता सिखाते हैं। प्रतियोगिता का समापन रविवार, 29 नवंबर को फाइनल मुकाबलों और पुरस्कार वितरण के साथ होगा।

पटना में बंद कमरे से मिला युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना स्थित रामपुर इलाके में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बंद कमरे से व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान रामबली प्रसाद के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामबली प्रसाद और उनकी पत्नी के बीच पिछले करीब दो महीनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उनकी पत्नी नाराज होकर गोपालगंज स्थित अपने मायके चली गई थीं और वहीं रह रही थीं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार से रामबली प्रसाद का फोन नहीं लग रहा था, जिससे पत्नी काफी चिंतित हो उठीं। बार-बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद जब कोई जवाब नहीं मिला, तो अनहोनी की आशंका से घबराई पत्नी शनिवार अहले सुबह करीब तीन बजे गोपालगंज से रामपुर पहुंचीं। जब वह घर पहुंचीं, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने और खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही खगौल थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपनी मौजूदगी में बंद कमरे का दरवाजा तुड़वाया।

कमरे के अंदर का दृश्य देख सभी लोग सन्न रह गए। कमरे में बोरा ओढ़े अवस्था में रामबली प्रसाद का शव पड़ा मिला। घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में वहां एकत्र हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास मौजूद लोगों से शुरूआती जानकारी जुटाई। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि बंद कमरे में शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया गया, जहां शव पड़ा मिला। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया है। पुलिस पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर किन परिस्थितियों में यह घटना हुई।

दरिगांव पुलिस ने बरामद किया गुम हुआ आईफोन-13

तकनीकी अनुसंधान से मिली सफलता, वास्तविक मालिक शिवा कुमार को सौंपा मोबाइल

समाज जागरण पारसनाथ दुबे

दरिगांव, रोहतास। दरिगांव थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर गुम हुए आईफोन-13 मोबाइल को बरामद करने में सफलता हासिल की है। बरामद मोबाइल उसके वास्तविक स्वामी शिवा कुमार को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, दरिगांव थाना अंतर्गत सनहा संख्या 460/26, दिनांक 7 अगस्त 2026 को मोबाइल गुम होने की सूचना दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान शुरू किया। इसके आधार पर गुम हुए एप्पल आईफोन-13 को बरामद कर लिया गया।

मोबाइल वापस मिलने पर शिवा कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए दरिगांव थाना पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

मारपीट कांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

डालमियानगर थाना पुलिस ने अमन अंसारी को दबोचा, आगे की कार्रवाई जारी

समाज जागरण पारसनाथ दुबे

डेहरी, रोहतास। डालमियानगर थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए कांड के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमन अंसारी, पिता मुतुर्जा अली, निवासी चूड़ी मार्केट, दुकान नंबर 82, थाना डालमियानगर, जिला रोहतास के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, इस मामले में डालमियानगर थाना कांड संख्या 92/26, दिनांक 10 सितंबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 109, 352, 351(2) एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की जांच के क्रम में पुलिस ने नामजद मुख्य आरोपित अमन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

पटना के बिक्रम में पड़ोस युवा संसद का भव्य आयोजन

युवाओं ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा मेरा युवा भारत (माई भारत) के तत्वावधान में शनिवार को बिक्रम प्रखंड स्थित मदनधारी बालिका विद्यालय में पड़ोस युवा संसद 2026-27 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की मुख्य थीम 'नशा मुक्त युवा' रखी गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राम ईश्वर पासवान, वरिष्ठ अतिथि भाजपा नेता अजय तिवारी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राम ईश्वर पासवान और भाजपा नेता अजय तिवारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की ऊर्जा, उनकी प्रतिभा और सकारात्मक सोच की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अतिथियों ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर समाज और देश के विकास में रचनात्मक योगदान देना चाहिए। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ परिवार, मोहल्ले और आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की।

अध्यक्षीय संबोधन में प्रभारी प्रधानाध्यापक कन्हैया लाल ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति समझ विकसित करने में काफी सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यालय परिसर में इस सार्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पैक्स अध्यक्ष रितेश कुमार और नवनील कुमार मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने भी युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार, विकास कुमार, मनु कुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन बिक्रम प्रखंड के युवा वॉलेंटियर ताराकांत तिवारी ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

पटना के बिक्रम में संविधान दिवस पर शिक्षकों को पौधा भेंट कर किया गया सम्मानित

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिक्रम प्रखंड अंतर्गत नगहर गांव स्थित विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुजीत कुमार उमा ने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस पहल के माध्यम से जहां एक ओर गुरुजनों के प्रति आदर भाव प्रकट किया गया, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण और हरित समाज के निर्माण का भी सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुजीत कुमार उमा ने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों को समाज के हर वर्ग और प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुजीत कुमार ने जोर देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में अहम कड़ी हैं और नई पीढ़ी में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों तथा नैतिक जिम्मेदारियों के विकास में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना वास्तव में शिक्षा, ज्ञान और सामाजिक चेतना का सम्मान करना है। पौधा भेंट करने के पीछे का उद्देश्य केवल औपचारिक सम्मान प्रकट करना ही नहीं, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए प्रेरित करना भी है। इस अवसर पर मौजूद विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, शिक्षक अविनाश सहित अन्य शिक्षकों ने इस अनूठी पहल की जमकर सराहना की और संविधान के आदर्शों को अपने जीवन तथा शिक्षण कार्य में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बिहार के जाने-माने फिल्म निर्देशक रितेश परमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही पटना रेडियो स्टेशन के उद्घोषक नवीन कुमार, रंगकर्मी उदय सागर, रंगकर्मी आदर्श कुमार और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने कार्यक्रम के महत्व को सराहा तथा ऐसे सार्थक आयोजन के लिए सुजीत कुमार उमा का आभार जताया।

50 हजार का इनामी अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

समाज जागरण पारसनाथ दुबे

डेहरी, रोहतास। रोहतास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित छापामारी दल ने यह सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अपराधी की पहचान धनजी कुमार उर्फ धनजी पासी उर्फ पप्पू उर्फ टिकरा के रूप में हुई है। वह दरिगांव थाना कांड संख्या 201/2026 में वांछित था। इसके अलावा वह बड़डी थाना कांड संख्या 163/25 (डकैती) एवं 456/23 (हत्या) में 50 हजार रुपये का इनामी था।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, एक एकनाली बंदूक, चार जिंदा कारतूस, तीन खोखा और दो मोबाइल बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अपराधी के विरुद्ध रोहतास जिले के विभिन्न थानों में हत्या, शस्त्र अधिनियम, डकैती, मारपीट और चोरी सहित कुल छह गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में इंटर-हाउस प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण





सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में शनिवार को इंटर-हाउस सोलो सॉन्ग, सोलो डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक एवं हिंदी की प्रख्यात कवयित्री श्रीमती सुमन सिंह जी रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक की भूमिका भी निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन सिंह जी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ।

ग्रामीण परिवेश में स्थित विद्यालय के विद्यार्थियों का इन प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह और उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देखकर उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यार्थियों ने अपनी गायन कला, नृत्य कौशल और आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रत्येक प्रस्तुति अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर नजर आई। बच्चों की प्रतिभा और प्रस्तुतियों का स्तर इतना शानदार था कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन करना निर्णायक मंडल के लिए भी चुनौतीपूर्ण रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। आज विद्यालय स्तर पर उभरने वाली प्रतिभाएं भविष्य में कॉलेज, प्रदेश, देश और विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर सकती हैं। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ए. एन. उपाध्याय ने मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन सिंह जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गैर-शैक्षणिक गतिविधियां भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं, जो बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। प्रधानाचार्य ने अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट करते हुए विशेष रूप से सीसीए (Co-Curricular Activities) कमेटी के सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानने, निखारने और उन्हें जीवन के हर मंच के लिए तैयार करने का नाम है।

संविधान आत्मसम्मान की जननी है- फादर पी० विक्टर

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण



हार्टमन इंटर कॉलेज में ऐतिहासिक संविधान दिवस मनाया गया। इस पावन दिवस पर एक लघु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ अध्यापक प्रवीन कुमार के संविधान की प्रस्तावना से हुआ। तत्पश्चात संविधान की रचना में अपने महान भूमिका निभाने वाले महान विभूतियों के चित्रों पर विद्यालय के प्रबंधक फादर पी० विक्टर, मुख्य अतिथि सिस्टर आश्रिता, हार्टमनपुर कॉन्वेंट की सुपीरियर , सिस्टर सेरिना तथा अध्यापकों द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हाथ में तिरंगा लिए नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा "मेरा जूता है जापानी....." गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। इसी क्रम में छठी एवं सातवीं कक्षा की बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत तथा प्राइमरी प्रभाग के बच्चों द्वारा कविता एवं देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराया गया जिसमें चारों हाउस के नौवीं से बारहवीं कक्षाओ के चार- चार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें स्वतंत्रता सेनानीयों जैसे झांसी की रानी, सावित्रीबाई फुले, लाल बहादुर शास्त्री, सुभाष चंद्र बोस ,मंगल पांडे, भगत सिंह , भींमाबाई होलकर, महात्मा गांधी और रानी दुर्गावती के किरदार का मंचन करते हुए अपने प्रतिभा का हुनर दिखाया। सभी किरदारो के परिधानों से वास्तविकता झलक रहा था।इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल सिस्टर आश्रिता ,सिस्टम सेरिना एवं वरिष्ठ अध्यापक श्री श्रीराम द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन स्वयं फादर पी० विक्टर जी द्वारा प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को टोकन प्रदान कर किया गया। तत्पश्चात फादर पी विक्टर की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी आयोजित किया गया जिसमें सीनियर कक्षाओं के वक्ताओं छात्र राजकमल कुशवाहा और अमित कुशवाहा एवं छात्रा पूजा गुप्ता ने संविधान के मूल सार, शिक्षा का अधिकार, अभिव्यक्ति के अधिकार ,काम और भोजन का अधिकार आदि बिंदुओं पर विस्तार से अपनी बातों को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। अंत में फादर पी० विक्टर ने सभी को संविधान दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संविधान एक पवित्र ग्रंथ है जिसको बनाने में बहुत सारे महान व्यक्तियों के योगदान है। संविधान आत्मविश्वास एवं सम्मान की जननी है।जब हम इसे जानेंगे तभी मालूम होगा कि इसमें क्या-क्या चीजे हैं नहीं तो हम अनपढ़ एवं अशिक्षित हैं। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के पास पवित्र ग्रंथ संविधान होना चाहिए एवं उसका सबको अध्ययन करना चाहिए। हर भारत के नागरिक की पहचान है हमारा संविधान। न्याय एवं शांति का स्रोत है हमारा संविधान। गरीब और बेसहारा लोगों का रक्षक है हमारा संविधान। जब हम इसे जानेंगे तो उनकी सेवा एवं रक्षा करेंगे।

कार्यक्रम का समापन खीर वितरित कर किया गया।

सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज गाजीपुर में लैंप लाइटिंग, ओथ टेकिंग सेरिमनी, फ्रेशर पार्टी एवं फेयरवेल का भव्य आयोजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण





सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अंतर्गत सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा लैंप लाइटिंग ओथ टेकिंग सेरिमनी, फ्रेशर पार्टी एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया । इस उत्कृष्ट कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चीफ मेनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर आनंद सिंह जी एवं मैनेजेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर सानंद सिंह जी ने फीता काट कर किये। तत्पश्चात सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के सभागार में प्रवेश कर मां सरस्वती एवं फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर आशीर्वाद प्राप्त किये। इसी क्रम में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को बुके एवं मोमेंटो भेंट कर सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य राजकुमार त्यागी द्वारा स्वागत किया गया। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेज के काउंसलर श्री दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज के रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी , सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर सुनील सिंह,सत्यदेव कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्रिंसिपल डॉक्टर तेज प्रताप सिंह, सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रसेन तिवारी, सत्यदेव पॉलिटेक्निक के इंचार्ज बरमेश्वर जी को मोमेंटो एवं बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुआ तथा बहुत ही शानदार तरीके से टेकिंग सेरिमनी की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रोफेसर आनंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रोफेसर सानंद सिंह ने सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर नर्सिंग में शपथ का मतलब समझाया । नर्सिंग प्रोफेशन में जो शपथ दी जाती है वहां किसी जाति का हो या किसी धर्म का हो सभी के साथ समानता का अधिकार रखें किसी के साथ भेदभाव ना करें यह मानवता का भाव होना चाहिए। यह शपथ दिलाया गया की नर्सिंग एक ऐसा प्रोफेशन है जिसमें किसी भी समय किसी भी धर्म का एवं जाति का पेशेंट आ सकता है उनके साथ कोई भेदभाव ना करें और उनका अच्छे से हेल्थ केयर प्रदान करें और उनका अच्छे से ध्यान रखें। समय पर खाना समय पर मेडिसिंस और उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखें ।

सत्यदेव नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल श्री राजकुमार त्यागी के द्वारा इस भव्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए सत्यदेव कॉलेज के सभी बच्चों को अपने आशीर्वाद के रूप में कहां की किसी स्कूल कॉलेज या यूनिवर्सिटी में कोई विदाई पार्टी एवं फ्रेशर पार्टी वेलकम पार्टी का आयोजन एक संस्कृति बन गई है। शिक्षण संस्थान से हमें हमेशा कुछ सीखना है आज की यह फ्रेशर पार्टी भी हमारे लिए एक लर्निंग है। इसमें हम एक दूसरे से परिचित हो रहे हैं कविता गीत डांस शायरी जैसी शानदार प्रस्तुति से बच्चों की विदाई का खुशनुमा वातावरण बनाया जाता है। उन्होंने फ्रेशर विद्यार्थियों स्वागत करते हुए कहा कि आपके लिए इस महाविद्यालय का वातावरण बहुत अच्छा रहेगा । आप एक लक्ष्य के साथ अपनी कॉलेज लाइफ की शुरूआत करें लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो स्टूडेंट हमेशा प्रेशर ही रहता है क्योंकि हर दिन वह नया सोचता है नहीं सोच नई उमंग नया माहौल ऐसे स्टूडेंट का हमेशा वेलकम करता हूं।

उसके बाद सीनियर स्टूडेंट का 4 साल का एक्सपीरियंस अपने जूनियर के साथ शेयर किया गया जिसमें बताया गया है कि सबसे पहले हम पांच पांडव थे और पांच पांडव किसी भूतिया वाली क्लास में बैठा करते थे क्योंकि पूरी बिल्डिंग में कोई नहीं था सिर्फ पांच बच्चे और दो टीचर रहते थे जिसके कारण पूरी नर्सिंग बिल्डिंग में कोई नहीं बैठता था जब गर्मी की हवा चलती थी वहां से आवाज आती थी सिर्फ एक ही क्लास थी जो 2022 में नर्सिंग स्टार्ट हुआ था जिसे पांडव कहा गया है कुछ समय पश्चात हमें प्रिंसिपल राजकुमार त्यागी मिले उसके पश्चात हमारी पढ़ाई लगातार चलती रही ।

इस अवसर पर सत्यदेव हॉस्पिटल के चिकित्साधिकारी डॉक्टर विशाल आर पुरोहित जी समस्त प्राचार्यगण, प्रमिला अधिकारी,अरुण कुमार, मनीषा यादव, मनीषा चौहान, सुनंदा पामिनी, शनि मौर्य, निधि जायसवाल, अंशिका राय, अंशिका जायसवाल, वैशाली वर्मा, रुचि यादव,अश्विनी प्रजापति, समेत सभी शिक्षक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण तथा समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन शिवम उपाध्याय, संजना, रानू सावित्रा तथा सुनीता राय ने किया।

ग्राम प्रधान ने चार टीबी मरीजों को लिया गोद, वितरित की पोषण पोटली

समाज जागरण संवाददाता



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एन. सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अतुल कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग एवं स्वर्ग संस्था की रळएढ परियोजना के संयुक्त प्रयासों से ग्राम पंचायतों में टीबी उन्मूलन हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत नटौली में ग्राम प्रधान श्री सुषेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में टीबी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने स्वयं चार टीबी मरीजों को निक्षय मित्र के रूप में गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की तथा अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क जांच कराएं तथा टीबी मरीजों के प्रति भेदभाव के बजाय सहयोग और सम्मान का व्यवहार अपनाएं स्वर्ग संस्था की रळएढ परियोजना से गायत्री तिवारी ने टीबी के लक्षण, निःशुल्क जांच एवं उपचार तथा निक्षय पोषण सहायता सहित सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी रीता सिंह ने सभी ग्राम प्रधानों से अपनी-अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में टीबी यूनिट के स्वास्थ्यकर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी एवं विभागीय समन्वय से टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला बदर होने के बावजूद घर में रह रहा युवक गिरफ्तार

विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता



नगराम, लखनऊ। जिला बदर किए जाने के बावजूद अपने ही घर में रह रहे एक युवक को नगराम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर क्षेत्र में निवास करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है।पुलिस के मुताबिक, नगराम थाना क्षेत्र के देवती गाँव के निवासी तुलसी पुत्र देवीदीन को बीते 10 जून को न्यायालय की ओर से छह माह के लिए जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह जिला बदर आदेश का पालन करने के बजाय अपने गांव स्थित घर में ही रह रहा था।शनिवार को एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी नगराम अंजनी कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में नगराम थाने में धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तुलसी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ नगराम थाने में चोरी और नकबजनी से संबंधित भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत भी उसके खिलाफ पूर्व में मुकदमा दर्ज हो चुका है।थाना प्रभारी नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। न्यायालय के आदेश के बावजूद यदि कोई जिला बदर व्यक्ति क्षेत्र में निवास करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

थाना समाधान दिवस में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को निगोहां थाना परिसर में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। डीसीपी मो० मुश्ताक के निर्देशन में आयोजित समाधान दिवस में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखा। इनमें मुख्य रूप से जमीन से जुड़े विवाद और अन्य स्थानीय समस्याएं शामिल रहीं। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पक्षों से जानकारी प्राप्त की और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।समाधान दिवस में कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली। वहीं, जमीन से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्रीय लेखपालों को सौंपा गया और स्थलीय जांच कर निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।थाना प्रभारी ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक मामले का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए उन्हें अनावश्यक रूप से थाने और तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

पुलिस प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्राथमिकता है। थाना समाधान दिवस के माध्यम से पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों के समन्वय से शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

वरिष्ठ पत्रकार करुणा शंकर दीक्षित बने राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के संरक्षक

जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्रा ने फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सौंपी जिम्मेदारी

विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता



पीजीआई, लखनऊ। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (पंजीकृत) की जिला इकाई ने वरिष्ठ पत्रकार करुणा शंकर दीक्षित को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया है। एकता नगर स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्रा ने उन्हें फूलमाला पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर नई जिम्मेदारी सौंपी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार मिश्रा ने कहा कि करुणा शंकर दीक्षित का लंबा पत्रकारिता अनुभव और मार्गदर्शन संगठन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उनके संगठन से जुड़ने से परिषद को मजबूती मिलेगी। साथ ही पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में सहयोग मिलेगा।

नवनियुक्त संरक्षक करुणा शंकर दीक्षित ने कहा कि पत्रकारिता समाज को जागरूक करने और जनहित के मुद्दों को सामने लाने का सशक्त माध्यम है। पत्रकारों के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के लिए एकजुट होकर प्रयास करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने और परिषद को मजबूत बनाने में हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गौरव शुक्ला, जिला संगठन महामंत्री विनीत कुमार मिश्रा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

गांव-गांव तक पीडीए स्वाभिमान अभियान पहुंचाने पर जोर

निगोहां जोन में सपा नेताओं की बैठक, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने की बनी रणनीति

समाज जागरण संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के पीडीए स्वाभिमान अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को निगोहां जोन में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर संगठनात्मक चर्चा की गई। इस दौरान जोन प्रभारी अमरेन्द्र यादव और जिला पंचायत सदस्य एवं समाजवादी पार्टी के मोहनलालगंज ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव ने विभिन्न गांवों के नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की।

बैठक में पीडीए स्वाभिमान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लोगों को अभियान से जोड़ने के साथ उनकी समस्याओं को सुनना और उनके हक एवं सम्मान की आवाज उठाना जरूरी है। इसके साथ ही संगठन की मजबूती के लिए पीडीए स्वाभिमान ऐप से जुड़ने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियां बूथ स्तर पर करने और अभियान को गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर सहमति बनी। मौजूद नेताओं एवं पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और अभियान को सफल बनाने में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर राहुल गुप्ता, डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा, राम स्नेही यादव, बबलू यादव, विनोद चौरसिया, डॉ. राम नारायण रावत, जितेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, अनिल कुमार यादव, विपिन यादव और रहमत अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खादी और अवध की संस्कृति के रंगों से सजा फैशन शो

समाज जागरण



लखनऊ, 28 नवंबर। गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में आयोजित आर्टिजन्स ऑफ अवध-आर्ट एंड कल्चर एक्सपो 2026 के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय कला, संस्कृति, वस्त्र परंपरा और हस्तशिल्प की अनूठी झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नम्रता पाठक ने महिला कलाकारों और उद्यमियों के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में वाओ टॉक्स और खादी एवं भारतीय सांस्कृतिक परिधान फैशन शो विशेष आकर्षण रहे। तीन चरणों में आयोजित फैशन शो में खादी की पारंपरिक विरासत, आधुनिक परिधान शैली और अवध की शाही वस्त्र संस्कृति को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जरदोजी की कारीगरी, बनारसी साड़ियां, लहंगे और शेरवानियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

विद्युत सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

समाज जागरण संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार को विद्युत सुरक्षा को लेकर विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों के सही इस्तेमाल और उनके रखरखाव की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को बताया गया कि विद्युत कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का निर्धारित तरीके से उपयोग करना बेहद जरूरी है। सुरक्षा नियमों का पालन और उपकरणों की उचित देखभाल कर कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। अधिकारियों ने कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने के प्रति जागरूक किया।इस मौके पर सहायक अभियंता 11 केवी एवं एलटी सौरभ मौर्या, अवर अभियंता विजय कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार (टीजी-2), संजय मौर्य, दिलीप बाजपेई और मनोज कुमार मिश्रा सहित विद्युत विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों ने विद्युत सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए कार्य करने का संकल्प लिया।